
राष्ट्रीय दैनिक

हर खबर की खबर



# प्रातः किरण



नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

03 क्या मोदी सरकार इतनी कंगाल हो गई है.....

लियोन मेसी से रोनाल्डो तक इन दिग्गज.... 11

वर्ष : 17 | अंक : 40 | नई दिल्ली, गुरूवार, 04 जून , 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## दिल्ली के होटल में भीषण अग्निकांड: मालवीय नगर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में 21 लोगों की दर्दनाक मौत

प्रात: किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में आज सुबह एक होटल में लगी भीषण आग ने 21 लोगों की जान ले ली। आग सुबह लगभग 9:30 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण भड़की, जो देखते ही देखते पूरे होटल में फैल गई। इमारत की संकरी सीढ़ियों और खराब वेंटिलेशन के कारण अंदर मौजूद लोग बाहर नहीं निकल पाए। फायर ब्रिगेड और पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 35 से अधिक





लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, लेकिन इमारत की बनावट ने बचाव अभियान में बड़ी बाधा खड़ी कर दी। जांच में सामने आया है कि होटल प्रबंधन ने नियमों को ताक पर रखकर बड़ा खेल किया था। आधिकारिक रूप से होटल में केवल छह कमरों की अनुमति थी, लेकिन प्रबंधक ने बिना सुरक्षा मानकों के 25 कमरे बना रखे थे, जिनमें बेसमेंट में बने कमरे भी शामिल थे। वेंटिलेशन के अभाव और केवल एक सीढ़ी व लिफ्ट होने के कारण अंदर धुआं भर गया, जिससे घुटन और गर्मी से लोगों की जान गई। इमारत का दमघोंटू डिजाइन ही त्रासदी का मुख्य कारण बना। इस दुखद हादसे में मरने वालों में अधिकतर विदेशी नागरिक शामिल हैं, जो पास के ही एक बड़े अस्पताल में इलाज कराने के लिए वहां रुके थे। मृतकों के शव बुरी तरह जल जाने के कारण उनकी पहचान करना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। प्रशासन ने अब इस मामले में कड़ी जांच के आदेश दिए हैं, ताकि भविष्य में ऐसे जानलेवा हादसों को रोका जा सके और नियमों का उल्लंघन करने वाले होटल संचालकों पर कार्रवाई की जा सके।

## आदिवासियों के समग्र विकास के लिए उनके पास जाकर उनकी समस्याओं को समझना होगा: मुर्मु


प्रात: किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को कहा कि जनजातियों के समग्र विकास और सरकार की योजनायें उन तक सुचारु रूप से पहुंचाने के लिए अधिकारियों को उनके पास जाकर उनकी समस्याओं को समझना होगा। श्रीमती मुर्मु ने यहां एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी (आईटीडीए) और एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना (आईटीडीपी) से जुड़े अधिकारियों के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कहा कि अधिकारी गांव-गांव जाकर आदिवासियों से मिलें और उनके साथ घुल-मिलकर उनकी समस्याओं को समझें, तभी वे वास्तविकताओं से अवगत हो सकेंगे। इसके बाद ही आदिवासियों के समग्र विकास की योजनायें शासन स्तर पर बनाई जा सकेंगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी खुलकर अपनी दिक्कतें और समस्याओं लोगों से बताते नहीं हैं। उनके साथ घुल-मिलकर ही उनकी दुश्वारियां समझी जा सकती हैं। उन्होंने आदिवासियों को शिक्षा और उचित पोषण की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए तन-मन से योगदान देने का अधिकारियों से आह्वान किया।



उन्होंने कहा कि आदिवासी बहुत आत्मसम्मान से जीते हैं, उनके पास धन नहीं होगा, उनके पास खाने को कुछ नहीं होगा लेकिन वे आत्मसम्मान से समझौता नहीं करेंगे। वे हमेशा चाहते हैं कि उनके आत्मसम्मान पर कोई आंच न आये। इसलिए उनके पास जाकर और उनसे घुल-मिलकर ही उनकी दिक्कतें समझी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक गर्भवती आदिवासी महिला को उचित पोषण मिले। हर आदिवासी बालक-बालिका को स्कूल जाने की सुविधाएं मिलें और प्रत्येक आदिवासी को गरिमा के साथ आजीविका प्राप्त हो। राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी अपनी संस्कृति को लेकर बहुत संवेदनशील रहते हैं, अतः विकास योजनायें बनाते समय यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि उनकी संस्कृति के साथ कोई समझौता न हो। उन्होंने कहा कि आदिवासियों में बहुत खेल प्रतिभायें हैं, जरूरत उन्हें प्रोत्साहन देकर आगे लाने की है। कई खेल प्रतियोगिताओं से यह साबित भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर ही किसी समुदाय का विकास किया जा सकता है। देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आदिवासियों का समग्र विकास जरूरी है, जिसके लिए अधिकारी समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करने में अपना योगदान दें। श्रीमती मुर्मु ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सम्मेलन में जो सुझाव आयेंगे और इसका जो भी निष्कर्ष निकलेगा, वह आदिवासियों के विकास में बहुत सहायक होगा। इस सम्मेलन का आयोजन केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से किया गया है।

## भारत नेपाल के साथ साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक: मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत नेपाल के नये नेतृत्व के साथ मिलकर दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही साझेदारी को और मजबूत बनाने की दिशा में काम करने को लेकर उत्सुक है। नेपाल की सत्तारूढ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने बुधवार को यहां श्री मोदी से मुलाकात की। बातचीत के बाद श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने कहा, ह्वनेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। एक साझा और समृद्ध भविष्य के लिए मिलकर काम करने की उनकी इच्छा का मैं स्वागत करता हूँ और पूरी तरह से इसका समर्थन करता हूँ। नेपाल को भारत की ओर से दी जाने वाली अहमियत को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, नेपाल हमारी पड़ोसी पहले नीति के तहत एक प्राथमिकता वाला भागीदार है और हम वहां की नई सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं, ताकि हमारे दोनों देशों के बीच विशेष और बहुआयामी संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके। इससे पहले श्री लामिछाने ने मंगलवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। गौरतलब है कि श्री लामिछाने के नेतृत्व में नेपाल का एक प्रतिनिधिमंडल पांच दिवसीय दौरे पर भारत आया हुआ है। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब भारत और नेपाल आपसी सम्पर्क, ऊर्जा, व्यापार, बुनियादी ढांचे और लोगों के बीच आपसी मेलजोल जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। भारत और नेपाल के बीच गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध हैं।दोनों पड़ोसी देशों के बीच खुली सीमा और घनिष्ठ सभ्यतागत संबंधों के कारण इस रिश्ते को अक्सर अद्वितीय बताया जाता है। आरएसपी नेपाल में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरी है, जो वहां राजनीतिक सुधार और सुशासन-केंद्रित राजनीति की बढ़ती मांग को दशार्ती है। श्री मोदी की टिप्पणियों को नेपाल के बदलते राजनीतिक नेतृत्व के साथ जुड़ने और द्विपक्षीय सहयोग की गति को बनाए रखने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है। भारत ने पड़ोसी पहले नीति के तहत अपनी क्षेत्रीय पहुंच के केंद्र में लगातार नेपाल को रखा है। इस नीति का उद्देश्य विकास सहायता, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और बढ़े हुए आर्थिक एकीकरण के माध्यम से दक्षिण एशियाई भागीदारों के साथ संबंधों को मजबूत करना है।

## ममता की टीएमसी टूटी, 58 विधायकों ने अलग गुट बनाया



प्रात: किरण, एजेंसी

ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी ) का 28 साल के इतिहास में पहली बार औपचारिक तौर पर विभाजन हो गया। बुधवार को 58 बागी विधायकों ने पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी को अपना नेता चुना। विधानसभा स्पीकर रथींद्र बोस को समर्थन पत्र सौंपा। इसमें मांग की गई कि ऋतब्रत को नेता विपक्ष घोषित किया जाए। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, स्पीकर ने मंजूरी दे दी है। उन्हें विधानसभा में नेता विपक्ष का रूम भी अलॉट कर दिया गया है। जावेद खान, संदीपन साहा और सिउली साहा को उपनेता जबकि अखरुज्जमान को चीफ व्हिप बनाया गया है। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम पर अभी विधानसभा स्पीकर और ममता बनर्जी का कोई बयान नहीं आया है। ममता के पास अब 22 विधायकों का समर्थन है। टीएमसी ने 294 सीटों में से 80 सीटें जीती थीं। इसी बीच सीनीयर लीडर कुणाल घोष ने बताया कि टीएमसी विधायक फिरहाद हकीम ने कोलकाता के मेयर पद से इस्तीफा दे दिया है। यह विवाद उस समय शुरू हुआ, जब नेता विपक्ष चुनने के प्रस्ताव पर फर्जी साइन का आरोप लगाने के बाद ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से बाहर कर दिया गया था। - अभिषेक बनर्जी से हमारी पार्टी और जनता का दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है। अगर संबंध होता तो वे 26 दिनों तक छिपे नहीं रहते बल्कि बाहर आते। अभिषेक को चोरों की तरह पीटा गया है। पिटाई के बाद भी अभिषेक कह रहे थे कि उनकी सुरक्षा जनता करेगी। बता दें कि अभिषेक से दक्षिण सोनारपुर में शनिवार को मारपीट हुई थी। वे चुनावी हिंसा में मारे गए कार्यकर्ता के परिवार से मिलने गए थे।

## सीएम रेखा गुप्ता ने नागरिकों से किया सीधा संवाद, समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

प्रात: किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों से सीधे संवाद किया। मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याओं, शिकायतों और सुझावों को गंभीरता से सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक और प्रशासनिक समस्याओं को लेकर जन सेवा सदन पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मामलों के तुरंत और प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल शिकायत दर्ज कराने का माध्यम नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास, संवाद और जवाबदेही को मजबूत करने का अहम मंच है। जन सुनवाई के दौरान नागरिकों ने दिल्ली नगर निगम, पुलिस, शिक्षा, सामाजिक कल्याण, राजस्व और अन्य विभागों से संबंधित विभिन्न समस्याएं



मुख्यमंत्री के सामने रखी गईं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामलों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एक मामले में नगर निगम से जुड़ी समस्या लेकर आए नागरिकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों की प्राथमिकता के आधार पर समीक्षा कर उचित समाधान सुनिश्चित किया जाए। वहीं, शिक्षा से संबंधित विषय लेकर पहुंची एक महिला ने अपने बच्चों की पढ़ाई में आ रही कठिनाइयों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया, जिस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार एक महिला ने बैंकिंग और पारिवारिक विवाद से जुड़े मामले में अपनी समस्या मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कानूनी एवं प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक नागरिक तक शासन का लाभ प्रभावी रूप से पहुंचे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार अंत्योदय की भावना के साथ कार्य करते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक राहत, सुविधा और न्याय पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त सुझाव और शिकायतें सरकार के लिए महत्वपूर्ण फीडबैक का कार्य करती हैं। इनसे न केवल व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान होता है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार के अवसर भी प्राप्त होते हैं।

## चुनाव आयोग के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मीडिया की भूमिका और चुनावी नवाचारों पर वैश्विक मंथन

नई दिल्ली। नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन बुधवार को शुरू हुआ। इस सम्मेलन में चुनावी प्रक्रियाओं और अभियानों में मीडिया की भूमिका से जुड़ी वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचारों पर चर्चा की जाएगी। इस सम्मेलन का उद्देश्य चुनाव प्रबंधन में मीडिया के उपयोग, चुनौतियों और अंतरराष्ट्रीय अनुभवों को साझा करना और बेहतर मानकों को विकसित करना है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग 100 करोड़ से अधिक मतदाताओं तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) सहित जमीनी स्तर के चुनावी कार्यकताओं को नियमित प्रशिक्षण प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हाल के राज्य विधानसभा चुनावों में मतदाताओं की रिकॉर्ड भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। इस सम्मेलन में 480 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ), निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), विषय विशेषज्ञ, शिक्षाविद, शोधकर्ता और चुनावी साक्षरता क्लब (ईएलसी) के सदस्य शामिल हैं।

## चार राज्यों में 24 हजार करोड़ की प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी

प्रात: किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सड़क संपर्क, तटीय संपर्क और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना और बिहार में महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। लगभग 24 हजार करोड़ की इन परियोजनाओं से यातायात सुगम होगा और औद्योगिक तथा पर्यटन गतिविधियों को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की। केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में इन फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में एनएच-347बी के हिवारखेड़ी-रोशनी-आशापुर-रुधी खंड में मौजूदा मध्यवर्ती लेन को पक्के शोल्डर मानक के साथ दो लेन में अपग्रेड किया जाएगा। इसके अलावा देशगांव-जुलवानिया खंड में मौजूदा दो लेन मार्ग को चार लेन तक चौड़ा किया जाएगा। 233.653 किमी की इस परियोजना पर 4415.60 करोड़ रुपये का खर्च होने का अनुमान है। परियोजना के तहत खरगोन तक 16.20 किमी का ग्रीनफिल्ड बायपास भी निर्मित किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने ओडिशा में रामेश्वर से पारादीप तक 163.18 किलोमीटर लंबी नई तटीय राजमार्ग परियोजना को भी मंजूरी दी है। इस परियोजना की कुल लागत 8,300.79 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। इसके निर्माण से तटीय क्षेत्रों में संपर्क बेहतर होगा तथा बंदरगाह आधारित आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। इस परियोजना से 9 आर्थिक और 5 रसद केंद्रों को जोड़ेगा। इससे रामेश्वरम और पारादीप के बीच यात्रा समय में ढाई घंटे की कमी आएगी। तेलंगाना में एनएच-63 के आर्मूर-जगतियाल-मंचरियाल खंड तथा एनएच-563 के जगतियाल-करीमनगर खंड को चार लेन मानक तक विकसित किया जाएगा। 190.76 किलोमीटर लंबी इस परियोजना पर 7,597.16 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इससे राज्य के उत्तरी और मध्य क्षेत्रों में यातायात क्षमता बढ़ेगी तथा माल परिवहन अधिक सुगम होगा। परियोजना से आर्मूर से मंचेरियल के बीच यात्रा समय में डेढ घंटा और जगतियाल से करीमनगर के बीच लगभग 45 मिनट की कमी आएगी। इसके अलावा बिहार में एनएच-31 और एनएच-231 के खगड़िया-पूर्णिया खंड को टोल आधारित बीओटी मॉडल पर चार लेन मानक में अपग्रेड करने को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 3,936.05 करोड़ रुपये है। इससे उत्तर-पूर्वी बिहार में सड़क संपर्क मजबूत होगा और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी। परियोजना के तहत पूर्णिया शहर तक ग्रीनफिल्ड बायपास निर्मित किया जाएगा। इससे 5 आर्थिक और 11 रसद केंद्र आपस में जुड़ेंगे।

**शपथ ग्रहण** उन्होंने संविधान की प्रति हाथ में लेकर पद और गोपनीयता की शपथ ली तथा वीर गंगाधर अज्जा का स्मरण किया...

## कर्नाटक के 25वें मुख्यमंत्री बने डीके शिवकुमार, भव्य समारोह में ली शपथ

प्रात: किरण, एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने बुधवार को राज्य के 25वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। बेंगलुरु स्थित लोक भवन परिसर के ग्लास हाउस में आयोजित भव्य समारोह में राज्यपाल थावरचंद्र गहलोत ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। समर्थकों के नारों के बीच डी.के. शिवकुमार मंच पर पहुंचे और सबसे पहले अपने आध्यात्मिक गुरु माने जाने वाले श्री वीर गंगाधर स्वामीजी (अज्जैया) के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद, उन्होंने संविधान की प्रति हाथ में लेकर पद और गोपनीयता की शपथ ली तथा वीर गंगाधर अज्जा का स्मरण किया। शपथ ग्रहण समारोह की शुरूआत वंदे मातरम के साथ हुई। इसके बाद कर्नाटक राज्य



पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया और राज्य गीत भी बजाया गया। कर्नाटक सरकार की मुख्य सचिव शालिनी रजनीश ने समारोह में उपस्थित अतिथियों और गणमान्य लोगों का स्वागत



किया। औपचारिक कार्यक्रम शुरू होने से पहले शिवकुमार ने निवर्तमान मुख्यमंत्री सिद्दारमैया को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह में कई प्रमुख राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय नेता मौजूद रहे। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और रणदीप सिंह सुरजेवाला सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य सचिव शालिनी रजनीश ने राज्यपाल थावरचंद गहलोत से शपथ ग्रहण समारोह शुरू करने की अनुमति मांगी। राज्यपाल की स्वीकृति के बाद शपथ ग्रहण की औपचारिक प्रक्रिया शुरू हुई। इस समारोह के साथ ही कर्नाटक की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरूआत हुई और डी.के. शिवकुमार ने राज्य की कमान औपचारिक रूप से संभाल ली। समारोह में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, समर्थक, संवैधानिक पदाधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### मौसम

अधिकतम तापमान 44.0°C

न्यूनतम तापमान 29.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 35% |
| नहीं | 55% |
| कह नहीं सकते | 10% |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 1,59,020 |
| चांदी | 2,65,600 |
| सेंसेक्स | 74,346.17 |
| निफ्टी | 23,405 |

### संक्षिप्त खबरें

#### एक ही कार से कैबिनेट बैठक में पहुंचे

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संघर्ष के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोलियम उत्पादों की बचत की अपील पर बुधवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल और केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी किशन रेड्डी एक ही कार से (कार पूलिंग करके) कैबिनेट बैठक में पहुंचे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सीआर पाटिल, जी किशन रेड्डी और उन्होंने कार पूलिंग करके यात्रा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश से अनावश्यक पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने का आह्वान किया है और इस पर देशभर में अमल किया जा रहा है। मंत्रिमंडल के सहयोगी होने के नाते उन्होंने भी कार पूलिंग का निर्णय लिया। चौहान ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में यह आवश्यक है कि पेट्रोल और डीजल की अनावश्यक खपत को कम किया जाए। जितना संभव हो सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना चाहिए और ऊर्जा बचत के उपायों को अपनाना चाहिए।

#### सीबीएसई री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर नए पेमेंट गेटवे, 40 हजार से ज्यादा छात्रों ने किया आवेदन

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों के बाद अंक सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन (री-इवैल्यूएशन) प्रक्रिया को लेकर छात्रों और अभिभावकों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी जारी की है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन पोर्टल पर भुगतान की सुविधा के लिए चार सरकारी बैंकों के पेमेंट गेटवे उपलब्ध करा दिए गए हैं। यह व्यवस्था सुचारू रूप से उपलब्ध है। बोर्ड के मुताबिक, हजारों छात्र बिना किसी परेशानी के अपनी आवेदन प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। सीबीएसई के अनुसार, पोर्टल पर भुगतान के लिए भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और इंडियन बैंक के पेमेंट गेटवे उपलब्ध हैं। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि छात्रों का इन बैंकों में खाता होना आवश्यक नहीं है। कोई भी छात्र उपलब्ध पेमेंट गेटवे के माध्यम से आसानी से शुल्क का भुगतान कर सकता है। बोर्ड ने बताया कि उम्मीदवारों को ऑनलाइन भुगतान के लिए कई विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। छात्र यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड तथा डेबिट कार्ड के माध्यम से निर्धारित पेमेंट गेटवे पर भुगतान कर सकते हैं। इससे देशभर के छात्रों को आवेदन प्रक्रिया पूरी करने में सुविधा मिल रही है। सीबीएसई द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह 9 बजकर 30 मिनट तक लगभग 40,000 छात्र इस सुविधा का लाभ उठाकर सफलतापूर्वक अपना आवेदन जमा कर चुके हैं। बोर्ड ने कहा कि अब तक आवेदन प्रक्रिया सामान्य रूप से चल रही है और किसी प्रकार की व्यापक तकनीकी समस्या सामने नहीं आई है। हाल के दिनों में पुनर्मूल्यांकन पोर्टल को लेकर सोशल मीडिया पर विभिन्न प्रकार की सूचनाएं और दावे सामने आए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला आयुर्वेदिक अस्पताल को मिलेंगे योग प्रशिक्षक और कार्यक्रम प्रबंधक

**रुद्रपुर, एजेंसी।** जिला आयुर्वेदिक अस्पताल को जल्द योग प्रशिक्षक और जिला कार्यक्रम प्रबंधक मिल जाएंगे। इसके लिए शुक्रवार को साक्षात्कार होंगे। नियुक्तियों से अस्पताल की सेवाओं और प्रबंधन को मजबूती मिलने की उम्मीद है। इससे मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। इन विशिष्ट पदों के लिए चयन प्रक्रिया का आयोजन किया जा रहा है। योग्य उम्मीदवारों के चयन के लिए साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को साक्षात्कार के लिए स्थल के रूप में चुना गया है। चयन समिति इस कार्यालय में उम्मीदवारों का विस्तृत साक्षात्कार लेगी। साक्षात्कार के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं और तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। योग प्रशिक्षक की नियुक्ति से अस्पताल में योग संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक का पद अस्पताल के विभिन्न कार्यक्रमों के सुचारु संचालन के लिए अहम है। यह प्रबंधक अस्पताल की योजनाओं और परियोजनाओं के क्रियान्वयन की देखरेख करेगा। इससे अस्पताल के प्रशासनिक और संगठनात्मक कार्यों में दक्षता आएगी। योग प्रशिक्षक और जिला कार्यक्रम प्रबंधक की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नियुक्ति को पारदर्शी ढंग से किया जाएगा। –डॉ. आलोक शुक्ला, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी।

### सितारगंज नगर में 6.83 करोड़ से होंगे विकास कार्य

**सितारगंज, एजेंसी।** नगर पालिका परिषद सितारगंज में जल्द ही विकास कार्यों की बड़ी सौगात धरातल पर नजर आने लगेगी। राज्य वित्त आयोग से करीब 6.83 करोड़ से नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 52 विकास कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों के लिए पालिका प्रशासन ने निविदाएं आमंत्रित की हैं। पालिका प्रशासन के अनुसार प्रस्तावित योजनाओं में सड़क निर्माण एवं मरम्मत, नाला एवं जल निकासी व्यवस्था, नगर सौंदर्यीकरण, सार्वजनिक शौचालय निर्माण, कूड़े का मैदान, बरातघर के साथ अन्य जन सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल हैं। लंबे समय से उपेक्षित वार्डों की मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता में रखा गया है ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। नगर के कई क्षेत्रों में बरसात के दौरान जलभराव और खराब सड़कों की समस्या बनी रहती है। ऐसे में नाला निर्माण और सड़क सुधार कार्यों से लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं, सार्वजनिक शौचालयों और सौंदर्यीकरण कार्यों से शहर की स्वच्छता और छवि को भी बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

### रेल यात्रियों को राहत... किच्छा होकर दौड़ी मुंबई-काठगोदाम सेंट्रल ट्रेन

**रुद्रपुर, एजेंसी।** पूर्वोत्तर रेलवे ने रेल यात्रियों को राहत दी है। मुंबई–काठगोदाम के बीच शुरू हुई साप्ताहिक सेंट्रल ट्रेन किच्छा होकर गंतव्य के लिए जाएगी। इसका संचालन बृहस्पतिवार से शुरू हो गया है। 21907 मुंबई सेंट्रल ट्रेन बुधवार को काठगोदाम के लिए रवाना हुई। बृहस्पतिवार को 21908 काठगोदाम से मुंबई के लिए चली। ट्रेन में 18 कोच लगाए गए हैं जिसमें दो जीएसएलआरडी, चार सामान्य द्वितीय श्रेणी, सात शयनयान, चार वातानुकूलित तृतीय श्रेणी व एक वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी कोच रहेंगे। सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा ने बताया कि काठगोदाम से ट्रेन शुरू होकर हल्द्वानी, लालकुआं, किच्छा, बहेड़ी जंक्शन, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जंक्शन, बदायूं, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा, भरतपुर, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंज मंडी, शामगढ़, रतलाम, वडोदरा, सूरत, वलसाड, वापी, बोरीवली होकर मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। ट्रेन काठगोदाम से दोपहर 1:50 बजे रवाना होगी।

### मां-बेटे से मारपीट में प्राथमिकी दर्ज

**रूड़की, एजेंसी।** मां–बेटे से मारपीट के मामले में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। थाना क्षेत्र के करणपुर गांव निवासी सुहेल ने तहरीर देकर बताया था कि 24 मई को भाई समीर किसी काम से गांव में गया था। रास्ते में शाहरुख पक्ष के लोगों ने भाई पर तलवार से वार कर घायल कर दिया था। शोर–शराबा होने पर मां आई तो उन्हें भी पीटा गया और बाइक में भी तोड़फोड़ की थी। थानाध्यक्ष गोविंद कुमार ने बताया कि शाहरुख, वसीम, जाबिर, शहजाद, सत्तार, मेहताब समेत आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

### चंडाक ट्रैकिंग मार्ग पर स्वीमिंग पूल का लोकार्पण

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** चंडाक ट्रैकिंग मार्ग पर मैग्नासाइट फक्टरी के पास बनाए गए स्वीमिंग पूल का मेयर कल्पना देवलाल ने लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को तैराकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। बता दें कि पूर्व में नगरपालिका की ओर से 161.81 लाख रुपये की लागत से वर्षा जल संचयन टैंक का निर्माण किया गया। कार्य अधूरा रहने पर मुख्यमंत्री ने एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की। इसके बाद अवशेष कार्य पूरे किए गए। पिछली बरसात में गधेरे के उफान पर आने से स्वीमिंग पूल में मलबा भर गया था। लाखों रुपये खर्च कर मलबे को साफ किया गया और गधेरे के पास चेकडैम बनाए गए। रविवार को मेयर देवलाल ने इसे जनता को समर्पित किया। वहां पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र रावत, राकेश देवलाल, पार्षद नीरज जोशी, प्रवीण उपरारी, भूपेंद्र कठायत, राहुल लुंठी, मोहित चौसाली, महेंद्र कुमार, रवि मेहता, व्यापार संघ अध्यक्ष तपन रावत, शमशेर महर, सहायक नगर आयुक्त राजदेव जायसी, सहायक अभियंता उमेश अवस्थी, नंदा बल्लभ पांडेय आदि थे।

# राहुल गांधी के उत्तराखंड दौरे को लेकर कांग्रेस उत्साहित बीजेपी ने किया कटाक्ष, बताया सैनिक विरोधी



**देहरादून/हल्द्वानी, एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी चार जून को दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर आ रहे हैं. राहुल गांधी अल्मोड़ा में विशाल जनसभा को संबोधित करने के साथ ही पौड़ी गढ़वाल में पूर्व सैनिकों के साथ चर्चा भी करेंगे. इसके बाद राहुल गांधी देहरादून में भी एक कार्यक्रम में शामिल होंगे. राहुल गांधी के दौरे को लेकर जहां कांग्रेस उत्साहित है तो वहीं बीजेपी तंज कस रही है.

राहुल गांधी के दौरे पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और रिटायर्ड कर्नल अजय कोठियाल का भी बयान आया है. उन्होंने राहुल गांधी के उत्तराखंड आने पर स्वागत किया है साथ ही राहुल गांधी का पूर्व सैनिकों के साथ होने वाले सम्मेलन पर कटाक्ष भी किया है.

अजय कोठियाल का कहना है कि, राहुल गांधी देश में विपक्ष के बड़े नेता है. उन्हें उत्तराखंड में अपनी पार्टी को मजबूत करने आना चाहिए. कांग्रेस नेताओं के बीच समन्वय बनाए, लेकिन राहुल गांधी तो किसी और उद्देश्य के लिए आ रहे हैं. राहुल गांधी तो पौड़ी गढ़वाल में पूर्व सैनिकों के साथ सम्मेलन करने आ रहे हैं.

अजय कोठियाल ने कहा कि, पौड़ी गढ़वाल की धरती देश में सेवा देने और बलिदान देने में अव्वल है. उसी क्षेत्र में राहुल गांधी पूर्व सैनिकों से संवाद करेंगे, जहां के सैनिकों के ऊपर उन्होंने सवाल खड़े किए थे और सबूत मांगा था. अगले साल फरवरी में विधानसभा चुनाव होने हैं, उससे पहले राहुल गांधी सैनिकों को चुनाव का मुद्दा बना कर यहां आना चाहते हैं.

सीएम धामी ने भी किया कटाक्षः इसी तरह का कुछ कटाक्ष मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी राहुल गांधी पर किया. उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि के साथ-साथ वीर भूमि भी है. यहां के हर परिवार से कोई ना कोई व्यक्ति सेवा या पैरामिलिट्री फोर्स में अपनी सेवाएं दे रहा है. राहुल गांधी में देश के अंदर और देश के बाहर जाकर भी देश के सैनिकों का उपहास उड़ाया है. सर्जिकल स्ट्राइक होती है तो वो सबूत मांगते है, एयर स्ट्राइक होती है तो उसका मखौल उड़ते है. जनरल विपिन रावत जो देवभूमि के लाल थे, और पूरे भारत के गौरव थे, उनके बारे में राहुल गांधी की पार्टी ने किस तरह से भद्दी टिप्पणियां की, उसे कोई भूल नहीं सकता है. इसके साथ सेना को जगह-जगह अपमानित करने का काम किया है. यही नहीं कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना के साहस और पराक्रम पर प्रश्न चिन्ह लगाने का काम किया है.

कांग्रेस का बीजेपी को जवाबः राहुल गांधी के उत्तराखंड दौरे को लेकर बीजेपी ने जो कटाक्ष किया, उसका कांग्रेस ने अपने अंदाज में जवाब दिया. उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि राहुल गांधी के उत्तराखंड दौरे से बीजेपी के नेता बिलबिलाहट में है.

गणेश गोदियाल ने कहा कि उन्होंने सीएम धामी और अजय कोठियाल का बयान सुना है. उन्होंने अजय कोठियाल का बयान सुनकर काफी दुःख हुआ है. क्योंकि कोठियाल ने अपने राजनीतिक जीवन में अपने विचारधारा को त्याग करके अन्य विचारधारा को अंगीकृत करने का काम किया है. फिर भी उनसे ये उम्मीद नहीं की जा सकती कि वो इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल करेंगे. जबकि राहुल गांधी प्रदेश में भाजपा की कमियों को उजागर करने आ रहे है. साथ ही इस प्रदेश के महान सैन्य परंपरा को नमन करने आ रहे है. प्रदेश के कांग्रेस पदाधिकारियों से मिलने आ रहे है.

आज अल्मोड़ा पहुंचेंगे राहुल गांधी, रैली से होगा चुनावी शंखनाद, अंतिम चरण में तैयारियां

अल्मोड़ा, एजेंसी। उत्तराखंड में आगामी 2027 विधानसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं. इसी कड़ी में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कल उत्तराखंड दौरे पर अल्मोड़ा पहुंचेंगे. अल्मोड़ा में राहुल गांधी सिमकनी मैदान में प्रस्तावित जनसभा को संबोधित करेंगे. जहां राहुल गांधी के दौरे की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं. रैली स्थल पर मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध और अन्य आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है. कांग्रेस संगठन इस जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक रहा है.

रैली की तैयारियों की निगरानी के लिए कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता अल्मोड़ा में डेरा डाले हुए हैं. पार्टी की उत्तराखंड प्रभारी कुमारी शैलजा, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष लेशपाल आर्या तथा पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत लगातार संगठनात्मक बैठकों और जनसंपर्क कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं. कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को जनसभा में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं.

पार्टी नेताओं का कहना है कि यह रैली केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आगामी विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के अभियान का औपचारिक आगाज भी होगी. जनसभा में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष रणनीति के तहत कार्य किया जा रहा है.

कांग्रेस का दावा है कि राहुल गांधी की यह जनसभा प्रदेश की राजनीति में नया संदेश देने का काम करेगी. पार्टी नेतृत्व का मानना है कि रैली के माध्यम से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के साथ-साथ जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा. जनसभा को लेकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है. विभिन्न क्षेत्रों से लोगों के अल्मोड़ा पहुंचने की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं.

उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा ने कहा राहुल गांधी की रैली को लेकर प्रदेशभर में लोगों में भारी उत्साह है. उन्होंने कहा बड़ी संख्या में लोग जनसभा में पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं. शैलजा के अनुसार, राहुल गांधी की यह जनसभा आगामी 2027 विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के चुनावी शंखनाद का काम करेगी. पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान करेगी. कांग्रेस को उम्मीद है कि यह रैली प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ने वाली साबित होगी।

# गंगा में मौत की छलांग, नहाते समय तेज बहाव में समाई जिंदगी, मई माह में दस लोगों की गई जान



**हरिद्वार, एजेंसी।** मई माह में दस से ज्यादा लोसों की डूबने से मौत हुई है।हादसों के बाद पुलिस लगातार लोगों से सुरक्षित घाटों पर ही स्नान करने की अपील कर रही है।

गर्मी बढ़ने के साथ ही गंगा में नहाने वालों की भीड़ बढ़ रही है, लेकिन लापरवाही और अनदेखी लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ रही है। बीते एक महीने में अलग-अलग क्षेत्रों में गंगा में डूबने की 10 से ज्यादा घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इनमें कई लोगों ने पुल और रेलिंग पार कर गंगा में छलांग लगाई तो कई नहाने के दौरान तेज बहाव में बह गए। लगातार हो रही घटनाओं ने सुरक्षा इंतजामों को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।


हरिद्वार में हर साल गर्मी के मौसम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक गंगा स्नान के लिए पहुंचते हैं। कई लोग चेतावनी बोर्ड और सुरक्षा निर्देशों को नजरअंदाज कर गहरे पानी में उतर जाते हैं। कुछ लोग वीडियो बनाने और रोमांच के चक्कर में खतरा मोल लेते हैं, जिसका अंजाम हादसे के रूप में सामने आता है।

सबसे अधिक घटनाएं शहर कोतवाली क्षेत्र के सप्तऋषि क्षेत्र, ज्वालापुर के जटवाड़ा पुल और बहादराबाद क्षेत्र में सामने आई हैं। इन स्थानों पर बीते दिनों कई लोग गंगा में डूब गए। हादसों की सूचना मिलने पर जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और कई घंटे तक सर्च अभियान चलाए गए।

कई मामलों में सामने आया कि लोग प्रतिबंधित और खतरनाक स्थानों पर स्नान करने पहुंच रहे हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो मई माह में 10 से ज्यादा लोग डूबे हैं। हादसों के बाद पुलिस लगातार लोगों से सुरक्षित घाटों पर ही स्नान करने की अपील कर रही है। एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह का कहना है कि गंगा घाटों और आसपास पुलिस गश्त करती है। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों से अपील भी की जा रही है कि वह रेलिंग पार न करें और तेज बहाव वाले क्षेत्रों में स्नान करने से बचें।

जल पुलिस की मानें तो सप्तऋषि क्षेत्र में एक बुजुर्ग स्नान करते समय पैर फिसलने से तेज बहाव में की चपेट में आए। बचाव के बाद उन्हें अस्पताल भेजा, जहां उनकी मौत हो गई थी। बहादराबाद में एक फैक्टरी कर्मी नहाते समय तेज बहाव में आया और डूबकर लापता हो गया। ज्वालापुर में महिला मित्र के सामने नहाते समय एक युवक तेज बहाव में आकर डूब गया था। इसके अलावा भी अन्य लोग, भी इसी तरह हादसे का शिकार हो गए।

# देवप्रयाग में दर्दनाक हादसा, गंगा में समाई कार तलाश में जुटी पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें





**टिहरी, एजेंसी।** देवप्रयाग ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना देवप्रयाग क्षेत्र के चकासा स्थित गंगा होटल दर्शन के समीप एक बड़ा सड़क हादसा हो गया. यहां एक इनोवा वाहन 200 मीटर गहरी खाई में गिरने के बाद गंगा नदी में गिर गया. सूचना मिलते ही थाना देवप्रयाग पुलिस टीम और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची. जिसके बाद राहत बचाव दल की टीमें वाहन की तलाश में जुट गई है.

जानकारी के अनुसार, देवप्रयाग क्षेत्र के चकासा में एक इनोवा कार वाहन संख्या च 08 झ 5433 अनियंत्रित होकर लगभग 200 मीटर गहरी खाई में गिरने के बाद गंगा नदी में समा गई. हादसा इतना भीषण था कि सड़क किनारे लगा क्रैश बैरियर भी वाहन को रोक नहीं सका. कार बैरियर को तोड़ते हुए सीधे गहरी खाई में जा गिरी और तेज बहाव वाली गंगा नदी में समा गई. घटना की सूचना मिलते ही थाना देवप्रयाग पुलिस टीम और संबंधित क्षेत्र के पटवारी मौके पर पहुंच गए. वहीं राहत एवं बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ की श्रीनगर, ब्यासी और ढालवाला से तीन टीमें तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना की गई हैं.

पुलिस और एसडीआरएफ की संयुक्त टीमें गंगा नदी में वाहन और उसमें सवार लोगों की तलाश में जुटी हुई हैं. ताजा जानकारी के अनुसार, वाहन और उसमें सवार लोगों के संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई थी. प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि घटनास्थल के आसपास अनावश्यक भीड़ न लगाएं और राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग करें।

# गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग, कांप रहा गंगोरी बैली ब्रिज, जोखिम में हजारों यात्रियों की जान



**उत्तर काशी, एजेंसी।** गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगोरी बैली ब्रिज से गुजरना जान जोखिम में डालना है। पुल पर बढ़ते वाहनों के दबाव और उसकी स्थिति को लेकर भी सवाल उठे थे।

चारधाम यात्रा के दौरान गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गंगोरी बैल ब्रिज को लेकर चिंताएं लगातार बढ़ रही है। पुल की स्टील प्लेटों के नेट-बोल्ट ढीले पड़ने से जहां प्लेटों में कंपन और आवाज आने लगी है वहीं स्थानीय लोगों ने इसे सुरक्षा के लिहाज से गंभीर मामला बताया है।

विशेषकर रात के समय भारी वाहनों की आवाजाही के दौरान पुल से तेज आवाजें सुनाई दे रही है। हाल ही में पुल पर बढ़ते वाहनों के दबाव और उसकी स्थिति को लेकर भी सवाल उठे थे। अब स्टील प्लेटों के ढीले बोल्ट सामने आने से लोगों की चिंता और बढ़ गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि चारधाम यात्रा में प्रतिदिन हजारों वाहन पुल से गुजर रहे हैं।

ऐसे में समय रहते तकनीकी खामियों को दूर करना जरूरी है। पूर्व सभासद देवेंद्र चौहान ने कहा कि पुल की स्टील प्लेटों के नेट-बोल्ट ढीले पड़ना गंभीर विषय है। उन्होंने बीआरओ से तत्काल निरीक्षण कर मरम्मत कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने भी विभाग को पत्र भेजकर पुल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

बीआरओ के कमांडर राजकिशोर ने बताया कि विभाग को मामले की जानकारी मिल चुकी है। जल्द ही तकनीकी टीम पुल का निरीक्षण कर सभी ढीले बोल्ट कसने और आवश्यक मरम्मत कार्य पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि यात्रियों और स्थानीय लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# नई उम्र के युवकों पर चढ़ा बदमाशी का शौक पॉश इलाके में लूट की वारदात को दिया अंजाम

**हरिद्वार, एजेंसी।** पढ़ लिखकर भविष्य संवारने की उम्र में चार युवकों पर बदमाशी का ऐसा शौक चढ़ा कि उन्होंने तमंचे के बल पर एक युवक से स्कूटी, मोबाइल, पर्स और नकदी लूट ली और फरार हो गए, लेकिन पुलिस की सक्रियता के आगे उनकी चाल ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकी. कोतवाली रानीपुर पुलिस और सीआईयू की संयुक्त टीम ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों के उनके कब्जे से लूटी गई स्कूटी, मोबाइल, पर्स, नकदी, तमंचा और चाकू बरामद किए गए हैं. सोमवार को एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले का खुलासा किया. एसएसपी के अनुसार बीती 23 मई की रात सीतापुर निवासी




सौरभ सती अपनी स्कूटी से सिडकुल क्षेत्र से घर लौट रहे थे. पॉश इलाके चिन्मय डिग्री कॉलेज के पास पीछे से आए चार स्कूटी सवार युवकों ने उन्हें रोक लिया. आरोपियों ने तमंचा दिखाकर सौरभ को धमकाया और उनकी स्कूटी, मोबाइल फोन, पर्स व पांच हजार रुपये नकद लूटकर फरार हो गए. पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली रानीपुर में मुकदमा दर्ज किया गया. पॉश इलाके में हुई इस सनसनीखेज लूट को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी नवनीत सिंह ने तत्काल पुलिस टीम का गठन किया और लूट की वारदात के जल्द खुलासे के निर्देश दिए. इसके बाद कोतवाली रानीपुर और सीआईयू की संयुक्त टीम गठित की गई. जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के रास्तों का अध्ययन किया. पुलिस को पता चला कि आरोपी मुख्य मार्गों के बजाय गली मोहल्लों के रास्तों का इस्तेमाल कर रहे थे, उन्हें पहले से ही सारे रास्तों की जानकारी थी, जिससे उनके स्थानीय होने की आशंका मजबूत हुई. इसी आधार पर पुलिस ने मुखबिर तंत्र को एक्टिव किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली. रविवार रात रेगुलेटर पुल के पास चार संदिग्ध युवकों को स्कूटी समेत रोका गया. जांच में स्कूटी पर लगी नंबर प्लेट फर्जी निकली. इंजन और चेसिस नंबर मिलान करने पर पुष्टि हुई कि यह वही स्कूटी थी, जो लूट की घटना में छीनी गई थी।

# नैनीताल जिले में पानी की टंकी में मिला कंकाल, पिरान कलियर में 40 ढोंगी बाबा गिरफ्तार

**रामनगर/रुड़की, एजेंसी।** ग्रामसभा अमोठा-पाटकोट में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक बंद पड़े पानी के टैंक में मानव कंकाल मिलने की सूचना मिली. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कंकाल को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई. साथ ही डीएनए सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया गया है. इधर, पिरान कलियर क्षेत्र में 40 ढोंगी और बहुरूपिए बाबा गिरफ्तार हुए हैं.

दरअसल, अमोठा-पाटकोट के ग्राम प्रधान जगदीश चंद्र ने बीती 29 मई को रामनगर कोतवाली में कंकाल मिलने की सूचना दी थी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रक्रिया शुरू की. मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने प्रारंभिक तौर पर अनुमान जताया कि बरामद कंकाल करीब 6 महीने पुराना है. जो बंद पड़े पानी के टैंक में मिला है.




कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक गणेश जोशी को मौके पर भेजा गया. पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर नियमानुसार पंचायतनामा की कार्रवाई की और बरामद कंकाल को विधिक प्रक्रिया के तहत कब्जे में लिया. पुलिस की मानें तो कंकाल की पहचान सुनिश्चित करने के लिए डीएनए सैंपलिंग की जाएगी, जिससे मृतक की पहचान और मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके.

इसके साथ ही पुलिस अन्य पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच को आगे बढ़ा रही है. स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है. ताकि, यह पता लगाया जा सके कि बीते महीनों में किसी व्यक्ति के लापता होने या किसी संदिग्ध गतिविधि की कोई जानकारी सामने आई थी या नहीं. फिलहाल, पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच तेज कर दी है और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात कही है.

पिरान कलियर में 40 ढोंगी बाबा गिरफ्तार, महिलाओं-युवाओं को बनाते थे निशानाः हरिद्वार जिले की पिरान कलियर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने ऑपरेशन कालनेमि के तहत संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ अभियान चलाकर 40 कथित बाबाओं को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए ढोंगी बाबा अलग-अलग राज्यों के रहने वाले हैं. पुलिस ने सभी आरोपी बाबाओं के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उन्हें चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है.

दरअसल, पिरान कलियर थाना पुलिस ने 1 जून को विश्व प्रसिद्ध दरगाह शरीफ के आसपास बनी सरायों, रेन बसेरा, टीन शैड और अन्य जगहों पर सत्यापन अभियान चलाया. इस दौरान पुलिस टीम ने ऐसे 40 व्यक्तियों को चिन्हित किया, जिन्होंने तांत्रिक आदि का छद्म वेश धारण किया था. जो आम लोगों (विशेषकर महिलाओं और युवाओं) को भ्रमित करने का काम कर रहे थे.

आरोपी उनकी व्यक्तिगत/घरेलू समस्याओं का निदान करने का झूठा भरोसा दिलाकर पैसे ऐंठने का काम कर रहे थे. ऐसे में पुलिस टीम ने मौके पर सभी का सत्यापन किया, लेकिन उनके दस्तावेज और गतिविधियां संदिग्ध पाई गई, जिसके बाद पुलिस टीम चिन्हित किए गए व्यक्तियों को थाने ले गई और उनसे पूछताछ की. जिसके बाद पुलिस ने सभी ढोंगी बाबाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की.

बता दें कि पिरान कलियर में स्थित साबिर पाक की विश्व प्रसिद्ध दरगाह मौजूद है, जहां पर देश ही नहीं विदेशों से भी भारी संख्या में जायरीन अपनी मुरादें लेकर दरगाह में हाजरी लगाने के लिए पहुंचते हैं. पिरान कलियर क्षेत्र से पुलिस और इंटेलिजेंस की टीम पहले कई बांग्लादेशी नागरिकों को भी गिरफ्तार कर चुकी है. हालांकि, पुलिस और प्रशासन कलियर क्षेत्र में अपनी निगाहें जमाए रखता है. साथ ही लगातार कार्रवाई भी की जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### कुवैत में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस महासचिव ने विदेश मंत्री को लिखा पत्र

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव (संगठन) और संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष केसी वेणुगोपाल ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर कुवैत हवाई अड्डे पर ईरानी ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद वहां फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर तत्काल कदम उठाने की अपील की है। केसी वेणुगोपाल ने पत्र में कहा कि हमलों के बाद हवाई अड्डा और उसके आसपास बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं और वे भय तथा अनिश्चितता की स्थिति में हैं। उन्होंने विदेश मंत्रालय से संकट प्रबंधन उपायों को युद्धस्तर पर शुरू करने का अनुरोध किया है। उन्होंने पत्र में विदेश मंत्री से भारतीय दूतावास को निर्देश देकर कि सभी भारतीय नागरिकों को तुरंत सुरक्षित शरणस्थलों स्थानांतरित कराने की अपील की। साथ ही, उन्होंने पत्र में हवाई अड्डा प्राधिकरण और कुवैत सरकार के साथ समन्वय कर भोजन और चिकित्सा सहायता की तत्काल व्यवस्था करने की भी मांग की।

### आईआईएमसी में एमए और पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली। भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एमए और पीजी डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु ई-काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 7 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं, जबकि प्रथम सीट आवंटन 9 जून को जारी किया जाएगा। आईआईएमसी ने इस वर्ष तीन नए एमए कार्यक्रम की शुरुआत की है जिसमें हेल्थ कम्युनिकेशन, मीडिया एंड कम्युनिकेशन गवर्नेंस तथा कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन एंड ब्रांड मैनेजमेंट शामिल हैं। इसके साथ ही संस्थान अब अपने छह परिसरों में कुल छह एमए कार्यक्रम संचालित करेगा। बुधवार को संस्थान के प्रवेश प्रभारी एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो. राकेश कुमार गोस्वामी ने बताया कि सभी एमए और पीजी डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश, केवल ई-काउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा। संस्थान के चार पारंपरिक पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम- अंग्रेजी पत्रकारिता, हिंदी पत्रकारिता, रेडियो एवं टेलीविजन पत्रकारिता तथा विज्ञापन एवं जनसंपर्क भी इस वर्ष उपलब्ध रहेंगे। एमए कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों के पास न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक डिग्री और सीयूईटी-पीजी (सीओक्यूपी17) में वैध स्कोर होना आवश्यक है।

### देश की जेलों में 73 फीसद से अधिक कैदी विचाराधीन

नई दिल्ली। भारत की जेलों में बंद कैदियों का एक बड़ा हिस्सा अभी तक किसी अपराध में दोषी सिद्ध नहीं हुआ है। आंकड़ों के अनुसार देश की जेलों में बंद कुल कैदियों में से लगभग 73 से 74 प्रतिशत विचाराधीन (अंडरट्रायल) हैं, जिन्हें अपने मामलों में अदालत के अंतिम फैसले का इंतजार है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थिति देश की न्यायिक प्रक्रिया में देरी और जेल प्रबंधन की गंभीर चुनौतियों को उजागर करती है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक देशभर की जेलों में पांच लाख से अधिक कैदी बंद हैं। इनमें लगभग तीन-चौथाई ऐसे हैं जिनके मामलों का अभी निपटारा नहीं हुआ है। वहीं दोष सिद्ध कैदियों की हिस्सेदारी केवल 25 से 26 प्रतिशत के आसपास है। इस असंतुलन का सीधा असर जेलों की क्षमता पर पड़ रहा है। विशेष चिंता की बात यह है कि विचाराधीन कैदियों में युवाओं की संख्या काफी अधिक है। रिपोर्टों के अनुसार करीब आधे अंडरट्रायल कैदी 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के हैं।

### कर्नाटक, मध्य प्रदेश और हिमाचल हाई कोर्ट के लिए नए जजों की सिफारिश

नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने कर्नाटक, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के हाई कोर्ट में नियुक्तियों के एक नए सेट की सिफारिश की है। सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने वकीलों राघवेंद्र सीताराम श्रीवत्स, हेमा कुलकर्णी, सुब्रमण्य रंगाराव, थडागवाडी प्रकाश विवेकानंद, बक्केश्वर प्रमोद और होम्बे गौड़ा शांति भूषण को कर्नाटक हाई कोर्ट में जज के तौर पर नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। 2 जून को हुई अपनी बैठक में, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने वकील अमित लाहोटी को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में जज के तौर पर नियुक्त करने के लिए भी उनके नाम की सिफारिश की। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किए गए एक बयान में कहा गया है, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 2 जून, 2026 को हुई अपनी बैठक में वकील अमित लाहोटी को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में जज के तौर पर नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

## मालवीय नगर होटल अग्निकांड पर कार्रवाई के निर्देश, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा: आशीष सूद

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली के मालवीय नगर में बुधवार सुबह फ्लोरिश स्टे बीएंडबी रेस्टोरेंट में लगी भीषण आग में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। इसमें कई अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। इस घटना के बाद दिल्ली सरकार के गृह मंत्री आशीष सूद और विधायक सतीश उपाध्याय ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद मंत्री आशीष सूद ने कहा कि आग से इमारत पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारी सभी आवश्यक दस्तावेज एकत्र कर रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि इमारत के पास वैध अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) था या नहीं, होटल और रेस्तरां संचालन की अनुमति ली गई थी या नहीं तथा बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएनबी) के रूप में संचालित किए जा रहे कमरों के लिए आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त थीं या नहीं। आशीष सूद ने कहा कि इस घटना के लिए जिम्मेदार इमारत मालिक और किसी भी प्रकार की लापरवाही में शामिल लोगों की पहचान पुलिस जांच के माध्यम से की जाएगी और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस घटना में जांच के लिए पुलिस टीमों को पहले ही भेज दिया गया है। आशीष सूद ने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) की निगरानी में नगर निगम, अग्निशमन विभाग, बिजली विभाग और जल विभाग सहित सभी संबंधित एजेंसियों को पूरे क्षेत्र में व्यापक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा या नियामकीय मानकों का उल्लंघन करने वाली किसी भी इमारत को बख्शा नहीं जाएगा और उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि सरकार यह जांच कर रही है कि क्या इमारत को आवश्यक एनओसी प्राप्त थी या नहीं और बीएनबी संचालन के लिए सभी जरूरी अनुमति ली गई थीं या नहीं। किसी भी अवैध निर्माण और दोषी पाए गए व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## मनोज तिवारी के आवास पर आआपा विधायक संजीव झा का समर्थकों के साथ हंगामा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के जगतपुर गांव में ओ-जोन को लेकर प्रशासन की कार्रवाई के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद मनोज तिवारी के आवास पर आम आदमी पार्टी (आआपा) विधायक संजीव झा के समर्थकों के साथ मंगलवार देर रात पहुंचने के बाद हंगामा शुरू हो गया। आआपा विधायक और उनके समर्थकों को पुलिस ने वहां से हटाया। सांसद मनोज तिवारी ने यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए आज कहा कि बुराड़ी से आआपा विधायक संजीव झा और झड़ौदा पार्षद गगन चौधरी खुद सरकारी जमीन पर किए गए कब्जे को बचाने के लिए, जनता को भ्रमित कर उन्हें भड़काने का प्रयास कर रहे हैं।



उन्होंने बताया कि विधायक संजीव झा और पार्षद गगन चौधरी उनके घर आए थे। सांसद ने दावा किया कि अवैध रूप से हथियाई गई जमीन को बचाने के लिए इन दोनों ने साजिश रची और ग्रामीणों को गुमराह करके सरकार को बदनाम कर रहे हैं। सांसद मनोज तिवारी ने स्पष्ट कहा कि ओ-जोन नियमों के तहत उन क्षेत्रों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जो पहले से ही तटबंध के पीछे हैं और यमुना की तरफ नहीं हैं, जहां पिछले 25 से 30 वर्षों से तटबंध का बाढ़ का पानी नहीं पहुंचा है। आआपा विधायक संजीव झा ने आज सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो जारी करते हुए कहा कि कल जगतपुर गांव में ओ-जोन के नाम पर तोड़फोड़ हुई, जबकि सांसद मनोज तिवारी ने कहा था कि कोई तोड़फोड़ नहीं होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मंगलवार को गांव के सम्मानित पंचों और ग्रामीणों के साथ जब वे समाधान पूछने सांसद के पास गए तो जवाब देने के बजाय उन्हें और आआपा पार्षद को गिरफ्तार करवा दिया गया। संजीव झा ने एक अन्य वीडियो जारी करते हुए कहा कि आज सुबह-सुबह सांसद ने पुलिस भेज कर उन्हें घर से दोबारा गिरफ्तार करा दिया है। दिल्ली पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर बुराड़ी थाने ले जा रही है। इसकी तस्वीर भी उन्होंने एक्स पर साझा की।

## उपराजपाल ने एमसीडी के साथ की बैठक



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को भवन निर्माण संबंधी नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने और अवैध निर्माणों पर निर्णायक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को निगमायुक्त संजीव खिरवार और एमसीडी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में शहरी प्रशासन, नागरिक सुविधाओं और राजधानी में संरचनात्मक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए व्यापक कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

बैठक में उपराज्यपाल ने कहा कि अवैध रूप से किए जा रहे अतिरिक्त निर्माण और भवन विस्तार शहर की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन रहे हैं। उन्होंने एमसीडी को समयबद्ध रणनीति तैयार कर अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भी आदेश दिया। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मानसून से पहले नालों की सफाई, सड़कों और फुटपाथों की मरम्मत, धूल प्रदूषण नियंत्रण तथा कूड़ा निस्तारण व्यवस्था को बेहतर बनाने जैसे मुद्दों पर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उपराज्यपाल ने अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों को मालिकाना हक प्रदान करने वाली पीएम-उदय योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने सार्वजनिक पार्कों के विकास और पुनर्जीवन के लिए कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) आधारित सहभागी मॉडल को भी जल्द अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। उपराज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समावेशी विकास के विजन के अनुरूप दिल्लीवासियों को सुरक्षित, स्वच्छ, सुव्यवस्थित और सम्मानजनक जीवन-पर्यावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

### उपराज्यपाल सीडीई-आईईडीएस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में सीडीई-आईईडीएस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिष्ठित विद्वानों, शिक्षाविदों और छात्रों को शुभकामनाएं दीं। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए आर्थिक विकास, जनसांख्यिकीय परिवर्तन और पर्यावरणीय स्थिरता के बीच महत्वपूर्ण अंतरसंबंध पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण है कि विकास और पर्यावरण प्रबंधन को साथ-साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान आर्थिक रूप से गतिशील, तकनीकी रूप से नवीन और पर्यावरण की दृष्टि से जिम्मेदारी के निर्माण पर रहता है।

## चंपारण के बुनियादी विद्यालयों को मिले डिजिटल शिक्षा के संसाधन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति ने महत्वपूर्ण पहल की है। समिति की ओर से बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के सिरसिया अड्डा और कुमारबाग स्थित बुनियादी विद्यालयों के लिए डिजिटल शिक्षा हेतु प्रोजेक्टर वितरित किए गए। तीस जनवरी मार्ग स्थित गांधी स्मृति परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने पश्चिम चंपारण के सांसद संजय जायसवाल को प्रोजेक्टर सौंपे। इन उपकरणों का उद्देश्य विद्यालयों में तकनीक आधारित शिक्षण को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संसाधनों से जोड़ना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय जायसवाल ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक का समावेश अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल शिक्षण संसाधनों के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर सीखने का अवसर मिलेगा और कक्षाओं में पढ़ाई अधिक प्रभावी, रोचक तथा सहभागितापूर्ण बन सकेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें बेहतर अवसर और संसाधन उपलब्ध कराने की है। यह पहल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के साथ विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और ज्ञानवर्धन में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। उन्होंने इस प्रयास के लिए गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति का आभार व्यक्त किया। विजय गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी की शिक्षा संबंधी अवधारणाओं को आधुनिक तकनीकी आवश्यकताओं के साथ जोड़ना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी भी उच्च गुणवत्ता वाली शैक्षणिक सामग्री तक आसानी से पहुंच बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा अब केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रह सकती। डिजिटल माध्यमों ने ज्ञान और सीखने के अवसरों का दायरा व्यापक किया है। समिति का प्रयास है कि चंपारण सहित ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को आधुनिक शिक्षा के समान अवसर मिलें और वे भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। विजय गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री की नई शिक्षा नीति ने शिक्षा को अधिक व्यावहारिक, तकनीक आधारित और समावेशी बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है। इससे महात्मा गांधी के शिक्षा संबंधी अनेक विचारों को साकार रूप देने में मदद मिली है। कार्यक्रम में गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के निदेशक श्री संजीत कुमार ने कहा कि समिति शिक्षा, कौशल विकास और डिजिटल सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रमों को भविष्य में भी निरंतर आगे बढ़ाती रहेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण सुविधाओं से जोड़ना समिति की प्राथमिकताओं में शामिल है।

## दिल्ली भीषण जल संकट से जूझ रही, सरकार विफल: नीलम चौधरी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। समस्त रोहताश नगर निवासी कल्याण संघ की संस्थापक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीलम चौधरी ने राजधानी में गहराते जल संकट को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बीच दिल्ली की जनता पानी की गंभीर समस्या से जूझ रही है, लेकिन सरकार इसका प्रभावी समाधान करने में विफल साबित हो रही है। नीलम चौधरी ने कहा कि राजधानी में हर वर्ष अलग-अलग मौसम के साथ नई समस्याएं सामने आती हैं। मानसून के दौरान जलभराव, सर्दियों में प्रदूषण और गर्मियों में जल संकट जैसी चुनौतियों से निपटने में सरकार असफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता की समस्याओं के समाधान के बजाय केवल बयानबाजी की जा रही है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के कारण कई इलाकों में लोगों को पानी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। जलापूर्ति प्रभावित होने से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पानी के टैंकरों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। नीलम चौधरी ने वजीराबाद क्षेत्र में यमुना के घटते जल स्तर पर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि जल स्तर में लगातार कमी आने से जल शोधन संयंत्रों तक कच्चे पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिसका सीधा असर राजधानी की जलापूर्ति व्यवस्था पर पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली में पानी की मांग और आपूर्ति के बीच बड़ा अंतर है। बढ़ती आबादी के अनुरूप जल संसाधनों के विकास और नई परियोजनाओं पर पर्याप्त कार्य नहीं किया गया, जिसके कारण समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। नीलम चौधरी ने सरकार से जल संकट के स्थायी समाधान के लिए प्रभावी योजनाएं लागू करने तथा नागरिकों को नियमित और पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

### अमर कॉलोनी हत्या मामला :

## 17 साल के लड़के की गोली लगने से मौत के बाद स्थानीय निवासियों ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के छतरपुर एन्क्लेव में मंगलवार को उस समय भारी आक्रोश और मातम छा गया, जब 17 साल के साई कुमार की मौत के बाद परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और स्थानीय निवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया। साई कुमार को दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के अमर कॉलोनी इलाके में सिर में गोली मारी गई थी, जिसके कुछ दिनों बाद उसने दम तोड़ दिया। बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय निवासी किशोर के



अंतिम संस्कार के लिए इकट्ठा हुए और उसके शव को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया। वे न्याय की मांग कर रहे थे और हत्या में शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन से इलाके में तनाव फैल गया, जिसके चलते कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात करना पड़ा। साई कुमार 27 मई से वेंटिलेटर सपोर्ट पर ज़िंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा था। आरोप है कि अमर कॉलोनी में एक खाने की दुकान पर कहासुनी के दौरान उसे गोली मार दी गई और गंभीर चोटों के कारण सोमवार को उसकी मौत हो गई। पीड़ित के परिवार के अनुसार घटना तब शुरू हुई जब युवकों के एक समूह ने कथित तौर पर साई के साथ मौजूद एक लड़की के साथ बदतमीजी की। जब साई ने इसका विरोध किया, तो दोनों पक्षों में बहस छिड़ गई। आरोप है कि कुछ ही देर बाद आरोपी हथियार लेकर वापस आए और साईं पर हमला किया तथा उसके सिर में गोली मार दी। मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पहले ही 16 साल के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और एक ऑटोमैटिक पिस्टल बरामद की है।

## उत्तर-पूर्वी दिल्ली में किशोर की हत्या के आरोप में एक वयस्क और दो नाबालिग गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में 17 वर्षीय लड़के की हत्या के मामले में दो नाबालिगों सहित तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार रात को पुलिस को रात करीब 10:30 बजे चाकूबाजी की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर अधिकारियों ने पाया कि किशोर गंभीर रूप से घायल था और उसके शरीर पर चाकू के कई घाव थे।

उसे तुरंत पास के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद, एक फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और सबूत जुटाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है; इसके तहत सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करने के साथ ही स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाई गई और संभावित संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखी गई।

पुलिस ने 21 वर्षीय निक्की और दो 17 वर्षीय लड़कों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ के दौरान कथित तौर पर हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली और बताया कि पीड़ित के साथ उनका पहले से ही कोई विवाद चल रहा था।

शुरूआती जांच से पता चलता है कि पीड़ित और आरोपी एक-दूसरे को जानते थे और एक ही समुदाय से ताल्लुक रखते थे। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या दोनों पक्षों के बीच पहले हुई किसी कहासुनी या झड़प के कारण ही यह जानलेवा हमला हुआ था।

## जीटीबी अस्पताल से अगवा छह माह का बच्चा सकुशल बरामद

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। जीटीबी अस्पताल से अगवा 6 महीने के बच्चे को पुलिस ने अपहरणकर्ता महिला के चंगुल से सकुशल बरामद किया है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे और तकनीकी जांच की मदद से शिवाजी पार्क की एक झुग्गी से महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला 45 साल की बॉबी उर्फ कंचन अगवा कर हत्या के मामले में उसका पति और वह आजीवन कारावास की सजा काट रही है। गभवर्ती होने के चलते उसे पेरोल मिली और वह बाहर आई, इसके बाद वह फरार हो गई। जानकारी के अनुसार उसने जुड़वा बच्च्चों को जन्म दिया था। लेकिन दोनों की ही मौत हो गई थी। इस बात को उसने अपने घरवालों से छिपाए रखा। परिवार वालों के उनके लाने के दबाव बनाने पर उसने अपहरण की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पूर्वी परिक्षेत्र के संयुक्त आयुक्त ए के सिंघला ने बताया कि 31 मई को जीटीबी अस्पताल से पुलिस को छह माह के बच्चे की अगवा किए जाने की शिकायत मिली। बच्चे की मां सीलमपुर निवासी नजरीन ने बताया कि कुछ दिन पहले एक अनजान महिला घर आई थी और उसने खुद को बच्चों का टीकाकरण करवाने में मदद करने वाली बताया था। घटना वाले दिन वह फिर से घर आई। वह उसके साथ बेटे को टीकाकरण के लिए जीटीबी अस्पताल गई। फॉर्म भरवाने के बहाने उसने बच्चे को गोद में ले लिया और मौका पाकर उसे अगवा कर भाग गई। शिकायत पर जीटीबी एन्क्लेव थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

### भारत-किर्गिस्तान आर्थिक संबंधों को नई दिशा देने पर चर्चा

बिश्केक (किर्गिस्तान)। भारत-किर्गिस्तान के बीच आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से राजधानी बिश्केक में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत की ओर से वरिष्ठ प्रतिनिधियों और किर्गिस्तान सरकार के अर्थव्यवस्था एवं वाणिज्य मंत्री बैकिट सिडिकोव के बीच व्यापार, उद्योग और निवेश से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे एच.डी. कुमारस्वामी ने बुधवार को एक्स पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। बताया कि यह बातचीत रचनात्मक और सकारात्मक माहौल में हुई, जिसमें भविष्य में सहयोग के कई नए क्षेत्रों पर विचार किया गया। भारत के किर्गिस्तान में राजदूत एच.ई. बिरेंद्र सिंह यादव भी उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने द्विपक्षीय संबंधों को कूटनीतिक स्तर पर और मजबूती प्रदान की।

## मालवीय नगर अग्निकांड पर कांग्रेस का हमला

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मालवीय नगर के हौजरानी स्थित लेमन ग्रीन रेस्टोरेंट में हुए भीषण अग्निकांड को लेकर भाजपा सरकार, नगर निगम और संबंधित एजेंसियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक अवैध निर्माण में शामिल सरकारी एजेंसियों और अधिकारियों की कथित मिलीभगत समाप्त नहीं होगी, तब तक इस प्रकार की घटनाएं होती रहेंगी और लोगों की जान जाती रहेगी। बुधवार को देवेंद्र यादव ने अग्निकांड स्थल का दौरा किया और हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में 21 लोगों की मौत और दर्जनों लोगों का घायल होना अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। उनके साथ प्रदेश महासचिव संगठन श्री अनिल भारद्वाज, पूर्व मंत्री डॉ. योगानंद शास्त्री, निगम में सदन के पूर्व नेता श्री जितेंद्र कुमार कोचर, दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा सिंह सहित अन्य कांग्रेस नेता भी मौजूद रहे। देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि राजधानी में लगातार सामने आ रहे अग्निकांड और इमारत ढहने की घटनाएं प्रशासनिक विफलता तथा भ्रष्टाचार का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में यह चौथी बड़ी घटना है, जिसमें लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस हादसे के लिए अग्निशमन विभाग, नगर निगम और लाइसेंसिंग से जुड़े अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उनके अनुसार यदि किसी भवन को सीमित क्षमता के लिए अनुमति दी गई थी, तो वहां अधिक संख्या में कमरे और व्यावसायिक गतिविधियां कैसे संचालित हो रही थीं, यह गंभीर जांच का विषय है।

## सुल्तान पुरी में नेता सदन का निरीक्षण

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में नेता सदन एवं स्थायी समिति के सदस्य जय भगवान यादव ने बुधवार को वार्ड संख्या-43 सुल्तान पुरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सड़कों, सामुदायिक सुविधाओं और सार्वजनिक स्थलों की स्थिति का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद बॉबी, रोहिणी क्षेत्र की उपायुक्त ऋषिता गुप्ता तथा निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। जय भगवान यादव ने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुल्तान पुरी स्थित जर्जर सामुदायिक भवन के पुनर्निर्माण का कार्य निगम निधि से कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा सी-6 स्थित निगम विद्यालय के जर्जर भवन के पुनर्निर्माण की भी बात कही। उन्होंने कहा कि भवन की खराब स्थिति के कारण विद्यार्थियों को दूसरे भवन में पढ़ाई करनी पड़ रही है, जिससे उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जय भगवान यादव ने क्षेत्रीय मलेरिया कार्यालय में शीघ्र विद्युत व्यवस्था बहाल करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जनसेवाओं से जुड़े कार्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र के पार्कों के रखरखाव पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को पार्क में नलकूप स्थापित करने तथा उच्च मस्तूल प्रकाश व्यवस्था लगाने के निर्देश दिए, ताकि हरियाली के संरक्षण और नागरिकों की सुविधा को बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि जनसुविधाओं को मजबूत करना और नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना निगम की प्राथमिकता है तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## धर्मेंद्र प्रधान को बचाने की वजह बताएं मोदी : कांग्रेस

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए कहा है कि उनके मंत्रालय की अनियमितताओं के लगातार सामने आने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्हें बचाने में आमादा हैं और इसका जवाब उन्हें देश को देना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के शीर्ष नेतृत्व का तबादला कर दिया गया है लेकिन श्री प्रधान पद पर बने हुए हैं, जबकि उनके मंत्रालय की अक्षमता और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े नए तथ्य लगातार सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार शिक्षा संबंधी संसदीय स्थाई समिति के समक्ष सीबीएसई अपने ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली की खरीद प्रक्रिया से जुड़े सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। उन्होंने दावा किया कि इन सवालों को सबसे पहले 18 वर्षीय छात्र सार्थक सिद्धांत ने सोशल मीडिया के माध्यम से उठाया था, जिससे सीबीएसई और शिक्षा मंत्रालय में जवाबदेही की कमी उजागर हुई है। श्री रमेश ने कहा कि एक मीडिया जांच में यह भी सामने आया है कि ओएसएम प्रणाली के ड्राई रन में शामिल कई प्रतिभागियों ने इसके क्रियान्वयन को लेकर गंभीर आपत्तियां दर्ज कराई थीं और सभी मूल्यांकनकताओं को पर्याप्त प्रशिक्षण दिए जाने तक इसे लागू नहीं करने की सलाह दी थी। उनका आरोप है कि सीबीएसई ने इन सुझावों और तकनीकी आपत्तियों की अनदेखी करते हुए प्रणाली को लागू कर दिया। उन्होंने कहा कि सीबीएसई छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए निर्धारित समयसीमा का पालन करने में भी विफल रहा है।

# फरीदाबाद में जैन समाज ने निकाला रोष माच

● मध्य प्रदेश में दो साध्वियों की मौत से नाराजगी, राष्ट्रीय संत सुरक्षा अधिनियम बनाने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता




फरीदाबाद। मध्य प्रदेश के रीवा जिले में पद-विहार कर रही जैन साध्वियों को एक वाहन द्वारा टक्कर मारने की घटना को लेकर देशभर के जैन समाज में रोष है। इसी कड़ी में बुधवार को फरीदाबाद में जैन समाज के सैकड़ों लोगों ने एकत्र होकर रोष मार्च निकाला और डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। जिसके बाद जिला उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन भेजा और जैन साधु-साध्वियों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाने की मांग की। जैन समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि रीवा में सड़क किनारे पद-विहार कर रही तीन साध्वियों को एक तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी थी। इस घटना में दो साध्वियों की मौत हो गई, जबकि एक साध्वी गंभीर रूप से घायल हैं। समाज के लोगों का कहना है कि यह केवल एक सामान्य सड़क दुर्घटना नहीं लगती और मामले की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि साध्वियों को निशाना बनाकर टक्कर मारी गई है। ज्ञापन में कहा गया कि जैन साधु-साध्वियां पूरी तरह अहिंसक जीवन जीते हैं और पैदल ही एक स्थान से दूसरे स्थान तक पद-विहार करते हैं। वे किसी प्रकार के वाहन या सुरक्षा साधनों का उपयोग नहीं करते, इसलिए उनकी सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था जरूरी है। जैन समाज ने केंद्र सरकार से राष्ट्रीय संत सुरक्षा अधिनियम बनाने की मांग की है। साथ ही पद-विहार करने वाले संतों के लिए राष्ट्रीय गाइडलाइन, सुरक्षित पैदल मार्ग, सुरक्षा प्रकोष्ठ और आपातकालीन सहायता व्यवस्था लागू करने की भी मांग उठाई गई। समाज का कहना है कि साध्वियों की मौत से पूरे देश का जैन समाज दुखी और आक्रोशित है तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# गुरुग्राम में इनामी बदमाश का एनकाउंटर

● पैर में गोली लगी, 7 राउंड फायरिंग हुई, दिल्ली में कैश वैन लूटी थी; बिजनेसमैन भी किडनैप कर चुका

प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम। हरियाणा के गुरुग्राम में सुबह पुलिस ने 5 हजार के इनामी बदमाश का एनकाउंटर कर दिया। पुलिस को देखते ही बदमाश ने फायर कर दिया। दोनों तरफ से करीब सात राउंड फायरिंग हुई। जिसके बाद पालम विहार की क्राइम ब्रांच की टीम ने इनामी बदमाश के पैर में गोली मारकर उसे पकड़ लिया। बदमाश 17 से ज्यादा संगीन वारदातों में शामिल रह चुका है। उस पर हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, किडनेपिंग और आर्म्स एक्ट केस दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक मई में गुरुग्राम के उद्योग विहार थाना क्षेत्र से आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर एक आयुर्वेदिक दवाओं के बिजनसमैन को किडनेप किया था। किडनैपरों ने उसे छोड़ने की एवज में 7 लाख रुपए की डिमांड की थी। इस संबंध में पुलिस ने बदमाशों को सर्विलांस पर लिया था। बदमाश 20 हजार रुपए ले चुके थे और बाकी रकम देने के आश्वासन पर उसे द्वारका एक्सप्रेसवे पर छोड़ कर चले गए थे। वहीं, आरोपी ने पांच साल पहले एक कैश वैन भी लूट ली थी। पालम विहार क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली थी कि नितिन (23) नाम का बदमाश चोरी की मोटरसाइकिल पर सेक्टर-93 क्षेत्र से गुजरने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सुबह करीब चार बजे नाकेबंदी की। पुलिस के रुकने के इशारे पर नितिन ने सरेंडर के बजाय फायरिंग शुरू कर दी। दोनों तरफ से कुल कुल सात राउंड फायर हुए। मुठभेड़ के दौरान नितिन ने पुलिस टीम पर चार राउंड फायर किए। इनमें से एक गोली क्राइम ब्रांच के एक जवान की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। जैकेट होने की वजह से पुलिसकर्मी सुरक्षित बच गया। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में तीन राउंड फायर किए, जिनमें एक गोली आरोपी के पैर में लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस ने उसे काबू कर पास के सिविल अस्पताल में इलाज कराया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने नितिन के कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध पिस्तौल बरामद की। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि नितिन क्षेत्र में किस वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहा था। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि उसे हथियार और चोरी की बाइक किसने उपलब्ध कराई। पालम विहार के सीआइए इंचार्ज मनोज के अनुसार, आरोपी नितिन उद्योग विहार क्षेत्र में हुए अपहरण के एक मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी। उसकी गिरफ्तारी पर गुरुग्राम पुलिस ने पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान झज्जर निवासी नितिन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, अपहरण और आर्म्स एक्ट समेत करीब 17 संगीन केस दर्ज हैं। पुलिस उसके आपराधिक रिकॉर्ड और अन्य मामलों में संलिप्तता की भी जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, नितिन और उसके साथियों ने साल 2021 में दिल्ली में कैश वैन को भी लूटा था।

# एक्सप्रेसवे पर हरित अभियान चलाने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम। द्वारका एक्सप्रेसवे गुरुग्राम डेवलपमेंट एसोसिएशन (डीएक्सपीजीडीए) ने हरियाणा सरकार से द्वारका एक्सप्रेसवे क्षेत्र में व्यापक पौधरोपण और हरित कॉरिडोर विकास अभियान शुरू करने की मांग की है। वन एवं वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह को भेजे गए पत्र में संगठन ने गुरुग्राम में तेजी से हो रहे शहरीकरण और आधारभूत संरचना विकास के बीच हरित क्षेत्र को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। एसोसिएशन ने गुरुग्राम मास्टर प्लान-2031 के अंतर्गत सेक्टर-102ए में चिन्हित 100 एकड़ हरित क्षेत्र, द्वारका एक्सप्रेसवे के ग्रीन बेल्ट, आगामी मां शीतला देवी अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज परिसर, विभिन्न सेक्टर सड़कों और उपलब्ध सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक पौधरोपण अभियान चलाने का प्रस्ताव रखा है।

# गुरुग्राम में 9.5 एकड़ भूमि खाली करवाने पहुंचे आरएस बाठ

● 6 बुलडोजर के साथ 10 गाड़ियों में पहुंची पुलिस, लोगों के विरोध की आशंका



प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम। में सोहना स्थित टूरिज्म विभाग की करीब साढ़े 9 एकड़ भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन और पुलिस की टीमें पहुंच चुकी हैं। बुधवार सुबह से ही ताऊ देवीलाल स्टेडियम परिसर में डीटीपी और ड्यूटी मजिस्ट्रेट आरएस बाठ के साथ पर्यटन विभाग के अधिकारी और पुलिस फोर्स तैनात है। प्रशासन ने विरोध जैसी स्थिति से निपटने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। कार्रवाई पहाड़ कॉलोनी के कुछ हिस्सों और पीर कॉलोनी क्षेत्र में केंद्रित है, जहां पर्यटन विभाग की भूमि पर अवैध निर्माण हटाए जा रहे हैं। प्रशासन ने दो दिन पहले मुनादी कराकर लोगों को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। इसमें लोगों से स्वयं अपने मकान और सामान हटाने की अपील की गई थी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नोटिस और मुनादी के बाद लगभग 70 प्रतिशत परिवार अपने घरों से सामान हटाकर अन्य स्थानों पर चले गए हैं। कई मकानों को लोगों ने स्वयं खाली कर दिया है, जबकि शेष क्षेत्रों से भी लोग लगातार पलायन कर रहे हैं। प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर पूरे इलाके में हलचल बनी हुई है और लोग प्रशासन के अगले कदम पर नजर बनाए हुए हैं।

# गुरुग्राम में कैब ड्राइवर ने पहले वीडियो बनाया-फिर किया सुसाइड

● दो लोगों पर जमीन का फर्जी एग्रीमेंट के दबाव का आरोप, पंखे पर लगाया फंदा

प्रात : किरण संवाददाता



गुरुग्राम। के गांव घामडोज में एक कैब ड्राइवर ने फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मृतक ने अपनी मौत से पहले एक वीडियो बनाकर दो व्यक्तियों पर उस पर जमीन बेचने और फर्जी एग्रीमेंट के दबाव बनाने का आरोप लगाया। मृतक की पहचान घामडोज निवासी जयकरण (42) के रूप में हुई है। जयकरण कैब चलाता था और जमीन के विवाद को लेकर काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। सोमवार को भी कुछ लोगों द्वारा उसे कथित तौर पर धमकाया गया था, जिसके बाद उसने मरने का फैसला लिया। बुधवार सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं आया तो परिवारवाले उसे उठाने गए, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। परिजनों ने खिड़की से झांक कर देखा तो जयकरण फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोहना के नागरिक अस्पताल भेज दिया। जयकरण ने आत्महत्या करने से पहले एक वीडियो रिकॉर्ड किया था। इस वीडियो में उसने अपनी मौत के लिए गांव घामडोज निवासी शेरू और अलीपुर निवासी चरण सिंह को जिम्मेदार ठहराया है। वीडियो में जयकरण ने आरोप लगाया कि दोनों व्यक्ति उस पर जमीन का सौदा करने और जमीन देने के लिए लगातार दबाव बना रहे थे। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसकी जमीन से संबंधित दस्तावेजों पर फर्जी तरीके से हस्ताक्षर कराए गए थे और बाद में उस पर जमीन ट्रांसफर करने का दबाव बनाया जाने लगा। विरोध करने पर उसे लगातार धमकियां दी जा रही थीं। मृतक ने वीडियो में कहा कि इसी मानसिक प्रताड़ना और दबाव के कारण वह यह कदम उठा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों के बयान, वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। इस मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# फरीदाबाद की कॉलोनी में चला निगम का बुलडोजर

● RRTS कॉरिडोर के लिए तोड़फोड़ शुरू, 4 दिनों से जारी अभियान

प्रात : किरण संवाददाता



फरीदाबाद। नगर निगम ने बुधवार सुबह एनआईटी-3 स्थित नेहरू कॉलोनी में तोड़फोड़ अभियान तेज कर दिया। यह कार्रवाई गुरुग्राम-फरीदाबाद-नोएडा नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (RRTS) कॉरिडोर और प्रस्तावित एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए की जा रही है। निगम की ओर से पिछले चार दिनों से लगातार अतिक्रमण हटाने और अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम की कार्रवाई बीते चार दिनों से लगातार जारी है। तोड़-फोड़ की शुरूआत 30 मई की देर रात को एनआईटी-3 स्थित मस्जिद चौक क्षेत्र से की गई थी, जहां लगभग 700 गज क्षेत्र में बने एक मस्जिद को हटाया गया। इसके अलावा करीब 30 वर्ष पुराने एक शिव मंदिर को भी खाली कराया गया था। निगम अधिकारियों के अनुसार अब तक छोटे-बड़े मिलाकर 50 से अधिक अवैध निर्माणों को हटाया जा चुका है। नेहरू कॉलोनी में निगम द्वारा परिवारों को मकान खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग अपने घरों से सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जा रहे हैं। कई परिवार पहले ही कॉलोनी छोड़ चुके हैं, जबकि अन्य लोग लगातार घर खाली करने में जुटे हुए हैं। क्षेत्र में बिजली और पानी के कनेक्शन भी काट दिए गए हैं। निगम अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल लगभग 50 फीट चौड़ाई तक की भूमि को खाली कराने के लिए कार्रवाई की जा रही है, ताकि परियोजना के निर्माण कार्य में कोई बाधा न आए। बुधवार सुबह करीब 7 बजे नगर निगम की जेसीबी मशीनों ने नेहरू कॉलोनी में दुकानों और मकानों को तोड़ना शुरू कर दिया। कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। निगम अधिकारियों ने बताया कि तोड़फोड़ अभियान शुरू करने से एक दिन पहले संबंधित अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया था। इसके बाद बुधवार को निर्धारित योजना के तहत कार्रवाई शुरू की गई। नगर निगम कमिश्नर धीरेन्द्र कुमार के मुताबिक एनजीटी के आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही है। निगम के अनुसार यह कार्रवाई गुरुग्राम-फरीदाबाद-नोएडा नमो भारत कॉरिडोर और एलिवेटेड रोड परियोजना के निर्माण के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की जा रही है। प्रशासन का दावा है कि परियोजना पूरी होने के बाद क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और लोगों को तेज एवं सुगम परिवहन सुविधा मिल सकेगी।

# गुरुग्राम में ट्रक ने नाके पर होमगार्ड को कुचला, मौत

● तीन दिन पहले ड्यूटी जॉइन की थी, हाईवे पर भी बाइक को टक्कर मारकर कार पलटी

प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम। में वर्ल्ड मार्क मॉल के सामने मंगलवार देर रात नाकेबंदी के दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक मिक्सर ने पुलिस बैरिकेड तोड़ते हुए ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवान को कुचल दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दो बैरिकेड पूरी तरह टूट गए और पास में खड़ी एक पुलिसकर्मी की कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद ड्राइवर ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल होमगार्ड की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मृतक की पहचान भिवानी के लिवासी गांव निवासी संदीप के तौर पर हुई है। तीन दिन पहले ही उनका भिवानी से गुरुग्राम ट्रांसफर हुआ था। घटना की सूचना उनके परिजनों को दी गई है। वहीं, नेशनल हाईवे नंबर 48 पर एक तेज रफ्तार कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी। जिसके बाद कार बेरिकेडिंग तोड़ते हुए हाईवे किनारे नाले में पलट गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस के अनुसार, सेक्टर-65 स्थित वर्ल्ड मार्क मॉल के सामने सब-इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में नाकेबंदी की गई थी। टीम में कॉन्स्टेबल सुमित, कॉन्स्टेबल मंजीत, रढड राजकुमार और होमगार्ड संदीप कुमार शामिल थे। सभी पुलिसकर्मी कानून-व्यवस्था बनाए रखने और वाहनों की जांच के लिए तैनात थे। रात करीब 11:05 बजे होमगार्ड संदीप कुमार सड़क किनारे खड़े होकर बैरिकेड ठीक कर रहे थे। इसी दौरान एक अशोका लेलैंड ट्रक मिक्सर तेज रफ्तार और लापरवाही से वहां पहुंचा। ड्राइवर ट्रक पर नियंत्रण नहीं रख पाया और ट्रक सीधे बैरिकेड्स से जा टकराया। बेकाबू ट्रक ने पहले बैरिकेड्स को तोड़ा और फिर ड्यूटी पर मौजूद संदीप कुमार को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि संदीप गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद ट्रक ने आगे खड़ी कॉन्स्टेबल सुमित की निजी कार ब्रेजा को भी टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने ड्राइवर को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठाकर ट्रक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया।

# वीडियो बनाकर कैब ड्राइवर का सुसाइड

● बोला- मेरी मौत का कारण शेरू-चन्नी... धमकियां देते थे; गुरुग्राम में चुन्नी से लटका मिला

गुरुग्राम। हरियाणा के गुरुग्राम में एक कैब ड्राइवर ने आधी रात में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मौत से पहले उसने एक वीडियो भी बनाया, जिसमें वो शेरू-चन्नी नाम के दो व्यक्तियों पर उसे ऐसा करने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाता है। बुधवार सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं आया तो पत्नी उसे जगाने पहुंची, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। परिजनों ने खिड़की से झांक कर देखा तो जयकरण चुन्नी का फंदा बनाकर उसपर लटका हुआ था। परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो कैब ड्राइवर मर चुका था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सोहना के नागरिक अस्पताल भेज दिया। वीडियो में कैब ड्राइवर ने दोनों पर उसकी 3 कनाल जमीन छीनकर बेचने और फर्जी एग्रीमेंट का दबाव बनाने का आरोप लगाया। वीडियो में वो कहता सुनाई देता है कि वो काफी दिनों से परेशान है। सोमवार को भी कुछ लोगों ने उसे धमकाया था, जिसके बाद उसने मरने का फैसला लिया। मृतक की पहचान गांव घामडोज निवासी जयकरण (42) के रूप में हुई है। जयकरण कैब चलाता था और जमीन के विवाद को लेकर काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। आत्महत्या से पहले जयकरण ने अपने मोबाइल फोन में एक वीडियो रिकॉर्ड किया था। पुलिस को यह वीडियो जांच के दौरान मिला। वीडियो में जयकरण ने अपनी मौत

# गुरुग्राम: पुलिस-मुठभेड़ में इनामी बदमाश गिरफ्तार

गुरुग्राम। सेक्टर-93 क्षेत्र में बुधवार अलसुबह पुलिस और एक इनामी बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस ने ईनामी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान झज्जर निवासी 23 वर्षीय नितिन के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बुधवार को बताया कि आरोपी नितिन हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, अपहरण और आर्म्स एक्ट सहित 17 से अधिक संगीन मामलों में वांछित चल रहा था। उद्योग विहार क्षेत्र में हुए एक सनसनीखेज अपहरण मामले में नितिन की तलाश की जा रही थी। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार ठिकाने बदल रहा था। गुरुग्राम पुलिस ने उस पर पांच हजार रुपये का ईनाम घोषित किया हुआ था। पालम विहार क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक वांछित अपराधी चोरी की मोटरसाइकिल पर सेक्टर-93 इलाके से गुजरने वाला है।


## उत्तर रेलवे

### निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 87-SRDEE-G-DLI-2026-27 इससे संबंधित विद्युत कार्य (i) दिल्ली डिवीजन में 20000 से अधिक टीवीयू वाले 18 एलसी गेटों के इंटरलॉकिंग की व्यवस्था करना। (ii) दिल्ली डिवीजन में 20000 से अधिक और 50000 से कम टीवीयू वाले 13 एल क्रॉसिंग गेटों की व्यवस्था करना। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 1,21,64,561.37 |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/सामान्य, डीआरएम कार्यालय, दिल्ली मंडल,उत्तर रेलवे, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली – 110055 |
| बयाना राशि | रु. 2,43,300.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 25.06.2026, 16:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 25.06.2026, 16:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

1880/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# गुरुग्राम: तेज रफ्तार ट्रक ने होमगार्ड को कुचला, ड्यूटी के दौरान हुई दर्दनाक मौत

गुरुग्राम। सेक्टर-65 क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सडक हादसे में ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवान की मौत हो गई। वर्ल्ड मार्क मॉल के सामने नाकाबंदी के दौरान तेज रफ्तार ट्रक मिक्सर बैरिकेड तोड़ते हुए पुलिस टीम में जा घुसा और होमगार्ड संदीप कुमार को कुचल दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक को मौके पर छोडकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात सेक्टर-65 स्थित वर्ल्ड मार्क मॉल के सामने सब-इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा नाकाबंदी की गई थी। टीम में कॉन्स्टेबल सुमित, कॉन्स्टेबल मनजीत, एसपीओ राजकुमार और होमगार्ड संदीप कुमार शामिल थे। सभी पुलिसकर्मी वाहनों की जांच और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी पर तैनात थे। होम गार्ड संदीप कुमार सडक किनारे लगे बैरिकेड को व्यवस्थित कर रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे एक ट्रक मिक्सर के चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और सीधे बैरिकेड में टक्कर मार दी। ट्रक ने पहले दो बैरिकेड तोड़ दिए और फिर संदीप कुमार को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सडक पर गिर पड़े।

# फरीदाबाद : नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस ने चलाया सर्च ऑपरेशन

फरीदाबाद। बल्लभगढ़ क्षेत्र की राजीव कॉलोनी में बुधवार सुबह पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया। सुबह-सवेरे शुरू हुए इस अभियान में क्राइम ब्रांच, स्थानीय थाना पुलिस, ब्लैक कमांडो, डॉग स्क्वायड और महिला पुलिसकर्मियों सहित भारी पुलिस बल ने हिस्सा लिया। पुलिस ने कॉलोनी की घेराबंदी कर संदिग्ध घरों और व्यक्तियों की गहन जांच की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, राजीव कॉलोनी से पिछले कुछ समय से नशा बेचने और तस्करी से जुड़ी लगातार शिकायतें मिल रही थी। स्थानीय लोगों ने भी इलाके में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दी थी। इन्हीं शिकायतों के आधार पर विशेष रणनीति बनाकर यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पुलिस की अलग-अलग टीमों ने कॉलोनी के विभिन्न हिस्सों में जाकर तलाशी अभियान चलाया। उन घरों की विशेष रूप से जांच की गई, जिनके बारे में पुलिस को नशे के कारोबार में संलिप्त होने का संदेह था।संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई और उनकी गतिविधियों की जानकारी जुटाई गई। महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं से भी पूछताछ की। पुलिस ने डॉग स्क्वायड की सहायता से गलियों, खाली प्लॉटों और अन्य संदिग्ध स्थानों की बारीकी से जांच की। हालांकि अभियान के दौरान कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ, लेकिन पुलिस ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाई हैं, जिनके आधार पर आगे की जांच की जाएगी। सीआईए बदरपुर बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र में नशा तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थी कि कुछ लोग युवाओं को नशे की ओर धकेलने का काम कर रहे हैं, जिसके चलते यह संयुक्त कार्रवाई की गई।

# फरीदाबाद नगर निगम में बीजेपी की अंदरूनी खींचतान

● सीनियर डिप्टी मेयर चुनाव पर विवाद, मंत्री गुर्जर के समर्थन में 34 पार्षद

प्रात : किरण संवाददाता



फरीदाबाद। नगर निगम में सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर और फाइनेंस कमेटी के गठन को लेकर भाजपा के भीतर चल रहा मतभेद अब खुलकर सामने आने लगा है। निगम कमीश्नर की ओर से मांगे गए नोटिस के जवाब में मंगलवार को कैबिनेट मंत्री के करीबी माने जाने वाले पार्षदों ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि इन पदों के चुनाव और कमेटी गठन की प्रक्रिया तय नियमों के अनुरूप पूरी नहीं हो सकी, जिसके चलते मामला लंबित है। वार्ड-35 के पार्षद सचिन शर्मा और वार्ड-37 के पार्षद मुकेश अग्रवाल ने अपने जवाब में स्पष्ट किया कि प्रशासनिक प्रक्रिया में आई बाधाओं के बावजूद शहर के विकास कार्य प्रभावित नहीं हुए हैं। उनका कहना है कि सभी वार्डों में नियमित रूप से विकास योजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। दोनों पार्षदों का रुख मेयर प्रवीण बत्रा के समर्थन में नजर आया। इसके विपरीत, एक दिन पहले सोमवार को केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के समर्थक 34 पार्षदों ने निगम प्रशासन को अपना जवाब सौंपा था। उन्होंने फाइनेंस कमेटी के गठन में देरी के लिए मेयर और निगम कमीश्नर को जिम्मेदार ठहराया। पार्षदों का कहना था कि 8 नवंबर को बुलाई गई बैठक में दोनों अधिकारी उपस्थित नहीं हुए, जिसके कारण सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी।दरअसल, शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने नगर निगम में सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर और फाइनेंस कमेटी के गठन हो रही देरी को गंभीरता से लेते हुए मेयर प्रवीण बत्राऔर निगम कमीश्नर धीरेंद्र खड़गटा से जवाब तलब किया था। विभाग ने पूछा था कि अब तक फाइनेंस कमेटी का गठन और दोनों पदों का चुनाव क्यों नहीं कराया गया। इसके बाद निगम कमीश्नर ने सभी पार्षदों से उनका पक्ष लिखित रूप में मांगा। राजनीतिक हलकों में यह उम्मीद जताई जा रही थी कि विभागीय नोटिस के बाद सभी पार्षद एकजुट होकर समाधान की दिशा में कदम बढ़ाएंगे, जिससे लंबित चुनाव जल्द संपन्न हो सकें। हालांकि अलग-अलग गुटों द्वारा अलग-अलग जवाब दिए जाने से यह संकेत मिला है कि पार्टी के भीतर जारी खींचतान अभी समाप्त होती नहीं दिख रही। अब सभी की निगाहें मेयर प्रवीण बत्रा के जवाब पर टिकी हैं, जो आज को विभाग के समक्ष अपना पक्ष रखने वाले हैं।


## उत्तर रेलवे

### रुचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.ओ.आई)

ईओआई क्रमांक: एनआर–डीएलआई/डब्ल्यू–आईवी/ईओआई/1/2026–27 दिनांक: 02.06.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, संभागीय अभियंता–चतुर्थक, दिल्ली संभाग, उत्तरी रेलवे, हरियाणा के बहादुरगढ़ में रेलवे ट्रैक/स्टेशन के पहुंच मार्गों के किनारे स्थित रेलवे भूमि के सौंदर्यीकरण और रखरखाव के लिए सरकारी निकायों, नगर निगम प्राधिकरणों, गैर सरकारी संगठनों, ट्रस्टों, निगम संस्थाओं और अन्य इच्छुक पक्षों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है। इच्छुक पक्ष अपनी ईओआई और मांगी गई जानकारी को सीलबंद लिफाफे में "संभागीय अभियंता–चतुर्थक, दिल्ली संभाग, उत्तरी रेलवे, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली" के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

अ. क्षेत्र की सामान्य जानकारी

| क्रम सं. | क्षेत्र का विवरण | अनुमानित क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 1 | पार्क संख्या–1, बहादुरगढ़ में डाउन लाइन की ओर OHE 29/40 से OHE 30/8 के बीच स्थित है। | इसका क्षेत्रफल लगभग 2942.56 वर्ग मीटर है। |
| 2 | पार्क संख्या–2, बहादुरगढ़ में डाउन लाइन की ओर OHE 29/12 से OHE 29/38 के बीच स्थित है। | इसका क्षेत्रफल लगभग 20381.40 वर्ग मीटर है। |

ई.ओ.आई. जमा करने की अंतिम तिथि 23.06.2026 को दोपहर 3:00 बजे तक है।

मंडल अभियंता– चतुर्थ
मंडल रेलवे प्रबंधक कार्यालय
स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली

1874/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# फरीदाबाद में कारों से खतरनाक स्टंटबाजी

● दशहरा मैदान में खिड़कियों से बाहर निकले युवक, पहचान करने में जुटी पुलिस

प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबाद। में चलती कारों की खिड़कियों से बाहर निकलकर खतरनाक स्टंटबाजी और हुड़दंग करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो एनआईटी स्थित दशहरा मैदान का बताया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। वायरल वीडियो में एक सफेद रंग की वैगनआर और एक नीले रंग की बलेनो कार मैदान में घूमती हुई दिखाई दे रही हैं। दोनों गाड़ियों की खिड़कियों से कई युवक बाहर निकले हुए हैं और तेज आवाज में शोर-शराबा करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों कारों में करीब 8 युवक सवार हैं। युवकों ने एक जैसे कपड़े पहन रखे हैं, जिससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि वे किसी शिक्षण संस्थान से जुड़े हो सकते हैं। हालांकि उनकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह वीडियो मंगलवार का है। बताया जा रहा है कि युवकों ने काफी देर तक दशहरा मैदान में कारों के साथ स्टंटबाजी और हुड़दंग किया। उस समय मैदान में कई युवक क्रिकेट भी खेल रहे थे, जिन्हें इन कारों की तेज रफ्तार और लापरवाही भरी हरकतों से दुर्घटना का डर बना रहा। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि किसी का संतुलन बिगड़ जाता या कार अनियंत्रित हो जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस भी सक्रिय हो गई है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। वीडियो में दिखाई दे रही गाड़ियों और युवकों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि सड़क या सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की खतरनाक स्टंटबाजी से बचें, क्योंकि इससे न केवल अपनी बल्कि दूसरों की जान भी खतरे में पड़ सकती है।

# गुरुग्राम में 18 वर्ष पूरे करने वाले युवा बनेंगे मतदाता

प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर गुरुग्राम जिले की पटौदी विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान-2026 शुरू हो गया है। इस अभियान के तहत व्यापक स्तर पर मतदाता सत्यापन और पंजीकरण किया जाएगा। बुधवार को उपमंडल सचिवालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में एसडीएम एवं निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी दिनेश लुहाच ने यह जानकारी दी। इस अवसर पर इलेक्शन कानूनगो रजनीश सहरावत भी मौजूद रहे।एसडीएम दिनेश ने बताया कि इस पुनरीक्षण अभियान के लिए 1 जुलाई 2026 को अर्हता तिथि निर्धारित की गई है। इस तिथि तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकेंगे। अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। उन्होंने बताया कि 5 जून से 14 जून तक बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी), ईआरओ (निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी) और राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं के एन्यूमरेशन फॉर्म भरवाएंगे, फोटो अपडेट करेंगे और हस्ताक्षर लेकर फॉर्म जमा करेंगे। नए मतदाताओं के लिए फॉर्म-6 भी उपलब्ध कराया जाएगा। नागरिक निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। एसडीएम ने आगे बताया कि 14 जून से 26 जून तक सभी मतदान केंद्रों का युक्तिकरण किया जाएगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता न हों। साथ ही, एक ही परिवार और क्षेत्र के मतदाताओं को यथासंभव एक ही मतदान केंद्र से जोड़ा जा सके। उन्होंने जानकारी दी कि प्रारूप मतदाता सूची 21 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद, 21 जुलाई से 18 सितंबर तक दावे और आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी। वर्तमान में पटौदी विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 59 हजार 696 पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें से 62 प्रतिशत का पूर्व मतदाता सूचियों से मिलान किया जा चुका है। एसडीएम दिनेश लुहाच ने नागरिकों से अपील की कि वे बीएलओ के घर-घर सर्वेक्षण के दौरान पूरा सहयोग करें।


## उत्तर रेलवे

### इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

सं. 128-W/280/e Tender Notice/NIT-16-26-27-W-II दिनांक: 02.06.2026

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT-16 | कार्य का नाम :– (1) सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अधीन SSE/W/MOZ सेक्शन में स्थित सेवा भवनों एवं प्लेटफार्मों की सफेदी तथा पेंटिंग का कार्य और (2) सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अधीन SSE/W/MOZ सेक्शन में KAT से TPZ तक स्थित स्टाफ क्वार्टरों की मरम्मत, सफेदी एवं पेंटिंग का कार्य। और (3) सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अधीन SSE/W/MOZ सेक्शन में THJ, NGL, DBD, RNA एवं TPZ स्टेशनों पर स्थित स्टाफ क्वार्टरों की भारी मरम्मत का कार्य। और (4) सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अधीन SSE/W/MOZ सेक्शन में KAT, MSP एवं JDW स्टेशनों पर स्थित स्टाफ क्वार्टरों की भारी मरम्मत का कार्य आदि का प्रावधान, उपरोक्त सभी कार्य वरिष्ठ मंडल अभियंता–II के अधिकार क्षेत्र में किए जाने हैं। कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :– 72299991.20 बयाना राशि (रुपये) :– 1446000.00 |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 30.06.2026 15:00 Hrs. |
| 3 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

1872/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सम्पादकीय

## मलेशिया का फैसला - 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रतिबंध

जितेन्द्र कुमार सिन्हा

डिजिटल युग में सोशल मीडिया मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। आज फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक, यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म न केवल मनोरंजन और संवाद के माध्यम हैं, बल्कि सूचना, शिक्षा और व्यवसाय के भी महत्वपूर्ण साधन बन गए हैं। लेकिन इन प्लेटफॉर्मों के बढ़ते प्रभाव ने बच्चों और किशोरों के मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंताएं भी पैदा की हैं। इसी चिंता को ध्यान में रखते हुए मलेशिया ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट रखने पर प्रतिबंध लगाने वाले नए नियम लागू कर दिए हैं। यह फैसला केवल मलेशिया तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया भर में बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा को लेकर चल रही बहस और प्रयासों का हिस्सा है। इस कदम ने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या सोशल मीडिया बच्चों के लिए लाभकारी है या फिर यह उनके विकास के लिए खतरा बनता जा रहा है। पिछले एक दशक में स्मार्टफोन और इंटरनेट की पहुंच में जबरदस्त वृद्धि हुई है। बच्चों के हाथों में मोबाइल फोन आ चुके हैं और कम उम्र में ही वे सोशल मीडिया की दुनिया में प्रवेश कर रहे हैं। कई सर्वेक्षणों से पता चला है कि 10 से 15 वर्ष के बच्चे प्रतिदिन कई घंटे सोशल मीडिया पर बिताते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अत्यधिक सोशल मीडिया उपयोग से बच्चों में अवसाद, चिंता, आत्मविश्वास की कमी, साइबर बुलिंग, नींद की समस्या और पढ़ाई में गिरावट जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। इसके अलावा ऑनलाइन शोषण, फर्जी सूचनाओं और हानिकारक सामग्री तक पहुंच का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। मलेशिया सरकार का कहना है कि इन चुनौतियों का सामना करने के लिए केवल अभिभावकों की निगरानी पर्याप्त नहीं है। तकनीकी कंपनियों को भी जिम्मेदारी उठानी होगी। मलेशिया में लागू किए गए नए नियमों के तहत 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अकाउंट बनाने की अनुमति नहीं होगी। इन नियमों की प्रमुख विशेषताएं हैं- सोशल मीडिया कंपनियों को अनिवार्य रूप से आयु सत्यापन प्रणाली लागू करनी होगी। 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के नए अकाउंट बनने से रोकना होगा। पहले से मौजूद अकाउंट्स की भी समीक्षा की जाएगी। नियम उन प्लेटफॉर्मों पर लागू होंगे जिनके कम से कम 80 लाख उपयोगकर्ता हैं। फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक, यूट्यूब और अन्य बड़े प्लेटफॉर्म इसके दायरे में आएंगे। नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों पर एक करोड़ रिंगिट तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सोशल मीडिया कंपनियां केवल लाभ कमाने तक सीमित न रहें, बल्कि बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी निभाएं। मलेशिया पहला देश नहीं है जिसने बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग पर कड़े कदम उठाए हैं। दुनिया के कई देशों में इस दिशा में कानून बनाए जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने भी किशोरों के सोशल मीडिया उपयोग को नियंत्रित करने के लिए सख्त नियमों पर काम शुरू किया है। वहां बच्चों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को सोशल मीडिया से जोड़कर देखा जा रहा है। यूरोपीय संघ का डिजिटल सर्विसेज एक्ट तकनीकी कंपनियों को बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष उपाय लागू करने के लिए बाध्य करता है। अमेरिका के कई राज्यों में ऐसे कानूनों पर चर्चा चल रही है जिनके तहत बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग के लिए अभिभावकीय अनुमति आवश्यक हो सकती है। चीन पहले से ही इंटरनेट और सोशल मीडिया के उपयोग पर काफी सख्त नियंत्रण रखता है। वहां बच्चों के ऑनलाइन गेमिंग समय पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।मलेशिया का नया कानून इसी वैश्विक प्रवृत्ति का हिस्सा माना जा रहा है। सोशल मीडिया के कुछ सकारात्मक पहलू अवश्य हैं, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार इसके कई गंभीर दुष्प्रभाव भी हैं। लगातार दूसरों की जीवनशैली, सुंदरता और सफलता देखकर बच्चों में हीन भावना विकसित हो सकती है। लाइक और फॉलोअर्स की संस्कृति आत्मसम्मान को प्रभावित करती है। ऑनलाइन उत्पीड़न आज दुनिया भर में बड़ी समस्या बन चुका है। कई बच्चे सोशल मीडिया पर अपमान, धमकी और मानसिक प्रताड़ना का शिकार होते हैं। बच्चे अक्सर सत्य और असत्य में अंतर नहीं कर पाते। इससे वे अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं के प्रभाव में आ सकते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बच्चों को अपराधियों, ठगों और यौन शोषण करने वाले लोगों से खतरा रहता है।

## केवल एक पृथ्वी

27 अप्रैल 2026 को एक कीर्तिमान स्थापित हुआ। उस दिन पूरी दुनिया में के 50 सर्वाधिक तापमान वाले शहर भारत में थे । उत्तर प्रदेश में 21, महाराष्ट्र में 10, मध्यप्रदेश में 6 राजस्थान में 6, हरियाणा में 4 ओर शेष दिल्ली, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में । बिजली की मांग इतनी बढ़ गई कि हाहाकार हो गया। समाचार पत्र के अनुसार बांदा में विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा करीब 1400 ट्रांसफार्मर पर पानी डालकर उन्हें ठंडा रखने का प्रयास किया गया जिससे कि वो इस असहनीय गर्मी के फलस्वरूप जल ना जाए ।50 डिग्री सेल्सियस, क्या अब नया सामान्य है ? स्विजरलैंड की संस्था द्वारा किए गए सर्वेक्षण में विश्व के 117 देशों के 6500 शहरों में से 35 सबसे प्रदूषित शहर भारत में है और चौथी बार लगातार दिल्ली विश्व का सबसे प्रदूषित शहर रहा । दिल्ली में सॉलिड पार्टिकुलेट मैटर ( SPM ) 15% बढ़ा। यह रक्त कोशिकाओं में जाकर स्वास्थ्य को अत्यधिक नुकसान पहुंचाते हैं। उत्तराखंड में जमीन धंसने से मकानों को खतरा। समुद्र तल से करीब 10000 फीट ऊपर हवा में,पहाड़ों से निकलती अलकनंदा नदी में पाई गई मछलियों, समुद्र से प्राप्त नमक में भी प्लास्टिक के कण मिले। असंतुलित जलवायु और अत्यधिक के तापमान के कारण सिकुड़ी हुए कोई गेहूं की उपज 23 कुंटल के स्थान पर 16 कुंटल हुई' क्या यह सब टेलीविजन या अखबार के समाचारों की सुर्खियां मात्र है या इनका प्रभाव हमारे जीवन पर पड़ रहा है? हर वर्ष हम पर्यावरण दिवस मनाते है। यद्यपि की हर साल थीम अलग-अलग होती है परन्तु उन सभी मैं केवल एक ही संदेश अंतर्निहित है - हमारे पास ह्यकेवल एक पृथ्वीह्न है। अरबों गैलेक्सीयों के बावजूद भी हमारी जानकारी अनुसार जीवन तो केवल अपनी पृथ्वी पर ही है। ह्यहम सबह्न यानी मनुष्य,पेड़-पौधे, जीव जंतु,आदि ह्यकेवल इस पृथ्वीह्न पर ही जीवित रह सकते हैं। विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का सिलसिला यूएनईपी के द्वारा वर्ष 1974 में प्रारंभ किया गया था। आज 48 वर्षों के उपरांत मनुष्य की गतिविधियों के परिणाम स्वरूप पर्यावरण की स्थिति बद से बदतर हो गई है। अब ह्यपर्यावरण आपदाह्न हेतु यह माना जा रहा है कि वर्तमान पीढ़ी ही है जो युद्ध स्तर पर कदम उठाकर पृथ्वी को सहेज सकती है। अगर हमारी पृथ्वी स्वस्थ व संरक्षित नहीं रही तो हमारे अपने बच्चों वह उनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। हम विरासत में कैसी पृथ्वी देना चाहते हैं? अपनी एक पृथ्वी के संरक्षण की आवश्यकता क्यों? वर्तमान में प्रजातियों के विलुप्तकरण की गति सामान्य से 10 हजार गुना अधिक है। 25 वर्षों में 8462 प्रजातियां सदैव के लिए विलुप्त हो गई हैं जिनमें पशु- पक्षी,वृक्ष आदि सभी सम्मिलित हैं' गिद्ध गायब हो गए हैं और हर स्थान पर पाने वाली स्पैरो के लिए अब हम वर्ल्ड स्पैरो डे बनाते हैं। वर्तमान में 4415 प्रजातियां आईयूसीएन की रेड सूची में हैं यानी उनका अस्तित्व अत्यधिक खतरे में है। यदि इन सब के अस्तित्व पर प्रभाव पड़ रहा है तो मनुष्य कैसे बच सकता है? यह साइंस फिल्म की काल्पनिक बात नहीं है की अब एंटार्कटिका में भी हीट वेव आई। माइनस 51 डिग्री सेंटीग्रेड के स्थान पर सामान्य से 40 डिग्री अधिक तापमान रहा। 200 वर्ग किलोमीटर का आइस बर्ग जो कि हजारों वर्ष में बना था चकनाचूर होकर समुद्र में मिल गया। विभिन्न स्थानों पर ग्लेशियर भयानक गति से पिघल रहे हैं और समुद्रों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।80 करोड़ लोग समुद्र से 100 किलोमीटर की दूरी में रहते हैं। क्लाइमेट रिफ्यूजी शब्द ने जन्म लिया है और यह अनुमानित है कि 2050 तक इनकी संख्या डेढ़ करोड़ होगी। यह भी अनुमानित है कि समुद्र में जा रहे कूड़े और प्रदूषण के कारण 700 से अधिक प्रजातियां प्रभावित हैं और कदाचित 2050 तक मछलियां बचेगी ही नहीं। गर्म होते हुए समुद्रों के कारण जलवायु पर भयंकर प्रभाव पड़ा है। 2016 के उपरांत भारत में साइक्लोन की संख्या तेजी से बढ़ी है। मॉनसून की अवधि पर भी प्रभाव पड़ा है, अक्टूबर-नवंबर तक 60% से अधिक वर्षा हुई और मॉनसून देर से समाप्त हुआ।

# मोदी सरकार के बेमिसाल 12 साल : सशक्त व समर्थ भारत का निर्माण

**आज पूरी दुनिया यह मान रही है कि भारत का नेतृत्व मजबूत और प्रभावी है। दुनिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मजबूत और प्रभावी नेतृत्व का एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं, जो अपने वादों को पूरा करते हैं। मोदीजी के नेतृत्व में दस वर्षों का शासनकाल ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है, जहां उन्होंने न सिर्फ अपने द्वारा दिए गये वचनों को पूरा किया है, बल्कि 1951-52 में देश के साथ किये गये वायदों को भी पूरा किया है। कश्मीर से धारा 370 को हटाने के लिए हमारे श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने जीवन तक का बलिदान दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 को हटाकर सिद्ध किया कि मोदी यानी हर गारंटी के पूरे होने की गारंटी। पांच सदी तक देश के लोग मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम की जन्मस्थली पर मंदिर का सपना देख रहे थे, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने साकार करते हुए यह सिद्ध किया कि भारत की संस्कृति और इतिहास के सुरक्षित रहने की भी गारंटी सिर्फ और सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के पास है। मोदी की गारंटी देश के आमजन की आकांक्षाओं के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह उनकी सरकार के आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करने के दृढ़ संकल्प को भी दशार्ती है।**



डॉ. धर्मशीला गुप्ता
लेखक

भारत की राजनीति में एक धारणा सी बन गई थी कि चुनाव के समय सिर्फ लोक लुभावने वायदे करो और सत्ता में आते ही उसे भूल जाओ। सरकार भी अपने वायदे और कार्यों को किसी गारंटी के अधीन नहीं मानती थी। जनता सरकारों को देश के विकास एवं सेवाएं प्रदान करने का काम सौंपती थी, सरकारी जवाबदेही स्वाभाविक रूप से गारंटी के अधीन नहीं होती थी। आज पूरी दुनिया यह मान रही है कि भारत का नेतृत्व मजबूत और प्रभावी है। दुनिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मजबूत और प्रभावी नेतृत्व का एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं, जो अपने वादों को पूरा करते हैं। मोदीजी के नेतृत्व में दस वर्षों का शासनकाल ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है, जहां उन्होंने न सिर्फ अपने द्वारा दिए गये वचनों को पूरा किया है, बल्कि 1951-52 में देश के साथ किये गये वायदों को भी पूरा किया है। कश्मीर से धारा 370 को हटाने के लिए हमारे श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने जीवन तक का बलिदान दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 को हटाकर सिद्ध किया कि मोदी यानी हर गारंटी के पूरे होने की गारंटी। पांच सदी तक देश के लोग मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम की जन्मस्थली पर मंदिर का सपना देख रहे थे, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने साकार करते हुए यह सिद्ध किया कि भारत की संस्कृति और इतिहास के सुरक्षित रहने की भी गारंटी सिर्फ और सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के पास है। मोदी की गारंटी देश के आमजन की आकांक्षाओं के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह उनकी सरकार के आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करने के दृढ़ संकल्प को भी दशार्ती है। यह हमें एक ऐसी राजनीतिक घटना का साक्षी बनाती है, जिसका अब तक अभाव था, जहां वादों का अर्थ होता है, उन्हें सार्थक रूप से लागू करने की गारंटी। हम इस सच्चाई के साक्षी रहे हैं कि आजादी के दशकों तक हमारे देश में ज्यादातर लोग जीवन यापन के लिए बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहे हैं। 2014 से जो बदलावों का एक सिलसिला शुरू हुआ, जिसने हमें उम्मीद दी और बुनियादी चिंताओं से परे सपने देखने का साहस दिया। इसके कारण हमें भारत में हुए जबरदस्त बदलाव दुनिया के लिए मिशाल बनने लगा है। 60 के दशक में खाद्यान्न के लिए निर्भर रहने वाला भारत आज दुनिया के सबसे बड़े अनाज निर्यातकों में से एक बन गया है। वंचित लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा कवच देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने समाज के अंतिम व्यक्ति को भूखे नहीं सोने देने की जो गारंटी दी वह पूरी हो रही है। प्रधानमंत्री जी ने फैसला किया था कि वे किसी भी गरीब को भूखा नहीं सोने देंगे तो प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त राशन मिलता है और इसे अगले पांच सालों के लिए बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा, देश के अन्नदाताओं, किसानों को हर दृष्टि से सहयोग समर्थन दिया गया है, जो आज 11 करोड़ से अधिक किसानों को लाभान्वित करता है। मोदी जी के नेतृत्व में सरकार के प्रयास से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। यह एक ऐसी उपलब्धि है जो कभी पिछली सरकारों में ह्लगरीबी हटाओह्न जैसे नारों तक सीमित थी। वंचितों के लिए प्रधानमंत्री की चिंता, उनके वर्षों के सार्वजनिक जीवन के अनुभव और देश भर में उनकी व्यापक यात्राओं से उपजी है। स्वयं प्रधानमंत्री मोदी जी के शब्दों में उनकी सरकार ने गरीबों को सेवाओं की घर-घर डिलीवरी को, अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में सेवा की भावना के साथ अपना काम शुरू किया। मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक घरों का निर्माण होने के बाद तीन करोड़ और पक्के मकान बनाने की घोषणा सभी के लिए आवास की दिशा में एक अनूठी गारंटी। मोदी सरकार ने आसान लक्ष्यों को चुनने के बजाय लंबे समय से अटके मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की सोच ने सरकार को जनकल्याणकारी कार्यों को हकीकत बनाने में मदद की है। जो गांव पहले गुमनामी में जीने को अभिशप्त थे, उनका शत-प्रतिशत विद्युतीकरण, सड़कों से जोड़कर सुविधा संपन्न बनाना इस सोच का एक सटीक उदाहरण है। आजादी के कई सालों बाद भी बीमारी और स्वास्थ्यगत मुश्किलों के दौरान पानी ढोने में महिलाएं सबसे आगे थीं। प्रधानमंत्री ने हर घर को पानी उपलब्ध कराने के लिए ऐतिहासिक कार्य किया है, जल-जीवन मिशन इसका प्रमाण है। आज घरों में नल-जल का कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 में केंद्र में नई सरकार बनी, तब देश भ्रष्टाचार, धीमी अर्थव्यवस्था और सिस्टम की सुस्ती जैसे मुद्दों से जूझ रहा था। 2026 में जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं तो पाते हैं कि बीते 12 साल सिर्फ एक सरकार के कार्यकाल के नहीं, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था और उसकी वैश्विक साख व धाक में बड़ा बदलाव आया है। मोदी सरकार ने कई ऐसे फैसले लिए, जिससे भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर करने और विकसित भारत की बुनियाद रखने में बड़ी भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री जन धन योजना के माध्यम से आम लोगों को बैंक से जोड़ा गया। इसके बाद आधार कार्ड को मोबाइल और बैंक खातों से जोड़ा गया। 2016 में यूपीआई लॉन्च हुआ, जिसने भारत को दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल भुगतान तंत्र बना दिया। भारत में बैंकिंग व्यवस्था का लोकतांत्रीकरण हो गया। अब सरकारी सब्सिडी और मदद बिचौलियों के हाथों से गुजरने के बजाय सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में पहुंचने लगी, जिससे भ्रष्टाचार पर करारी चोट लगी। देश कैश-आधारित अर्थव्यवस्था से तेजी से डिजिटल-फर्स्ट इकोनॉमी की तरफ बढ़ गया। मोदी सरकार ने देश के विकास की रफ्तार बढ़ाने के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखा। प्रधानमंत्री गतिशक्ति मास्टरप्लान और नेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन के जरिए देश के कोने-कोने को जोड़ने का काम शुरू हुआ। नेशनल हाईवे बनाने की रफ्तार को बढ़ाकर 30-40 किलोमीटर प्रतिदिन तक पहुंचाया गया।

# आखिर योगी आदित्यनाथ ने आतातायियों को दिया सख्त संदेश

**उधर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने सूर्या प्रताप चौहान हत्याकांड का जिक्र करते हुए स्पष्ट और सख्त लहजे में कहा है कि दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। बिजनौर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने इस मामले पर कड़े निर्देश दिए उन्होंने शोहदों और ऐसे अपराध करने वाले युवाओं को नसीहत देते हुए कहा कि नालायक औलादों को समझाना जरूरी है, वरना अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें। सरकार कानून का पालन करने वाले आम नागरिकों के साथ खड़ी है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा संदेश साफ है कि यूपी को बांग्लादेश या पाकिस्तान समझना भूल होगी। बर्बरता और जघन्यता का माकूल जबाव पुलिस बिना देरी के देगी। आपको बता दें देश के कई इलाकों में जिस तरह की सांप्रदायिक नफरत और प्रतिशोध से भरी वारदातें सामने आती हैं उस से लगता है कि इन वारदातों के पीछे कोई ऐसी पूरी सुनियोजित साजिश रहती है जो नफरत और खूनी दरिंदगी भरी मानसिकता का बीजारोपण करती है**



मनोज कुमार अग्रवाल
लेखक



आखिर यूपी पुलिस ने बकरीद के दिन एक सत्रह साल के हिन्दू छात्र की चाकू घोंप कर नृशंसता भरी बर्बर हत्या करने वाले मुख्य हत्यारे असद का एनकाउंटर कर अराजक हिंसक तत्वों को कड़ा संदेश दे दिया है। उधर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने सूर्या प्रताप चौहान हत्याकांड का जिक्र करते हुए स्पष्ट और सख्त लहजे में कहा है कि दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। बिजनौर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने इस मामले पर कड़े निर्देश दिए उन्होंने शोहदों और ऐसे अपराध करने वाले युवाओं को नसीहत देते हुए कहा कि नालायक औलादों को समझाना जरूरी है, वरना अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें। सरकार कानून का पालन करने वाले आम नागरिकों के साथ खड़ी है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा संदेश साफ है कि यूपी को बांग्लादेश या पाकिस्तान समझना भूल होगी। बर्बरता और जघन्यता का माकूल जबाव पुलिस बिना देरी के देगी। आपको बता दें देश के कई इलाकों में जिस तरह की सांप्रदायिक नफरत और प्रतिशोध से भरी वारदातें सामने आती हैं उस से लगता है कि इन वारदातों के पीछे कोई ऐसी पूरी सुनियोजित साजिश रहती है जो नफरत और खूनी दरिंदगी भरी मानसिकता का बीजारोपण करती है पिछले कुछ समय में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और इस से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में ऐसी कई बर्बरता भरी वारदातों को अंजाम दिया जा चुका है जिनसे लगता है कि कानूनी सख्ती के बावजूद दरिंदों में पुलिस और कानून का रंचमात्र भय नहीं है। ताजा घटनाक्रम में गाजियाबाद से एक बेहद सनसनीखेज और कलेजा कँपा देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ खोड़ा थाना क्षेत्र में बकरीद के दिन एक 17 वर्षीय हिंदू किशोर, सूर्या चौहान की उसके ही पूर्व परिचित मुस्लिम दोस्तों ने बेरहमी से चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने से ठीक पहले कट्टरपंथी हमलावरों ने पीड़ित से पूछा, क्या तुमने कभी बकरा हलाल होते देखा है? आज तुझे दिखाते हैं। आरोप है कि यह कहते ही उन्होंने सूर्या पर ताबड़तोड़ चाकुओं से हमला कर दिया। नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने रविवार के तड़के मुख्य आरोपी असद को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है इस से पहले 3 नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया और 2 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया । आपको बता दें मृतक सूर्या चौहान मूल रूप से एटा का रहने वाला था। वह नवनीत विहार, खोड़ा में अपनी माँ, बड़े भाई यश चौहान और छोटी बहन के साथ रहता था। उसके पिता कौशलेंद्र की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। सूर्या 11वीं कक्षा का छात्र था। जानकारी के मुताबिक, करीब 8 महीने पहले सूर्या का पड़ोस में रहने वाले असद नाम के युवक से किसी बात पर मामूली विवाद हुआ था। इसी पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए असद ने बकरीद के पवित्र दिन को चुना। 28 मई की दोपहर को असद ने सूर्या को फोन किया। उसने सूर्या को बकरीद की पार्टी के बहाने मिलने के लिए चौधरी स्कूल के पास वाली गली नंबर 2 में बुलाया।सूर्या अपने दोस्त आयुष और विक्की के साथ असद से मिलने पहुँचा था। विक्की और आयुष ने आँखों देखा हाल बताते हुए बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया। विक्की ने बताया कि जैसे ही वे गली में पहुँचे, वहाँ पहले से ही असद, नवाब, फरहान, आतिफ और सारिक समेत 5 से 6 मुस्लिम युवक हथियारों के साथ घात लगाकर बैठे थे बताया जा रहा है कि आते ही उन्होंने सूर्या को चारों तरफ से दबोच लिया। इसके बाद उन्होंने सांप्रदायिक और हिंसक टिप्पणी करते हुए पूछा कि क्या कभी बकरा हलाल होते देखा है? बताया गया है कि आरोपितों ने चिल्लाते हुए कहा कि आज बकरीद है और आज कुबार्नी इस हिंदू लड़के की देंगे। यह कहते ही सभी आरोपितों ने सूर्या पर बड़े चाकुओं से हमला बोल दिया। उन्होंने सूर्या के पेट, सीने और शरीर के अन्य हिस्सों पर ताबड़तोड़ कई वार किए। हमला इतना बर्बर था कि चाकुओं की गोदने की वजह से सूर्या की आंतें तक बाहर आ गईं।मौके पर चीख-पुकार और शोर मच गया। शोर सुनकर पास ही मौजूद सूर्या का भाई यश चौहान और उसकी माँ दौड़ते हुए घटना स्थल की तरफ भागे। परिजनों को अपनी तरफ आता देख सभी मुस्लिम हमलावर खून से लथपथ सूर्या को तड़पता हुआ छोड़कर मौके से फरार हो गएपरिजन आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल सूर्या को नोएडा के सेक्टर-62 स्थित फोर्टिस अस्पताल लेकर पहुँचे। वहाँ डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद अगले दिन यानी 29 मई को दोपहर करीब 12 बजे सूर्या ने दम तोड़ दिया। सूर्या की मौत की खबर जैसे ही खोड़ा इलाके में फैली, वहाँ भारी रोष और सांप्रदायिक तनाव की स्थिति बन गई। हिंदू समाज का कहना है कि यह केवल दो गुटों की लड़ाई नहीं, बल्कि बहुसंख्यक समाज की सुरक्षा पर सीधा प्रहार है। आपको बता दें कि यूपी के गाजियाबाद और इस से सटे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के आस-पास के क्षेत्रों में हत्या के कुछ हालिया मामलों में मुस्लिम समुदाय से जुड़े आरोपियों के नाम सामने आए हैं। हालांकि, पुलिस जांच और आधिकारिक रिपोर्टों में इन घटनाओं को सुनियोजित या समुदाय-विशिष्ट घृणा के बजाय मुख्य रूप से आकस्मिक विवादों, पुरानी दुश्मनी या आपसी रंजिश का परिणाम बताया गया है।

## चीन ने अंतरिक्ष में भेजा आर्टिफिशियल इंसानी भ्रूण



जितेन्द्र कुमार सिन्हा

मानव सभ्यता हजारों वर्षों से पृथ्वी पर विकसित हुई है। यहां का गुरुत्वाकर्षण, वातावरण, जलवायु और जैविक परिस्थितियां इंसानी जीवन की बुनियाद रही हैं। लेकिन जैसे-जैसे विज्ञान आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे यह सवाल भी गहराता जा रहा है कि क्या मानव जाति हमेशा पृथ्वी तक सीमित रहेगी? यदि भविष्य में पृथ्वी किसी वैश्विक आपदा, जलवायु संकट, क्षुद्रग्रह टकराव या संसाधनों की कमी का सामना करे, तो क्या इंसान किसी दूसरे ग्रह पर जाकर अपनी सभ्यता कायम रख सकेगा? इसी सवाल का जवाब खोजने के लिए चीन ने एक ऐसा प्रयोग शुरू किया है जिसने दुनिया के वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। अब तक अंतरिक्ष में इंसान, रोबोट, उपग्रह और प्रयोगशालाएं भेजी जाती थी, लेकिन पहली बार चीन ने आर्टिफिशियल इंसानी भ्रूण को अंतरिक्ष में भेजा है। यह प्रयोग केवल वैज्ञानिक जिज्ञासा नहीं है बल्कि मानव इतिहास की दिशा बदलने वाला कदम माना जा रहा है। चीन ने अपने कार्गो अंतरिक्ष मिशन तियानझोऊ-10 के जरिए कई वैज्ञानिक प्रयोगों को अपने स्पेस स्टेशन तक पहुंचाया। इन्हीं प्रयोगों में सबसे चर्चित रहा कृत्रिम मानव भ्रूण पर अध्ययन। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य केवल अंतरिक्ष स्टेशन को खाद्य सामग्री या उपकरण पहुंचाना नहीं था, बल्कि भविष्य की अंतरिक्ष सभ्यता की संभावनाओं को जांचना भी था। वैज्ञानिक यह समझना चाहते हैं कि क्या अंतरिक्ष में मानव विकास संभव है? क्या शून्य गुरुत्वाकर्षण में भ्रूण सामान्य रूप से विकसित हो सकता है? कॉस्मिक रेडिएशन का प्रभाव क्या होगा? क्या भविष्य में चंद्रमा या मंगल ग्रह पर जन्म संभव होगा? ये प्रश्न आज विज्ञान कथा जैसे लगते हैं, लेकिन चीन इन्हें प्रयोगशाला में बदल रहा है। इस प्रयोग को लेकर सबसे बड़ी गलतफहमी यही है कि चीन ने ह्लअसली मानव बच्चाह्न अंतरिक्ष में भेज दिया है। ऐसा नहीं है। प्रोजेक्ट मैनेजर यू लेकियान के अनुसार, वैज्ञानिक स्टेम सेल्स की मदद से एक ऐसा ढांचा तैयार करते हैं जो शुरूआती मानव भ्रूण जैसा व्यवहार करता है। इसे वैज्ञानिक भाषा में ह्लएेु१८ङ्क-ऽ्ी र३१४३४१ीह्न कहा जाता है। इनकी कुछ विशेषताएं होती हैं. यह शुरूआती भ्रूण की तरह कोशिकीय गतिविधि दिखाता है। कोशिकाओं का विभाजन होता है। जैविक संकेत उत्पन्न होते हैं और विकास के शुरूआती चरणों की नकल करता है। लेकिन इनमें वास्तविक इंसान बनने की क्षमता नहीं होती है। इसलिए यह नैतिक और कानूनी विवादों से कुछ हद तक बच जाता है। स्टेम सेल्स मानव शरीर की ऐसी कोशिकाएं हैं जो विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं में बदल सकती हैं। इन्हें शरीर की ह्लमास्टर सेल्सह्न भी कहा जाता है। वैज्ञानिक विशेष परिस्थितियों में इन्हें नियंत्रित करके विभिन्न जैविक संरचनाएं तैयार कर सकते हैं। प्रक्रिया कुछ इस प्रकार काम करती है कि पहले स्टेम सेल्स को लैब में विकसित किया जाता है। फिर उन्हें खास जैव-रासायनिक संकेत दिए जाते हैं। इसके बाद कोशिकाएं स्वयं एक संरचना बनाने लगती हैं जो प्राकृतिक भ्रूण जैसी दिखती है। यहीं से वैज्ञानिक मानव विकास के शुरूआती रहस्य समझने लगते हैं। धरती पर हर जीव गुरुत्वाकर्षण के साथ विकसित हुआ है। लगभग 3.7 अरब वर्षों के विकासक्रम में शरीर की प्रत्येक कोशिका पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुरूप ढली है। लेकिन अंतरिक्ष में स्थिति पूरी तरह बदल जाती है। मुख्य चुनौतियां हैं अंतरिक्ष में वस्तुएं लगभग भारहीन हो जाती हैं। जबकि शरीर में रक्त प्रवाह बदल जाता है। हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। मांसपेशियां सिकुड़ती हैं और कोशिकाओं का व्यवहार बदलता है। यदि वयस्क शरीर प्रभावित होता है तो भ्रूण पर प्रभाव और भी गहरा हो सकता है। पृथ्वी को उसका चुंबकीय क्षेत्र खतरनाक विकिरण से बचाता है। अंतरिक्ष में सौर विकिरण, गैलेक्सीय कॉस्मिक किरणें और उच्च ऊर्जा कण, सीधे जैविक संरचनाओं से टकराते हैं। ये डीएनए को नुकसान पहुंचा सकते हैं। भ्रूण जैसी संवेदनशील संरचना पर इसका असर बेहद गंभीर हो सकता है। धरती पर प्रयोगशाला में वैज्ञानिक तुरंत हस्तक्षेप कर सकते हैं। लेकिन अंतरिक्ष स्टेशन पर जगह सीमित, उपकरण सीमित और समय सीमित होता है। इसलिए वहां प्रयोग करना बहुत कठिन है। यदि भविष्य में मानव जाति को मंगल या चंद्रमा पर बसना है, तो केवल लोगों को वहां भेजना पर्याप्त नहीं होगा। सभ्यता तब टिकेगी जब नई पीढ़ियां जन्म लें, बच्चे बड़े हों, समाज विकसित हो। यदि अगली पीढ़ी पैदा नहीं हो सकती, तो किसी ग्रह पर स्थायी बसावट संभव नहीं होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### किशोरी से यौन उत्पीड़न के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

ग्रेटर नोएडा। जिला न्यायालय ने किशोरी का अपहरण कर यौन उत्पीड़न करने के आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी। किशोरी के पिता ने सेक्टर बीटा-2 कोतवाली में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। अधिवक्ता टीकम सिंह भाटी ने बताया कि आरोपी कार चालक विजेंद्र 22 मार्च को किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पिता ने इस मामले में आरोपी कार चालक विजेंद्र के खिलाफ सेक्टर बीटा-2 कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस की छानबीन में पता चला था कि आरोपी ने एक सप्ताह तक किशोरी को हरिद्वार में रखा और उसका यौन शोषण किया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

### सीबीएसई ऑन स्क्रीन मार्किंग के बारे में बताया

गाजियाबाद। सीबीएसई ऑन स्क्रीन मार्किंग एवं प्रभावी हस्तलेखन विषय पर राइट इंस्टीट्यूट ने सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें बताया गया कि ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली में उत्तर पुस्तिकाओं को कंप्यूटर स्क्रीन पर जांचा जाता है। एक प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें डीपीएसजी स्कूल की आरोही, सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल के आदित्य, डीपीएस राजनगर एक्सटेंशन की रियांश और प्रेसीडियम स्कूल के प्रथम को सम्मानित किया गया।

### टेबल टेनिस में स्वर्ण पदक जीतने पर प्रियंका अरोड़ा सम्मानित

ग्रेटर नोएडा। लखनऊ में 9 से 13 मई तक आयोजित ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन और टेबल टेनिस क्लस्टर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रियंका अरोड़ा को मंगलवार को पुलिस कमिश्नर ने सम्मानित किया। उन्हें पदक और सम्मान राशि प्रदान की गई। गौतमबुद्ध नगर में हेड कांस्टेबल पद पर तैनात प्रियंका अरोड़ा ने महिला वर्ग की टेबल टेनिस स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया था। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने उन्हें 25 हजार की धनराशि प्रदान की। प्रतियोगिता में देशभर की राज्य पुलिस और पैरामिलिट्री बलों की 42 टीमों के करीब 1200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। प्रियंका अरोड़ा इससे पहले ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में चार स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीत चुकी हैं। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी उन्होंने दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते हैं। वे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा सम्मानित हुई है और उन्हें पुलिस महानिदेशक प्रशंसा चिन्ह (रजत) से भी नवाजा गया है। अब वह अक्टूबर 2026 में अहमदाबाद में प्रस्तावित अगली ऑल इंडिया पुलिस प्रतियोगिता की तैयारी में जुट गई हैं।

### नो पार्किंग जोन में खड़े वाहन, एक लाख से ज्यादा चालान काटे

नोएडा। जनवरी 2026 से लेकर मई 2026 के दौरान शहर में करीब 106688 वाहनों पर नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने पर कार्रवाई की गई। वहीं, बीते साल जनवरी से दिसंबर के बीच 245922 और 2024 में 253697 वाहनों के नो पार्किंग जोन में खड़े होने पर चालान काटे गए थे। ये संख्या हर साल इतनी ही है। हर साल औसतन ढाई लाख वाहनों पर नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने पर कार्रवाई की जाती है। शहर की छोटी से लेकर बड़ी बाजारों में भी नोएडा प्राधिकरण की पार्किंग बनीं हैं। कमर्शियल कॉम्पलेक्स, मॉल, पार्क, मेट्रो स्टेशन समेत तमाम सार्वजनिक स्थान पर पार्किंग की व्यवस्था है। हालांकि इसके लिए वाहन मालिक को शुल्क जरूर अदा करना पड़ता है। इतनी जगह पार्किंग के स्थान हैं फिर भी वाहन सड़कों पर खड़े हो रहे हैं। सड़क पर वाहन खड़ा करने से लग रहा जाम सड़क पर खड़े वाहन जाम का कारण भी बन रहे हैं। सुबह-शाम मुश्किल और बढ़ जाती है। होशियारपुर में तो अधिकतर वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं। बैंक्वेट हॉल के बाहर वाहन खड़े होने के कारण लंबा जाम लगता है। ट्रैफिक पुलिस ने इसके लिए नोटिस जारी कर चेतावनी भी दी लेकिन कोई खास असर नहीं पड़ा। मेट्रो स्टेशन के बाहर भी कुछ ऐसी ही स्थिति रहती है। नो पार्किंग में खड़े वाहनों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है ताकि वे सड़क किनारे वाहन न खड़ा करें। इन वाहनों के कारण जाम लगता है। साथ ही वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक भी किया जाता है।

### शुल्क वृद्धि का विरोध, डीएम को ज्ञापन सौंपा

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट स्थित सुपरटेक इको विलेज-1 में कॉमन एरिया मेंटेनेंस (सीएम) शुल्क बढ़ाने को लेकर निवासियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। बुधवार को निवासियों ने ज्ञापन सौंपा। निवासियों ने अपनी चिंताएं व्यक्त करते हुए कहा कि हाल ही में शुल्क वृद्धि को लेकर उन्हें पर्याप्त जानकारी और ब्योरा नहीं दिया गया। इस विषय पर अधिक स्पष्टता और पारदर्शिता की जरूरत है। प्रतिनिधिमंडल ने मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। निवासियों ने यह भी बताया कि पहले भी संबंधित स्तर पर अपनी बात रखी थी। अब फिर से प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।

### महिला पर हमला, हत्या की धमकी

दादरी। बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के बिसनोली गांव के पास महिला पर नकाबपोश बदमाशों ने हॉकी और तमंचा से हमला कर मोबाइल तोड़ दिया। आरोपियों ने विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता मूलरूप से कासगंज निवासी ज्योति कुमारी ने धर्मेंद्र, अनुज व तीन अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक ज्योति किराये के मकान में माता-पिता के साथ रहती हैं। काफी समय से पति से विवाद चल रहा है। महिला का आरोप है कि पति फैसला करने का दबाव बना रहा है। 21 मई को भी पति के भेजे दो बदमाशों ने जीडीएस कॉलोनी के पास हमला किया। उपचार के एक सप्ताह बाद महिला ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी के मुताबिक आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## नोएडा में 10 हजार डुप्लीकेट वोटर मिलने का दावा

### सपा ने चुनाव आयोग से मांगी उच्चस्तरीय जांच

प्रात: किरण संवाददाता




समाजवादी पार्टी नोएडा संगठन ने नोएडा विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए भारत निर्वाचन आयोग को शिकायत भेजी है। पार्टी का दावा है कि स्थानीय स्तर पर किए गए परीक्षण में करीब 10 हजार डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान हुई है। आरोप है कि कई लोगों के नाम पर दो, तीन, चार और कुछ मामलों में उससे अधिक वोटर आईडी कार्ड जारी हैं, जबकि कई नाम अलग-अलग बूथों पर दर्ज पाए गए हैं।सपा नोएडा अध्यक्ष आश्रय गुप्ता की ओर से मुख्य निर्वाचन आयुक्त को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि हाल ही में मतदाता सूची के व्यापक पुनरीक्षण (रक्फ) को पारदर्शी और तकनीकी रूप से सक्षम प्रक्रिया बताया गया था। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में डुप्लीकेट मतदाताओं का सामने आना गंभीर सवाल खड़े करता है।पत्र में निर्वाचन आयोग से पूछा गया है कि यदि यह प्रशासनिक लापरवाही है तो अब तक कितने अधिकारियों पर कार्रवाई हुई है हाईटेक सत्यापन प्रक्रिया के बावजूद एक ही व्यक्ति के नाम पर कई वोटर आईडी और अलग-अलग बूथों पर पंजीकरण कैसे हो गया। समाजवादी पार्टी ने नोएडा की संपूर्ण मतदाता सूची का स्वतंत्र निरीक्षण और दोबारा सत्यापन कराने की मांग की है।तथ्यों को किया जाए सार्वजनिक पार्टी ने कहा कि डुप्लीकेट मतदाताओं को हटाने की समय-सीमा तय की जाए और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी निर्धारित हो। सपा संगठन ने पत्र में कहा कि उनका उद्देश्य किसी संस्था की छवि को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाना है। पार्टी ने निर्वाचन आयोग से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर तथ्यों को सार्वजनिक करने की मांग की है।

## आबकारी विभाग का सिपाही रिश्वत लेते पकड़ा

- गाजियाबाद में तीन मदरसे सील; बिजली कनेक्शन भी काटा

प्रात: किरण संवाददाता



मोदीनगर,चंद्रशेखर त्यागी। एंटी करप्शन मेरठ यूनिट ने बुधवार को आबकारी विभाग के सिपाही को छह हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ लिया। सिपाही ठेका संचालक से प्रत्येक माह छह हजार रुपये की मांग कर रहा था।गाजियाबाद के गांव सिहानी निवासी भीम सिंह का गांव तलहेटा में शराब का ठेका है। आरोप है कि आबकारी विभाग में मोदीनगर सर्किल में तैनात सिपाही जगत सिंह प्रत्येक माह छह हजार रुपये देने का दबाव बना रहा था। आरोप है कि रुपये न देने पर सिपाही ने ठेका संचालक का एक माह के अंदर 18 हजार रुपये का चालान भी काट दिया था। प्रत्येक माह रुपये न देने पर ठेका बंद तक कराने की धमकी दी जा रही थी। भीम सिंह ने बताया कि इसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत मेरठ यूनिट की एंटी करपशन विभाग में की। एंटी करप्शन की टीम के प्रभारी कैलाश चंद्र अपनी टीम के साथ बुधवार दोपहर में मोदीनगर तहसील पहुंची और भीम सिंह को केमिकल लगे नोट दिए। भीम सिंह आबकारी विभाग के कार्यालय पहुंचे और सिपाही जगत सिंह को छह हजार रुपये दिए। इसी दौरान एंटी करप्शन टीम ने उसे दबोच लिया। टीम उसे लेकर मोदीनगर थाने पहुंची और मुकदमा दर्ज कराया। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने कहा कि एंटी करप्शन टीम प्रभारी की तहरीर पर मोदीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## 1.80 करोड़ मांगने का विरोध, पत्नी समेत छह पर प्राथमिकी

- आरोप- पत्नी ने वैवाहिक संबंध बनाने से मना किया, परिवार में चल रहा था तनाव

प्रात: किरण संवाददाता

दादरी। मायचा गांव के एक परिवार से एक करोड़ 80 लाख रुपये मांगने का विरोध करने पर युवक की शिकायत पर उसकी पत्नी समेत छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़ित हैप्पी ने बताया कि उनकी और उनके भाई सागर की शादी दो दिसंबर 2019 को नवादा गांव निवासी काजल और मनीषा के साथ हुई थी। शादी बिना दान-दहेज के संपन्न हुई थी। विवाह के दौरान हैप्पी के पिता ने दोनों बहुओं को उपहार स्वरूप आभूषण और अन्य कीमती सामान दिए थे। शादी के बाद मनीषा ने अपने पति सागर के साथ वैवाहिक संबंध बनाने से मना कर दिया, जिससे परिवार में तनाव बढ़ गया। परिजनों ने कई बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। परिवार का आरोप है कि मनीषा बिना बताए घर से आती-जाती रही, जिसका परिजनों ने विरोध किया। वहीं काजल भी अपनी बहन का साथ देती रही, जिससे करीब एक वर्ष तक परिवार में विवाद बना रहा। शिकायत के अनुसार, इसके बाद दोनों बहनों ने परिवार से एक करोड़ 80 लाख रुपये की मांग की। दोनों बहनों के परिजनों ने भी धमकियां दिलवाई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हैप्पी के पिता हरिराम पर मानसिक दबाव बनाया गया, जिसके चलते उन्होंने आत्महत्या का प्रयास किया। प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार मिश्रा ने बताया कि हैप्पी ने विजय, ओमप्रकाश, आजाद, नितिन, काजल और मनीषा के खिलाफ कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में लगी है।

## महामाया स्टेडियम में बैडमिंटन हॉल इसी माह से शुरू होगा

प्रात: किरण संवाददाता

गाजियाबाद। जिले के बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है। महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में इसी माह से खिलाड़ी खेलते हुए नजर आएंगे। जिला खेल विभाग ने इस माह से इसे शुरू करने को लेकर काम तेज कर दिया है। महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में कई वर्ष पहले जिले के बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए बैडमिंटन हॉल बनाया गया था। हॉल में खेलने के लिए तीन कोर्ट बनाए गए थे। देखरेख के अभाव में बैडमिंटन हॉल बदहाल हो गया। इसके बाद जिला खेल विभाग ने बैडमिंटन हॉल के जीर्णोद्धार कराने का प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी के लिए शासन को भेजा था, जिसे स्वीकृति प्रदान कर दी गई। इसके बाद बैडमिंटन हॉल के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया गया था। अब बैडमिंटन हॉल के जीर्णोद्धार का कार्य पूरा हो चुका है। इसे अब इस माह से ही शुरू करने की तैयारी है। जिला खेल क्रीड़ाधिकारी राम मिलन ने बताया कि इस माह से बैडमिंटन हॉल में प्रशिक्षण की शुरूआत हो जाएगी। हॉल में खिलाड़ियों के लिए तीन नए वुडन कोर्ट लगाए गए हैं। लाइटिंग का कार्य कुछ दिनों के अंदर पूरा हो जाएगा। हॉल में खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए उपयुक्त लाइट की सुविधा होगी। अनुभवी प्रशिक्षक की देखरेख में अभ्यास करने की सुविधा मिलेगी।पिछले दिनों मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ ने महामाया स्टेडियम का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने सभी खेलों के मैदान व इससे संबंधित जानकारी खेल विभाग के अधिकारियों से ली। उन्होंने स्टेडियम में टेबल टेनिस के खेल की शुरूआत कराने को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया था। इसके बाद जिला खेल विभाग स्टेडियम में टेबल टेनिस के खेल की शुरूआत करने में जुट गया है। उप खेल क्रीड़ाधिकारी मधु अवस्थी ने बताया कि स्टेडियम के हॉल में इस खेल के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। खिलाड़ियों के लिए सभी संसाधन भी मुहैया कराए जाएंगे। अधिकारियों के अनुसार बैडमिंटन हॉल शुरू होने के बाद स्टेडियम में नियमित अंतराल पर बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। टेबल टेनिस की होगी शुरूआत महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में जल्द टेबल टेनिस के खेल की शुरूआत करने की तैयारी है। इसके लिए जिला खेल विभाग स्टेडियम के हॉल में इस खेल से जुड़ी आवश्यक व्यवस्थाएं व संसाधन प्रदान कराने को लेकर जुट गया है। सरकारी स्टेडियम में इस खेल के प्रशिक्षण की शुरूआत होने से जनपद के बड़ी संख्या में युवा टेबल टेनिस खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिलेगा।

## फर्जी मुकदमे में फंसाकर लाखों वसूलने की धमकी का आरोप

प्रात: किरण संवाददाता

गाजियाबाद। गोविंदपुरम के कैलाशपुरम इलाके में रहने वाले युवक ने अपनी पत्नी, सास और पड़ोसी युवक पर झूठे दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाकर लाखों रुपये की अवैध वसूली करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। कविनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कैलाशपुरम निवासी अवनेश उर्फ रिंकू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका विवाह 16 फरवरी 2023 को हरियाणा के पलवल निवासी अंजली के साथ सामाजिक रीति-रिवाजों के तहत हुआ था। आरोप है कि शादी के तीन दिन बाद ही पत्नी मायके चली गई और उसने कहा कि शादी उसकी इच्छा के विरुद्ध कराई गई है तथा वह किसी अन्य युवक से प्रेम करती है। पीड़ित का कहना है कि विवाह के बाद पत्नी घर में लगातार विवाद करती थी और विरोध करने पर आत्महत्या की धमकी देती थी। स्थिति बिगड़ने पर उसने सास सुनीता को जानकारी दी, जिसके बाद परिजन अंजली को अपने साथ ले गए। इसके बाद अंजली कभी वापस नहीं लौटी। अवनेश ने आरोप लगाया कि उसके पड़ोस में रहने वाला सनी ठाकुर उसकी पत्नी के घर पलवल आता-जाता था। शक होने पर उसने जानकारी जुटाई तो पता चला कि पत्नी अंजली, उसकी मां सुनीता, सनी ठाकुर और उसका साथी अभिषेक मिलकर उसके खिलाफ साजिश रच रहे हैं।पीड़ित के मुताबिक आरोपियों ने उसे दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी और इसके एवज में 10 से 12 लाख रुपये की मांग की।

## युवती को दिनभर डिजिटल अरेस्ट कर तीन लाख रुपये ठगे

प्रात: किरण संवाददाता

ट्रांस हिंडन। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में एक युवती को डिजिटल अरेस्ट कर तीन लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। युवती के खिलाफ शिकायत मिलने की बात कहकर छह घंटे तक उन्हें फोन कॉल पर रखा और इसी दौरान मैसेज करके तीन लाख रुपये की ठगी की। कार्रवाई नहीं करने के लिए रुपये देने का दबाव बनाया गया। घटना 28 मई की है, पीड़ित युवती ने थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। वसुंधरा सेक्टर-18 में रहने वाली उन्नति सोनी ने पुलिस को बताया कि उनके पास 28 मई की सुबह लगभग साढ़े 11 बजे फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को साइबर क्राइम अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके खिलाफ शिकायत मिली है और उनका एक वीडियो भी उनके पास है। फोन करने वाले ने वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी दी। आरोप है कि उन्हें साढ़े पांच बजे तक लगातार फोन कॉल पर उन्हें रखा। इस दौरान कार्रवाई के लिए तमाम फर्जी वारंट आदि मैसेज के रूप में आते रहे। रुपये नहीं देने पर उनका वीडियो सोशल मीडिया पर डालने और शिकायत के आधार पर कार्रवाई करने के लिए धमकाया जाता रहा। युवती का कहना है कि उन्होंने समाज में बदनामी के डर से कई बार में 3.19 लाख रुपये बताए गए खातों में भेज दिए। इसके बाद और रुपयों की मांग की। इसके बाद में उन्हें साइबर ठगी का आभास हुआ। उन्होंने साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत करने के साथ इंदिरापुरम थाने के साइबर सेल में शिकायत की।

## यातायात पुलिसकर्मी ने पीछा कर लुटेरे को दबोचा

प्रात: किरण संवाददाता

नोएडा। यातायात पुलिस में तैनात टीएसआई ने मंगलवार को अपनी जान की परवाह किए बिना लुटेरे को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी को पकड़ने के दौरान धक्का-मुक्की में टीएसआई की एक उंगली में फ्रैक्चर हो गया, लेकिन उन्होंने आरोपी नहीं छोड़ा। सेक्टर-37 चौराहे पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे टीएसआई रमेश पंवार की नजर एक संदिग्ध युवक पर पड़ी। वह चलती बस में सवार एक यात्री का मोबाइल फोन छीनकर भाग रहा था। टीएसआई ने बिना समय गंवाए उसका पीछा शुरू कर दिया। रमेश पंवार ने साहस का परिचय देकर उसे दबोच लिया। आरोपी को पकड़ने के दौरान हुई धक्का-मुक्की में टीएसआई घायल हो गया। उसके हाथ में चोट आई और एक उंगली में फ्रैक्चर हो गया। इसके बावजूद उन्होंने आरोपी को नहीं छोड़ा और उसे सफलतापूर्वक पकड़कर थाना सेक्टर-39 पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बाद में उपचार के लिए उन्हें अस्पताल भेजा गया।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पुलिसकर्मी केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपनी जान जोखिम में डालने से भी पीछे नहीं हटते। टीएसआई की तत्परता के चलते पीड़ित का मोबाइल बरामद हो सका और आरोपी को कानून के शिकंजे में लाया गया।पुलिस कमिश्नर ने सम्मानित कियापुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने टीएसआई रमेश पंवार के साहस और उत्कृष्ट पुलिसिंग भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे पुलिसकर्मी पूरे पुलिस बल के लिए प्रेरणा हैं। उनके साहसिक कार्य के सम्मान में पुलिस कमिश्नर ने उन्हें 5100 रुपये का पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

## पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था परखी

नोएडा। सेंट्रल नोएडा जोन के सर्किल तीन के एसीपी राजीव कुमार गुप्ता ने पुलिस बल के साथ थाना सूरजपुर क्षेत्र में फुट पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गश्त के दौरान उन्होंने बाजारों, प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया। एसीपी ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि संदिग्ध वाहनों की बैरिकेडिंग लगाकर सघन जांच की जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा जाए। उन्होंने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। साथ ही पीसीआर और पीआरवी वाहनों को लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने को कहा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल और मजबूत हुआ है।

## छात्रों ने एआई की बारीकियां सीखीं

प्रात: किरण :रिपोर्टर :मनोज जैन



नोएडा। सेक्टर 62 स्थित आईएमएस नोएडा में आयोजित समर स्कूल के दौरान विद्यार्थियों ने आईटी मॉड्यूल की जानकारी दी गयी। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से जनरेटिव एआई, एथिकल हैकिंग, रोबोटिक्स एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स तथा वेब डेवलपमेंट जैसी तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। आईएमएस नोएडा की डीन (सीआरसी एवं मैनेजमेंट) डॉ. वर्तिका चतुर्वेदी ने कहा कि बुधवार को समर स्कूल के दौरान प्रशिक्षकों ने छात्रों को जनरेटिव एआई के विभिन्न अनुप्रयोगों, कंटेंट निर्माण, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जिम्मेदार उपयोग के बारे में जानकारी दी। वहीं एथिकल हैकिंग सत्र में साइबर सुरक्षा के मूल सिद्धांतों, नेटवर्क सुरक्षा, डिजिटल खतरों की पहचान तथा डेटा सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। वहीं आज के कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि समर स्कूल के तीसरे दिन विद्यार्थियों को आईटी मॉड्यूल की जानकारी दी गयी। बुधवार को छात्रों ने सेंसर आधारित परियोजनाओं, स्मार्ट डिवाइसों और स्वचालित प्रणालियों के निर्माण की प्रक्रिया को समझा। इसके साथ ही वेब डेवलपमेंट प्रशिक्षण में वेबसाइट डिजाइनिंग, फ्रंट-एंड डेवलपमेंट, यूजर इंटरफेस तथा आधुनिक वेब तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्रोजेक्ट्स और गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करते हुए अपनी रचनात्मकता और तकनीकी समझ का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षकों ने छात्रों को उद्योग जगत में इन तकनीकों की बढ़ती मांग और उनके करियर अवसरों के बारे में भी जानकारी दी।

## बाइक सवारों ने युवक से चेन छीनी

ग्रेटर नोएडा। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने युवक के गले से सोने की चेन छीन ली और भाग गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जितेंद्र कुमार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह नवादा गांव में रहते हैं। वह सोमवार रात करीब 8:30 बजे घर के बाहर टहलने के लिए निकले थे। वह गांव से बाहर वैष्णो देवी मंदिर के समीप पहुंचे तो बाइक सवार दो बदमाश उनके गले से सोने की चेन छीनकर ले गए। पीड़ित ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की, लेकिन बदमाशों का कोई पता नहीं चला। कोतवाली प्रभारी का कहना कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज देख रही है। लुटेरों का पता लगाकर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## नोएडा में 25 लाख के ड्रग्स के साथ 2 गिरफ्तार

- 37 किलो गांजा पकड़ा, उड़ीसा-पश्चिम बंगाल से साड़ियों में छिपाकर तस्करी

प्रात: किरण संवाददाता



नोएडा पुलिस ने 2 बड़े गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 37 किलो 696 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। इसकी बाजार में कीमत करीब 25 लाख है। साथ ही 39 साड़ियां बरामद की गई हैं। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि दिल्ली के रहने वाले शुभम पाठक और उसके साथी शिवम दुबे को गिरफ्तार किया गया। दोनों स्नातक तक पढ़े हैं। मास्टरमाइंड शुभम है। दोनों को सेक्टर-17 से पकड़ा गया। दोनों करीब दो साल से गांजा तस्करी कर रहे थे। इनकी आजिविका का साधन ही यही है। उन्होंने बताया कि शुभम और शिवम दोनों ही उड़ीसा और अन्य पर्वतीय राज्यों से गांजा मंगवाते है और दिल्ली एनसीआर में सप्लाई करते हैं। यहां महंगे दामों पर बेचते हैं। साड़ियों के बीच में आता गांजा ये लोग पर्वतीय क्षेत्रों के सप्लायरों के संपर्क में है। वहां से बल्क में साड़ियों को मंगवाते है। इन साड़ियों की पैकिंग के बीच में गांजा सप्लाई किया जाता है। साड़ियों को कोरियर के जरिए आधे अधूरे पते पर मंगवाते हैं। ऐसे में कोरियर करने वाला जब इनको फोन करता तो उससे डिलिवरी लेते हैं। इसके बाद छोटे छोटे पैकेट में गांजा भरकर बेचते हैं। हाई क्वालिटी का गांजा पूछताछ में बताया कि गांजे को साड़ियों की पैकिंग में इस तरह से छिपाया जाता था ताकि जांच के दौरान किसी प्रकार का शक नहीं होता है। ये गांजा उच्च गुणवत्ता का है, जिसे ओडिशा, आंध्र प्रदेश व पर्वतीय क्षेत्रों में पाई जाने वाली विशेष पत्तियों को सुखाकर, बार-बार केमिकल प्रोसेस करके तैयार किया जाता है। जिससे इसकी मादक क्षमता सामान्य गांजे की तुलना में कई गुना अधिक हो जाती है। इसकी मांग बाजार में ज्यादा है।

## नोएडा एयरपोर्ट तक तीन रूट पर ई-बसें चलेगी

प्रात: किरण संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक तीन रूट पर इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने के लिए रूट का निर्धारण किया है। यह बस सेवा 10 जून तक शुरू होगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 15 जून से उड़ानें शुरू करने की तैयारी है। इससे पहले यात्रियों के लिए बस सेवा शुरू की जानी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने नोएडा एयरपोर्ट तक 110 बसों के संचालन का आदेश दिया है। इसी के तहत तीनों प्राधिकरण अपने-अपने स्तर पर रूट का निर्धारण करने में जुटे हैं। यमुना विकास प्राधिकरण ने क्षेत्र में तीन रूट तय किए हैं। सीईओ आरके सिंह ने बताया कि तीनों रूट पर लोगों की आवाजाही ज्यादा होती है। यमुना सिटी के सेक्टर-22डी में काफी लोग रहते हैं। लोग पूर्व में बस संचालन की मांग कर चुके हैं। वहीं, 60 मीटर रोड वाले रूट पर दो विश्वविद्यालय हैं, यहां ग्रेनो और दिल्ली से सैकड़ों छात्र पढ़ने आते हैं। इससे उन्हें भी आसानी होगी, जबकि परी चौक से वाया नोएडा एयरपोर्ट वाले रूट पर लोगों को कम समय में गंतव्य तक पहुंचने की सहूलियत मिलेगी। जल्द ही इन तीनों रूट पर बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

**10 जून तक संचालन शुरू होगा**

पहला रूट : ग्रेटर नोएडा के परी चौक से वाया यमुना एक्सप्रेसवे होते हुए नोएडा एयरपोर्ट तक होगा।

दूसरा रूट : परी चौक से 60 मीटर सड़क, नोएडा इंटरनेशनल विश्वविद्यालय, गलगोटिया विश्वविद्यालय और रबुपूरा होकर नोएडा एयरपोर्ट तक होगा।

तीसरा रूट : नोएडा एयरपोर्ट से यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर-22डी होते हुए ग्रेटर नोएडा तक होगा।

## गौड़ ग्रीन एवेन्यू में टावर के नीचे रास्ता बनाने का काम शुरू

प्रात: किरण संवाददाता

ट्रांस हिंडन। इंदिरापुरम स्थित गौड़ ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में 28 अप्रैल को लगी भीषण आग को बुझाने में रास्ते में बना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बाधा बना था। आग के बाद प्रशासनिक जांच में भी यह खामी सामने आई थी। वहीं आरडब्ल्यूए ने भी इसे तोड़ने का फैसला किया था। मंगलवार से यहां तोड़फोड़ शुरू हो गई है। गौड़ ग्रीन एवेन्यू के नौवें तल स्थित एक फ्लैट में भीषण आग लग गई थी, जिसमें कई लोग फंस गए थे। साथ ही 21 फ्लैट आग की चपेट में आए थे। दमकल की गाड़ी आग वाले टावर के नीचे नहीं पहुंच पाई थी, क्योंकि यहां बेसमेंट पार्किंग के गेट के अलावा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स था। साथ ही स्विमिंग पूल की दीवार के कारण रास्ता और संकरा हो गया है।प्रशासनिक जांच में यह खामी पाए जाने पर जीडीए ने इसे हटाने के निर्देश दिए थे।

## माल की आपूर्ति के नाम पर लाखों रुपये हड़पे

प्रात: किरण संवाददाता

गाजियाबाद। नंदग्राम थानाक्षेत्र में माल सप्लाई के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आंध्र प्रदेश के एक व्यापारी ने गाजियाबाद की एक कंपनी के मालिक और उसके बेटे पर ऑर्डर लेने के बाद समय पर माल की आपूर्ति न करने और रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर नंदग्राम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में आंध्र प्रदेश के अनंतपुर निवासी रामाकांत ने बताया कि वह अमृथा फर्टिलाइजर्स नाम से कारोबार करते हैं। उन्होंने 18 जुलाई 2025 को गाजियाबाद स्थित इंडियन गियर एंटरप्राइजेज कंपनी को कुल 14.37 लाख रुपये का ऑर्डर दिया था। आरोप है कि ऑर्डर फाइनल होने के दौरान कंपनी संचालक अफसर खान और उसके बेटे रहीस खान ने तय समय में पूरा सामान उपलब्ध कराने का भरोसा दिया था। भरोसे में आकर उन्होंने उसी समय सात लाख रुपये का भुगतान कर दिया। कुछ समय बाद आरोपियों ने उत्पादन और सप्लाई प्रक्रिया का हवाला देकर अतिरिक्त भुगतान की मांग की। इस पर उन्होंने तीन सितंबर 2025 को दो लाख रुपये और दे दिए। इसके बावजूद समय पर सामान नहीं भेजा गया।काफी कोशिशों के बाद आरोपियों की ओर से केवल करीब 3.50 लाख रुपये का सामान भेजा गया, जबकि शेष माल रोक लिया गया। उनका आरोप है कि जब उन्होंने बाकी सामान या रुपये वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करने लगे और बाद में साफ इनकार कर दिया। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि शिकायत के आधार पर दो जून को आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ नंदग्राम थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## एमडीपी में जापानी तकनीक से उपकरण तैयार होंगे

प्रात: किरण संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। यमुना सिटी के सेक्टर-28 स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क में जापानी तकनीक से चिकित्सा उपकरण तैयार होंगे। जापानी कंपनियां अपनी तकनीक साझा करेंगी। एमडीपी में कार्यों की निगरानी के लिए अब संयुक्त कार्य समूह भी बनाया जा चुका है। इसमें दोनों पक्षों के अधिकारी और प्रतिनिधि शामिल हैं। यह प्रक्रिया मेडिकल एक्सीलेंस जापान (एमईजे) के साथ छह मई को हुए समझौता के तहत की गई है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारी ने बताया कि सेक्टर-28 में 350 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जा रहा है। यहां अब तक 101 भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है। वहीं, एक कंपनी में उत्पादन भी शुरू हो गया है। इसके अलावा करीब 10 कंपनियों में निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि मेडिकल डिवाइस पार्क में कंपनियां गंभीर बीमारियों से इलाज और बचाव के लिए उपकरण तैयार करेंगी। ऐसे में यीडा और एमईजे मिलकर चिकित्सा उपकरण उद्योग में नवाचार, निवेश और प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए विशेषज्ञता एवं संसाधनों का उपयोग करेंगे। इस संबंध में छह मई को समझौता हो चुका है। अब दोनों पक्षों के बीच संयुक्त कार्य समूह बनाया गया है।

# लियोन मेसी से रोनाल्डो तक...

## इन दिग्गज फुटबॉलर्स का हो सकता है आखिरी विश्व कप, 5 की उम्र है 40 से ज्यादा



**नई दिल्ली।** अमेरिका, कनाडा और मेक्सीको की मेजबानी में फीफा वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत 11 जून को होनी है। यह इतिहास का सबसे बड़ा फुटबॉल वर्ल्ड कप होगा। इसमें 48 टीमें हिस्सा लेंगी। इस फुटबॉल विश्व कप में लियोनल मेसी, क्रिस्टियानो रोनाल्डो और मोहम्मद सालेह जैसे दिग्गज खेलते दिखेंगे। इन 3 खिलाड़ियों समेत 13 दिग्गज खिलाड़ी हैं, जो आखिरी बार फुटबॉल विश्व कप में दिख सकते हैं।

### लियोनल मेसी (अर्जेंटीना, 39 साल)

डिफेंडिंग चैंपियन लियोनल मेसी का यह रिकॉर्ड छठा विश्व कप होगा। मेसी ने पिछले विश्व कप के बाद ही कह दिया था वह उनका आखिरी विश्व कप हो सकता है। हालांकि, ऐसा हुआ नहीं। वह इस विश्व कप में भी खेलते दिखेंगे। 39 साल के हो चुके मेसी फिटनेस से जूझ रहे हैं। वह शायद ही आगे खेल पाएं।

### लुका मॉड्रिक (क्रोएशिया, 40)




मिडफील्डर लुका मॉड्रिक का यह पांचवां वर्ल्ड कप होगा। क्रोएशिया की वह आखिरी बार कप्तानी करते दिख सकते हैं। अएसी मिलान के लिए खेलते हुए घरेलू मैच के दौरान गाल की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया था, लेकिन उनकी सर्जरी सफल रही और वह एक प्रोटेक्टिव फेशियल मास्क पहनकर ट्रेनिंग पर लौट आए। क्रोएशिया के मैनेजर ज्लाटको डालिक ने फिर भी टीम में शामिल किया, जिससे टीम के लिए उनकी लगातार अहमियत का पता चलता है।

### मैनुअल न्यूएर (जर्मनी, 40)

जर्मनी के दिग्गज खिलाड़ी मैनुअल न्यूएर का यह पांचवां वर्ल्ड कप होगा। उन्होंने संन्यास वापस लिया है। यूरो 2024 के बाद न्यूएर पहले हट गए थे, लेकिन जर्मनी के मैनेजर जूलियन नेगल्समैन ने उन्हें वापसी के लिए मना लिया। उन्होंने कन्फर्म किया कि बायर्न म्यूनिख के अनुभवी खिलाड़ी एक बार फिर देश के फर्स्ट-चॉइस गोलकीपर होंगे।

### एडिन (बोस्निया और हर्जेगोविना, 40)



बोस्निया और हर्जेगोविना के क्वालिफिकेशन ने देश के सबसे महान फुटबॉलर को करियर अंत करने का बेहतरीन मौका दिया है। जेको ने पूरे क्वालिफिकेशन में अहम भूमिका निभाई और मैनेजर सर्गेज बारबारेज के की राष्ट्रीय टीम के अटैक का सेंटर पॉइंट बने रहे। यह अनुभवी स्ट्राइकर टूर्नामेंट में बोस्निया के अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाला और मैच खेलने वाला खिलाड़ी के तौर पर उतरेगा, जिसने कई सालों तक देश की उम्मीदों को अपने कंधों पर उठाया है।



### गुइलेर्मो ओचोआ (मेक्सिको, 40)

मेक्सिको के महान गोलकीपर ने एक बार फिर एल ट्राई की टीम में जगह पक्की कर ली है। गोलकीपरों की नई पीढ़ी से उन्हें कड़ी टक्कर मिल रही है। ओचोआ ने कई टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन की वजह से फुटबॉल के सबसे बड़े वर्ल्ड कप स्पेशलिस्ट में से एक के तौर पर नाम कमाया है। दुनिया की कुछ सबसे मजबूत टीमों के खिलाफ उनका शानदार प्रदर्शन मेक्सिको के मॉडर्न वर्ल्ड कप इतिहास का एक अहम हिस्सा बन गया है।

### मोहम्मद सालाह (मिस्र, 33)

लिवरपूल के सुपरस्टार मिस्र के फुटबॉल का चेहरा हैं और पूरे देश की उम्मीदों को लेकर टूर्नामिंट में उतरे हैं। सालाह क्लब फुटबॉल में टॉप लेवल पर परफॉर्म करते रहे हैं और दुनिया के सबसे खतरनाक अटैकिंग खिलाड़ियों में से एक हैं। वह अपने करियर के शीर्ष पर हैं। इसके बावजूद उम्र और आने वाले वर्ल्ड कप साइकल को देखते हुए 2026 टूर्नामिंट उनके लिए आखिरी वर्ल्ड कप हो सकता है।





### नेमार जूनियर (ब्राजील, 34)

कार्लो एंसेलोटी ने नेमार को ब्राजील की टीम में शामिल किया है, लेकिन उनके दाहिने पिंडली में ग्रेड-टू स्ट्रेन है। इस चोट ने उनकी उपलब्धता पर संशय पैदा कर दिया है, लेकिन सेलेकाओ के लिए उनकी अहमियत पर कोई सवाल नहीं है।

### निकोलस ओटामेंडी (अर्जेंटीना, 38)

अनुभवी डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी ने लियोनेल स्कालोनी के प्लान में अपनी जगह बनाए रखी है और उम्मीद है कि वह अर्जेंटीना के युवा डिफेंडरों के साथ मिलकर मौजूदा चैंपियन को अपना टाइटल बचाने में मदद करेंगे। ओटामेंडी टीम के सबसे अनुभवी सदस्यों में से एक हैं। यह उनका चौथा वर्ल्ड कप होगा। इससे पहले वह 2010, 2018 और अर्जेंटीना के 2022 के विजयी कैंपेन का हिस्सा थे।

### कासेमिरो (ब्राजील, 34)



मैनचेस्टर यूनाइटेड के मिडफील्डर को कार्लो एंसेलोटी की आखिरी 26 खिलाड़ियों की टीम में शामिल किया गया है और वह ब्राजील के सबसे असरदार खिलाड़ियों में से एक हैं। यह कासेमिरो का चौथा वर्ल्ड कप होगा और उम्मीद है कि यह उनके इंटरनेशनल करियर का आखिरी चैप्टर होगा।

### वर्जिल वैन डाइक (नीदरलैंड्स, 34)

लिवरपूल के कप्तान नीदरलैंड्स की अगुआई करने की तैयारी कर रहे हैं, जिसे काफी हद तक उनका आखिरी वर्ल्ड कप माना जा रहा है। क्वालिफिकेशन के बाद वैन डाइक ने संकेत दिए थे कि 2026 का टूर्नामिंट उनका आखिरी इंटरनेशनल टूर्नामिंट हो सकता है, जिसके बाद वह ओरांजे की ड्यूटी से हट जाएंगे।

### जेम्स रोड्रिगेज (कोलंबिया, 34)

कोलंबिया के कप्तान और मशहूर नंबर 10 खिलाड़ी रोड्रिगेज 2014 में वैश्विक स्तर पर तब छाए जब उन्होंने सिर्फ पांच मैचों में छह गोल करके गोल्डन बूट जीता और कोलंबिया को उसके पहले वर्ल्ड कप क्वार्टर-फाइनल में पहुंचाया।



### क्रिस्टियानो रोनाल्डो (पुर्तगाल, 41 साल)

रोनाल्डो को रॉबर्टो मार्टिनेज की पुर्तगाल टीम में चुना गया है। मेसी के अलावा वह भी छठी बार वर्ल्ड कप में हिस्सा लेंगे। अल-नसर के कप्तान ने हाल ही में अपना पहला सऊदी प्रो लीग टाइटल जीता है। दो दशक से भी पहले पुर्तगाल के लिए डेब्यू करने के बाद से यह उनका 13वां बड़ा इंटरनेशनल टूर्नामेंट भी होगा। रोनाल्डो ने संकेत दिए हैं कि टूर्नामेंट उनका आखिरी बड़ा इंटरनेशनल टूर्नामेंट हो सकता है।

# ‘वर्ल्ड चैंपियन होने से बेहतर कुछ नहीं’

## फीफा वर्ल्ड कप 2026 से पहले बोले फ्रांस के हेड कोच डेसचैम्प्स



**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रांस के हेड कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने फीफा वर्ल्ड कप जीतने को फुटबॉल की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया है। टीम की कमान संभालते हुए अपने चौथे वर्ल्ड कप और आखिरी टूर्नामेंट की तैयारी करते हुए डिडिएर ने कहा कि ‘वर्ल्ड चैंपियन होने से बेहतर कुछ नहीं है’। विश्व कप 2026 से पहले ‘फीफा’ से बात करते हुए डेसचैम्प्स ने फ्रांस के साथ अपने शानदार सफर के बारे में बताया, जिसमें उन्होंने 1998 में कैप्टन और 2018 में कोच के तौर पर ट्रॉफी जीती थी। उन्होंने कहा, ‘मैं क्लब लेवल, चैंपियंस लीग और भी बहुत कुछ जीतने के लिए काफी खुशकिस्मत रहा हूं, लेकिन वर्ल्ड चैंपियन होने से बढ़कर कुछ नहीं है। आपका नाम वहीं रहता है, लेकिन दो शब्द हमेशा के लिए जुड़ जाते हैं: ‘वर्ल्ड चैंपियन।’ 57 वर्षीय के डेसचैम्प्स फुटबॉल इतिहास के उन तीन लोगों में से एक हैं जिन्होंने प्लेयर और कोच दोनों के तौर पर वर्ल्ड कप जीता है। उनके अलावा यह कारनामा ब्राजील के मारियो जागालो और जर्मनी के फ्रांज बेकनबाउर ही कर सके हैं। अगर इस गर्मी में वह एक और खिताब जीत लेते हैं, तो यह उनकी विरासत को और मजबूत कर देगा। इससे वे ऐसे पहले कोच बन जाएंगे जिन्होंने खिलाड़ी और कोच दोनों रूप में वर्ल्ड कप ट्रॉफी जीती है, और बतौर कोच दो बार वर्ल्ड कप जीतने का रिकॉर्ड भी उनके नाम हो जाएगा। अपनी उपलब्धियों के बावजूद डेसचैम्प्स ने जोर देकर कहा कि वह अतीत के बारे में नहीं सोच रहे हैं। उन्होंने कहा, ‘मैं हमेशा सिर्फ आज और कल के बारे में सोचता हूं; मैं बस ऐसा ही हूं। सच कहूं तो और कुछ मायने नहीं रखता। मैं आगे क्या होने वाला है, इस पर फोकस कर रहा हूं। 1998 और 2018 में जो हुआ, वह हमेशा मेरे साथ रहेगा, लेकिन जो बीत गया उसे कोई नहीं बदल सकता। अब मायने यह रखता है कि हम आगे क्या करते हैं।’ फ्रांस 2018 में वर्ल्ड कप जीतने और 2022 में फाइनल में पहुंचने के बाद इस बार भी खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। हालांकि, डेसचैम्प्स ने चेतावनी दी कि सिर्फ प्रतिष्ठा से सफलता नहीं मिलेगी। ‘हमने अपने नतीजों की वजह से उम्मीदें बनाई हैं। हमने 2018 में ट्रॉफी उठाई और 2022 में फाइनल में पहुंचे, इसलिए हमारे समर्थकों को उम्मीद है कि हम आखिर में फिर से वहां होंगे। हम उन 10 या 12 देशों में से एक हैं जो असल में वर्ल्ड चैंपियन बनने का सपना देख सकते हैं। हालांकि, विजेता सिर्फ एक ही होगा और कई निराश टीमें होंगी। खेल में बदला जैसी कोई चीज नहीं होती। यह अब इतिहास है। यह एक नया चैप्टर है।’ फ्रांस फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत सेनेगल के खिलाफ करेगा, जिसके बाद ग्रुप स्टेज में नॉर्वे और इराक से टीम का सामना होगा। अपने आखिरी वर्ल्ड कप की तैयारी करते हुए डेसचैम्प्स ने माना कि उन्होंने फ्रांस के बाद की जिंदगी के बारे में ज्यादा नहीं सोचा है और उनका पूरा ध्यान खेल के सबसे बड़े अवार्ड को पाने के आखिरी मौके पर है- एक बार फिर वर्ल्ड चैंपियन बनना।

# टी20 वर्ल्ड कप से पहले किया सरेंडर

# इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैच की सीरीज गंवाई



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने वूमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 से ठीक पहले इंग्लैंड के सामने सरेंडर कर दिया और 3 मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में भी भारत को 6 विकेट से हार मिली।

इस हार से साथ ही भारत ने इस टी20 सीरीज को 1-2 से गंवा दिया।

इस टी20 सीरीज के पहले मैच में भारत को जीत मिली थी, लेकिन फिर उसे इंग्लैंड की महिला टीम ने दूसरे और तीसरे मैच में हराते हुए सीरीज पर अपना कब्जा जमा लिया।

- **भारत की तैयारी का खुली पोल**– महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत 12 जून से इंग्लैंड में होगी और भारतीय महिला टीम इस आईसीसी टूर्नामिंट से ठीक पहले इंग्लैंड दौरे पर है। यहां पर भारत ने वर्ल्ड कप से शुरू होने से ठीक पर इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज खेली जिसे तैयारी की लिहाज से काफी अहम माना जा रहा था, लेकिन भारत ने इस सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ सरेंडर कर दिया और उसे हार का सामना करना पड़ा। अब भारत को इस सीरीज में मिली हार के बाद अपनी कमियों को दूर करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ मैदान पर उतरना होगा।
- **भारत को 6 विकेट से मिली हार**– इंग्लैंड के खिलाफ इस टी20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में पहले बैटिंग करते हुए कप्तान हरमनप्रीत कौर की 56 रन की अर्धशतकीय पारी साथ ही यास्तिका भाटिया और दिप्ती शर्मा की 32-32 रन की पारी के दम पर 20 ओवर में 5 विकेट पर 180 रन बनाए।

# ब्राजील के नाम सर्वाधिक 5 ‘फीफा वर्ल्ड कप’ खिताब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मेंस फीफा वर्ल्ड कप की शुरुआत साल 1930 में हुई थी, जिसके बाद से ‘22 बार’ इसका आयोजन किया जा चुका है। द्वितीय विश्व युद्ध के चलते साल 1942 और 1946 में इसका आयोजन नहीं हो सका था। ब्राजील फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास की सबसे सफल टीम है, जिसने अब तक के सभी 22 संस्करण के लिए क्वालीफाई किया है। साल 1904 में फुटबॉल की अंतरराष्ट्रीय गवर्निंग बॉडी ‘फीफा’ (फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन) को स्थापित किया गया था, जिसने साल 1920 में ओलंपिक में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया, जिसे इंटर-कॉन्टिनेंटल प्रतियोगिता के रूप में मान्यता दी गई। इसके 10 साल बाद पहली बार फीफा वर्ल्ड कप का आयोजन किया गया। फीफा वर्ल्ड कप



1950 को नॉकआउट प्रारूप में नहीं खेला गया था। उस संस्करण में चैंपियन का फैसला चार टीमों के अंतिम राउंड-रॉबिन समूह से हुआ, जिसमें उरुग्वे शीर्ष पर रहकर विश्व विजेता बना। वहीं, 1974 और 1978 के वर्ल्ड कप में भी सेमीफाइनल का प्रावधान नहीं था। उन टूर्नामिंट्स में दूसरे समूह चरण के परिणामों के आधार पर टीमों ने सीधे फाइनल और तीसरे स्थान के मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया था।

ब्राजील इकलौता ऐसा देश है, जिसने सभी 22 संस्करणों में हिस्सा लिया। 8 बार सेमीफाइनल और 6 बार फाइनल खेलने वाले इस देश ने साल 1958, 1962, 1970, 1994 और 2002 में कुल 5 बार खिताब अपने नाम किया।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वच्छ ऊर्जा अपनाने हेतु जन-जागरुकता फैलाने अवादा भारत उदय यात्रा भोपाल पहुंची

**भोपाल, एजेंसी।** स्वच्छ ऊर्जा बनाने वाली कंपनी अवादा ग्रुप की ओर से आयोजित अवादा भारत उदय यात्रा भोपाल पहुंची। स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की राष्ट्रव्यापी अभियान के दौरान भोपाल में इस यात्रा के माध्यम से स्थानीय नागरिकों और संस्थाओं को टिकाऊ ऊर्जा और पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली से जोड़ने का प्रयास किया गया। अवादा ग्रुप के पास 17.7 जीडब्ल्यूक्यू से अधिक का स्वच्छ ऊर्जा पोर्टफोलियो है। जो कंपनी की मजबूत निष्पादन क्षमताओं को दर्शाता है।8 मई 2026 को कंपनी के नोएडा ऑफिस से रवाना हुई यह यात्रा एक राष्ट्रव्यापी जागरुकता आंदोलन के इरादे से आगे बढ़ रही है। इसका लक्ष्य है जमीनी स्तर पर लोगों के बीच स्वच्छ ऊर्जा की समझ को मजबूत करना ताकि वे इसे अपनाएं और सस्टेनेबल रहन-सहन को बढ़ावा मिले, इस तरह भारत पहले से ज्यादा स्वच्छ और ज्यादा स्वावलंबी ऊर्जा युक्त भविष्य की ओर अग्रसर होगा। खास तौर पर डिजाइन की गई वैन अब तक उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित सात राज्यों और दस शहरों को कवर करते हुए लगभग 3226 किलोमीटर का फासला तय कर चुकी है। ऑन-ग्राउंड गतिविधियों और जन-भागीदारी कार्यक्रमों के माध्यम से यह यात्रा लोगों से सम्पर्क स्थापित करेगी। भोपाल में इस यात्रा को वहां के स्थानीय निवासियों, विद्यार्थियों व स्थानीय संस्थानों से बहुत उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली जिससे जाहिर होता है सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, पनबिजली जैसे नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों में जनता की रुचि बढ़ रही है। इस अवसर पर अवादा ग्रुप के चेयरमैन श्री विनीत मित्तल ने कहा, आज वह समय आ गया है जब हम पूरी तरह से प्राकृतिक ऊर्जा की ओर बढ़ें। बाहरी संसाधनों पर निर्भर रहने के बजाय खुद की ऊर्जा पैदा करना देश की सुरक्षा और तरक्की के लिए बहुत जरूरी है। 'अवादा भारत उदय यात्रा' के जरिए हम स्वच्छ ऊर्जा को हर घर तक पहुंचाना चाहते हैं ताकि यह केवल एक अभियान न रहकर एक जन-आंदोलन बन जाए।

### केरलम में ड्रग्स के खिलाफ शुरू हुआ ऑपरेशन तूफान

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरलम के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने मंगलवार को गृह विभाग की नशा विरोधी पहल ऑपरेशन तूफान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ड्रग्स का सेवन राज्य के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की 60 प्रतिशत से अधिक आबादी युवाओं की है और ड्रग माफिया सक्रिय रूप से उन्हें निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं पर नशीले पदार्थों का बुरा प्रभाव पड़ रहा है, जो पहले से कहीं अधिक क्रूर और बर्बर हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशीले पदार्थों के प्रभाव में आकर कई युवा अपने माता-पिता या परिवार के अन्य करीबी सदस्यों की हत्या तक कर दी है। उन्होंने कहा कि इस पहल में न केवल गृह विभाग बल्कि आबकारी और शिक्षा विभाग के साथ-साथ स्कूलों और अभिभावकों की भी भागीदारी आवश्यक है, ताकि नशीले पदार्थों का उन्मूलन किया जा सके। मुख्यमंत्री ने छात्रों से इस अभियान के राजदूत बनने का आग्रह किया।

### सैदुलाजाब इमारत हादसाः भवन स्वामी करमवीर जेलदार तीन दिन की पुलिस हिरासत में

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सैदुलाजाब गांव में पांच मंजिला इमारत ढहने की घटना में गिरफ्तार भवन स्वामी करमवीर जेलदार को मंगलवार को साकेत कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने इस मामले में कर्मवीर से आगे की पूछताछ के लिए पांच दिन की पुलिस हिरासत मांगी। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट निर्मला सिंह ने याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए आरोपित को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। सैदुलाजाब वेस्टएंड मार्ग के गली नंबर पांच स्थित मकान नंबर 145 विगत 30 मई की शाम को ढह गई थी। हादसे में छह लोगों की मौत हुई थी, जबकि आठ घायल हुए थे। घटना तीसरे दिन पुलिस ने 71 वर्षीय करमवीर जेलदार को गिरफ्तार किया था। वहीं हादसे से जुड़े बिल्डर मनीष खत्री और ठेकेदार सिराज अब भी फरार हैं। आरोपितों की तलाश में पुलिस की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं।मांग करते हुए कहा कि इमारत के स्वामित्व के रिकॉर्ड को सत्यापित करने और इस मामले में कथित तौर पर शामिल अन्य फरार व्यक्तियों की पहचान करने के लिए आरोपित से हिरासत में पूछताछ आवश्यक है।

# दिल्ली-यूपी समेत 17 राज्यों में भारी बारिश और ओले गिरने का अलर्ट, 90 की स्पीड से चलेगी हवा





**लखनऊ/दिल्ली, एजेंसी।** मौसम विभाग के मुताबिक, केरल में मानसून कभी भी दस्तक दे सकता है। मौसम विभाग ने आज दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड सहित देश के 17 राज्यों में भारी बारिश, ओलावृष्टि और 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज आंधी का अलर्ट जारी किया है।

मानसून की इस दस्तक के बीच, एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती हवाओं के क्षेत्र के कारण उत्तर, पूर्व और मध्य भारत के मौसम में भारी उथल-पुथल शुरू हो गई है। बिहार में भीषण लू का कहर जारी रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण पहाड़ी से लेकर मैदानी राज्यों तक मौसम का मिजाज बदला हुआ है।

दिल्ली-एनसीआर में सुबह से आंशिक रूप से बादल छाए रहने और दोपहर या शाम को धूल भरी आंधी चलने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक आज 50 से 70 किमी/घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं और हल्की बारिश का अनुमान है।

उत्तर प्रदेश के जिलों में गरज-चमक के साथ तेज आंधी (50-60 किमी/घंटा) और बौछारें पड़ने की चेतावनी है। वहीं, पूर्वी हिस्सों में मौसम मुख्यतः शुष्क और गर्म रहेगा, हालांकि कुछ स्थानों पर धूल भरी हवाएं चल सकती हैं। राजस्थान में आज ओलावृष्टि और धूल भरी आंधी का 'ऑरेंज अलर्ट' है। वहीं, राजस्थान में 50 से 70 किमी/घंटे की रफ्तार से अंधड़ चलने की आशंका है।

**पंजाब और हरियाणा का मौसम का हालः** दोनों राज्यों में आज मौसम खराब रहेगा। तेज आंधी-तूफान के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। तेज हवाओं और बौछारों के कारण चिलचिलाती गर्मी से राहत मिलेगी और तापमान में 2-4एष्ट की कमी आएगी।

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश और बर्फबारी की आशंका

हिमाचल प्रदेश के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में हल्की बर्फबारी और निचले इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है।

वहीं, उत्तराखंड के कई जिलों में आज बिजली कड़कने, तेज हवाएं चलने और मध्यम बारिश का अनुमान लगाया गया है। पर्यटकों को पहाड़ी रास्तों पर सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

### राजस्थान में तूफान-बारिश से हुए हादसों में तीन की मौत

राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के कारण पिछले तीन दिनों से राज्य के करीब एक दर्जन जिलों में मध्यम से भारी बारिश हुई है। सीमावर्ती जिलों जैसलमेर एवं बाड़मेर में सोमवार देर रात धूलभरे तूफान और बारिश के कारण हुए अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हुई है। बाड़मेर में दो अलग-अलग गांवो में कच्चे घर की दीवार ढहने से दो मासूमों की मौत हो गई।

## दो दिन में कूड़ाघर बने नोएडा के सेक्टर, घरों तक नहीं पहुंच रहीं कूड़ा गाड़ियां

**नोएडा, एजेंसी।** स्मार्ट और मेट्रो सिटी के रूप में पहचान बना चुका नोएडा इन दिनों कूड़ा प्रबंधन की बदहाल व्यवस्था से जूझ रहा है। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर के अधिकांश सेक्टरों में कूड़े के ढेर लग गए हैं। डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण सेवा पूरी तरह प्रभावित होने से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है।



सोमवार से अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ और अखिल भारतीय सफाई मजदूर परिषद के बैनर तले करीब 1500 सफाई कर्मचारी सेक्टर-8 में हड़ताल पर बैठे हैं। कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया है, जिसका सीधा असर शहर की सफाई व्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। कई सेक्टरों में दो दिनों से कूड़ा नहीं उठाया गया है, जिससे सड़क किनारे और कूड़ा संग्रहण स्थलों पर कचरे के ढेर लग गए हैं।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के नगर अध्यक्ष साधु मकवाना ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में मृतक 12 कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी देना और वेतन को ग्रेटर नोएडा के सफाई कर्मचारियों के समान करना शामिल है। उनका कहना है कि अब तक प्राधिकरण का कोई अधिकारी वार्ता के लिए नहीं पहुंचा है।

उधर, निवासियों का आरोप है कि कूड़ा उठाने के शुल्क बढ़ाए जाने के बावजूद व्यवस्था लगातार चरमराती जा रही है। एनवारी इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी द्वारा संचालित डोर-टू-डोर सेवा हड़ताल के कारण ठप पड़ी है। गर्मी के मौसम में कूड़े के ढेर से दुर्गंध फैल रही है और बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है। लोगों ने प्राधिकरण से जल्द समाधान निकालकर सफाई व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। दो दिनों से कूड़े वाले नहीं आ रहे हैं, कई लोगों ने कूड़े सड़क पर ही फेंकने शुरू कर दिए हैं जिससे जगह- जगह कूड़े के ढेर बन रहे हैं, गंदगी हो रही है।

## गुरुग्राम में सड़क हादसाः तेज रफ्तार रोड़ी मिक्सर ट्रक ने होमगार्ड को कुचला, मौत

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सेक्टर 65 थाना क्षेत्र के वर्ल्ड मार्क माल के पास मंगलवार रात नाकेबंदी के दौरान एक तेज रफ्तार रोड़ी मिक्सर ट्रक ने पुलिस बैरिकेड तोड़ते हुए ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड को कुचल दिया। इससे उसकी मौत हो गई। हादसे में पास खड़ी एक पुलिसकर्मी की कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। ड्राइवर ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मृतक की पहचान भिवानी के लिवासी गांव निवासी संदीप के रूप में हुई है। तीन दिन पहले ही उनका भिवानी से गुरुग्राम ट्रांसफर हुआ था। घटना की सूचना स्वजन को दी गई है।



पुलिस के अनुसार सेक्टर 65 स्थित वर्ल्ड मार्क माल के सामने एसआई देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में नाकेबंदी की गई थी। टीम में कान्स्टेबल सुमित, मंजीत, एसपीओ राजकुमार और होमगार्ड संदीप कुमार शामिल थे। रात करीब साढ़े 11 बजे होमगार्ड संदीप कुमार सड़क किनारे बैरिकेड के पास खड़े थे।

इसी दौरान एक रोड़ी मिक्सर ट्रक तेज रफ्तार में आया। ड्राइवर ट्रक पर नियंत्रण नहीं रख पाया और ट्रक सीधे बैरिकेड से टकरा गया। ट्रक ने पहले बैरिकेड को तोड़ा और फिर संदीप कुमार को कुचल दिया। हादसे में संदीप गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिसकर्मियों ने चालक को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठाकर ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिसकर्मी घायल संदीप कुमार को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए।

## बंगालः कॉलेज के यूनियन रूम में मिले दो ट्राली बैगों में भरे नोटों के बंडल, दीमकों ने चाट ली 'भ्रष्टाचार की रकम'

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल में भ्रष्टाचार और अकूत कैश मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पार्थ चटर्जी के ठिकानों के बाद अभी कुछ दिन पहले ही एक तृणमूल नेता के पाट के खेतों से करोड़ों रुपये मिले थे। इस के बाद मंगलवार को अब शिक्षा का मंदिर भी 'ब्लैक मनी' का अड्डा साबित हुआ है।

कोलकाता के सियालदह स्थित प्रसिद्ध सुरेंद्रनाथ कालेज के छात्र संघ (यूनियन) रूम की अलमारी से दो ट्राली बैग भरकर भारी संख्या में नकदी बरामद की हुई है।

हैरान करने वाली बात यह है कि बंद बैग में रखे इन नोटों के बंडलों को दीमकों ने बुरी तरह चाट लिया है। आरोप है कि यह रकम कालेज में अवैध दाखिलों के बदले छात्रों से वसूली गई रिश्वत की है, जिसे यूनियन रूम में छिपाकर रखा गया था।

मंगलवार को जब साफ-सफाई के लिए यूनियन रूम को खोला गया, तो अलमारी से दो संदिग्ध बक्से मिले। इन्हें खोलते ही वहां मौजूद लोगों के होश उड़ गए। बक्सों के भीतर 100 और 500-500 रुपये के नोटों की गड्डियां भरी हुई थीं, जिनमें से अधिकांश को दीमक खा चुके थे। जिस कमरे से यह 'धन' (छिपा हुआ खजाना) मिला, उसके ठीक बाहर पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के पोस्टर लगे हुए थे, जिससे इस मामले ने फौरन राजनीतिक तूल पकड़ लिया। इस घटना पर तीखा हमला बोलते हुए भाजपा विधायक सजल घोष ने कहा कि यह जनता और गरीब छात्रों के खून-पसीने की कमाई है। आखिर किसी के पास कितना काला धन होना चाहिए कि उसे संभालने का वक्त न मिले और उसे दीमक खा जाएं? हमने पहले ही दावा किया था कि इस कालेज के यूनियन फंड में डेढ़ करोड़ रुपये का हेरफेर है।



उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के संरक्षण में इस कालेज में करोड़ों रुपये के बदले सीटें बेची गईं और इसमें सत्तापक्ष के कई बड़े चेहरे शामिल हैं। फिलहाल इस सनसनीखेज बरामदगी के बाद दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग तेज हो गई है।

## ईरान ने संघर्ष के बाद अपने कई परमाणु कार्यक्रम बंद किए', आईएईए प्रमुख का बयान

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने दावा किया है कि ईरान-अमेरिका युद्ध के बीच तेहरान ने अपने कई परमाणु कार्यक्रम बंद कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए कड़े प्रतिबंध के बाद खुफिया जानकारियों से पता चला है कि ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रमों को सीमित किया है। ग्रॉसी का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब इस्राइल और लेबनान के बीच अमेरिका में चौथे दौर की बातचीत होनी है, जिसके लिए दोनों देशों के प्रतिनिधि वॉशिंगटन पहुंच चुके हैं।

अमेरिकी विदेश मार्को रूबियो ने मंगलवार को कहा कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम के पहलुओं पर बातचीत करने के लिए तैयार है। सीनेट की विदेश संबंधी समिति के सामने बोलते हुए रूबियो ने कहा, हम बात कर रहे हैं। हमारे सामने एक संभावना है, जो आज या कल हो सकती है या इसमें एक सप्ताह भी लग सकता है। पहली बार है, जब ईरान परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के लिए तैयार हुआ है। रूबियो ने होर्मुज खोलने की वकालत की और अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों को मुक्त रखने की मांग की। रूबियो ने जोर दिया कि यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य खोलता है, तो अमेरिका ईरानी बंदरगाहों पर नाकाबंदी को हटा देगा। उन्होंने यह भी बताया कि ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई जीवित हैं और अभी भी निर्णय लेने में शामिल हैं, लेकिन यह भी कहा कि मोजतबा केवल लिखित संदेश और मध्यस्थों के माध्यम से संवाद करता है। रुबियो ने कहा कि ईरान की बातचीत की प्रक्रिया बहुत केंद्रित प्रतीत होती है, ईरानी अधिकारियों द्वारा भेजे गए संदेशों के साथ एक मंजूरी के लिए परिषद को भेजा जाता है, एक प्रक्रिया जो उनके अनुसार प्रतिक्रिया देने से पहले तीन से पांच दिन तक का समय ले सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी और इजरायली हमले ईरान के मिसाइल और ड्रोन क्षमताओं को बहुत कम कर दिया है, लेकिन यह स्वीकार करते हुए कि तेहरान अभी भी बहुत सारे ड्रोन है, और यह नोट करते हुए कि ड्रोन का उत्पादन करना अपेक्षाकृत आसान है। इस्राइल और लेबनान के बीच चौथे दौर की यह बातचीत ऐसे समय हो रही है, जब सीमा पर हमले अभी भी हमले जारी हैं।

## इस्राइल का दक्षिणी लेबनान पर बड़ा हमला, धमाकों से दहले कई इलाके

**यरूशलम, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में इस समय वार्ता और वार दोनों साथ चल रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि उनके दखल के बाद इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच लड़ाई रुक गई है। ट्रंप के मुताबिक, इस्राइल अब बेरूत पर हमला नहीं करेगा और हिजबुल्ला भी गोलाबारी रोकेगा। साथ ही अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता भी आखिरी दौर में है। लेकिन जमीन पर हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। ट्रंप के इस दावे के कुछ ही घंटों बाद लेबनान की तरफ से दो रॉकेट दागे गए। इस्राइली वायुसेना ने इन्हें हवा में ही मार गिराया। दूसरी तरफ, ईरान ने भी अभी तक अमेरिकी शांति प्रस्ताव पर दस्तखत नहीं किए हैं। सूत्रों का कहना है कि ईरान सिर्फ वादों पर भरोसा नहीं करेगा।अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार इस्राइल ने दक्षिणी लेबनान के मरजयून जिले के ब्लाट कस्बे को निशाना बनाया है। इस्राइली सेना की ओर से यहां भीषण हमले जारी हैं। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि इससे पहले पास के दिब्बीन कस्बे में एक जोरदार धमाके की आवाज सुनी गई थी।

अमेरिका ने दावा किया है कि उसकी सेना ने क्षेत्र के पड़ोसी देशों को निशाना बनाने वाले ईरानी मिसाइलों और ड्रोन हमलों की एक श्रृंखला को नाकाम कर दिया है। इसके साथ ही अमेरिका ने ईरान के केश्म द्वीप पर जवाबी कार्रवाई भी की है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि तेहरान ने क्षेत्र में हवाई हमलों की एक लहर शुरू की थी। सैन्य कमांड ने नोट किया कि ईरान ने क्षेत्रीय पड़ोसियों की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। हालांकि, सभी अपने लक्ष्यों को भेदने में विफल रहीं। सेंटकॉम ने क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ की गई रक्षात्मक कार्रवाइयों का विवरण देते हुए खुलासा किया कि कुवैत पर दागी गई दो ईरानी मिसाइलें या तो लक्ष्य तक नहीं पहुंचीं या रास्ते में ही नष्ट हो गईं। वहीं, बहरीन पर लॉन्च की गई तीन मिसाइलों को अमेरिकी और बहरीन की वायु रक्षा बलों ने तुरंत रोक लिया। अल जजीरा की एक रिपोर्ट के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने पुष्टि की है कि वैश्विक परमाणु निगरानी संस्था संयुक्त अरब अमीरात को व्यापक समर्थन दे रही है। यह समर्थन पिछले महीने ड्रोन हमले में निशाना बनाए गए परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आधिकारिक दौरे के बाद दिया गया है। ग्रॉसी ने कहा कि अधिकारियों ने बरकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र में हुई घटना पर असाधारण रूप से तीव्र परिचालन प्रतिक्रिया का प्रदर्शन किया और संयंत्र में बाहरी बिजली की आपूर्ति बाधित होने के तुरंत बाद रिएक्टर को बंद करने की प्रक्रिया को तेजी से अंजाम दिया। आईएईए प्रमुख ने आगे संकेत दिया कि सुविधा में मरम्मत के काम का पूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी आकलन और परिचालन गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की जानी है।

## जापान में पाकिस्तान की फजीहतः अवैध निर्माण के आरोपों में घिरी मस्जिद, पाकिस्तान राजदूत की मौजूदगी में हुआ था उद्घाटन

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के सइतामा प्रांत के कावागोए शहर में एक मस्जिद के निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि मस्जिद का निर्माण आवश्यक सरकारी अनुमतियों के बिना किया गया, जिसके बाद पाकिस्तान के दूतावास ने भी इस परियोजना से खुद को अलग कर लिया है और जापान में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों से स्थानीय कानूनों का पालन करने की अपील की है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कावागोए स्थित यह मस्जिद 4,500 वर्ग मीटर के उस भूखंड पर बनाई गई है जिसे पर्वतीय वन भूमि (माउंटेन फॉरेस्ट लैंड) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। यह क्षेत्र शहरीकरण नियंत्रण क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां विशेष अनुमति के बिना निर्माण कार्य सामान्यतः प्रतिबंधित होता है।

कावागोए नगर प्रशासन ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि संबंधित मस्जिद का निर्माण सिटी प्लानिंग एक्ट के तहत आवश्यक अनुमति प्राप्त किए बिना किया गया। प्रशासन के अनुसार, इस प्रकार के क्षेत्र में किसी भी निर्माण के लिए पहले स्थानीय निकाय से स्वीकृति लेना अनिवार्य है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि मार्च 2025 में इस भूमि का स्वामित्व एक फुजिमी स्थित रियल एस्टेट कंपनी से बदलकर कावागोए पते पर पंजीकृत एक अन्य कंपनी के नाम हो गया था। इसके बाद वहां मस्जिद का निर्माण किया गया।

उद्घाटन समारोह में कौन हुआ शामिल?

यह मामला इसलिए भी चर्चा में आया क्योंकि जापान में पाकिस्तान के राजदूत अब्दुल हमीद ने इस वर्ष मस्जिद के उद्घाटन समारोह में भाग लिया था। हालांकि, विवाद सामने आने के बाद पाकिस्तान दूतावास ने स्पष्ट किया कि उसे परियोजना के कानूनी पहलुओं की जानकारी नहीं थी। दूतावास ने 31 मई को जारी बयान में कहा कि राजदूत ने उद्घाटन समारोह में शामिल होने का निमंत्रण आयोजकों द्वारा यह आश्वासन दिए जाने के बाद स्वीकार किया था कि जापानी कानूनों के तहत सभी आवश्यक अनुमतियां प्राप्त कर ली गई हैं। दूतावास ने कहा कि वह किसी भी ऐसी परियोजना से जुड़ा नहीं है जो स्थानीय कानूनों का पालन नहीं करती।

सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक अन्य बयान में पाकिस्तान दूतावास ने जापान में रह रहे पाकिस्तानी समुदाय से सभी मामलों में जापानी कानूनों का पूर्ण पालन करने की अपील की। दूतावास ने कहा कि किसी भी धार्मिक स्थल के निर्माण से पहले स्थानीय प्रशासन से आवश्यक अनुमति लेना अनिवार्य है और बिना मंजूरी के कोई निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जाना चाहिए। दूतावास ने समुदाय से यह भी आग्रह किया कि ऐसे सभी परियोजनाओं की कानूनी स्थिति की जानकारी समुदाय के सदस्यों और स्थानीय निवासियों दोनों को दी जाए व संबंधित लोग जापानी अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग करें। इस बीच, याशियो मस्जिद के प्रतिनिधि और 62 वर्षीय पाकिस्तानी नागरिक शकील शेख मोहम्मद ने भी कावागोए मस्जिद परियोजना की आलोचना की।

## ब्राजील पर 25 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ का प्रस्तावः लूला बोले- ट्रंप बना रहे दबाव

**वाशिंगटन,एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने ब्राजील से होने वाले आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा है। अमेरिका का आरोप है कि ब्राजील की व्यापारिक नीतियां अनुचित हैं और वे अमेरिकी वाणिज्य पर बोझ डालती हैं। यह प्रस्ताव अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि की जांच के बाद सामने आया, जिसमें ब्राजील पर भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों के कमजोर क्रियान्वयन और असमान शुल्क नीतियों का आरोप लगाया गया है। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने इस फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने इसे आक्रोश के साथ प्राप्त किया है। लूला ने आरोप लगाया कि इस कदम के पीछे उनके



राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी और पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के बेटे सीनेटर फ्लावियो बोल्सोनारो की भूमिका है, जिन्होंने हाल ही में वाशिंगटन का दौरा किया था। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमिसन ग्रीर ने कहा कि ट्रंप प्रशासन और ब्राजील सरकार के बीच रचनात्मक बातचीत हुई है, लेकिन जांच में उठाए गए मुद्दों पर अब भी गंभीर मतभेद बने हुए हैं। लूला ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह लैटिन अमेरिकी देशों के प्रति नकारात्मक रुख रखते हैं और ब्राजील के साथ बेहतर संबंधों में बाधा बन रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि वाशिंगटन में ट्रंप के साथ हुई लंबी बातचीत के दौरान उन्होंने यह बात सीधे अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने भी रखी थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः संपादक देवन प्रसाद मो. 9212228045, 8130691216, (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, 9971557129 रंजीत राय फोन नं-011-45795464,